CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, गुरुवार 22 जनवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 292 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 3 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विधायिका समाज को दिशा देती है: योगी

पेज 2




बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम

खेल टाइम्स



नेताजी सुभाष की मृत्यु: आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य

सम्पादकीय




अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी


पेज 12

# पाक सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट हुआ सेना प्रमुख का वीडियो फर्जी: सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार पर आधारित सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के उस कथित वीडियो को फर्जी करार दिया है जिसमें दावा किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और चीन द्वारा इस्तेमाल की गई प्रौद्योगिकी तक पहुंचने में भारत को कम से कम 50 साल लगेंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने बुधवार को एक फैक्ट चेक पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख से जुड़ा एक डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किया गया वीडियो सामने आया है। यह वीडियो गलत जानकारी फैलाने और सशस्त्र बलों की विश्वसनीयता को कमजोर करने की कोशिशों के तहत जारी किया गया है। इस कथित वीडियो में जनरल द्विवेदी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी के मामले में अपने विरोधियों से काफी पीछे है। सरकार ने कहा है कि यह बयान पूरी तरह से मनगढ़ंत और फर्जी है। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि



जनरल द्विवेदी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें तथा भ्रामक सामग्री के बारे में जानकारी दें। यह मूल वीडियो 15 जनवरी को जयपुर में सेना दिवस परेड के दौरान जनरल द्विवेदी की मीडिया ब्रीफिंग का है। मूल बयान में सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की तेज और प्रभावी प्रतिक्रिया की सराहना की थी। उन्होंने बेहतर समन्वय, सटीक कार्रवाई और भविष्य के संघर्षों के लिए तैयारियों पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि इस ऑपरेशन ने भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया, बेहतर तालमेल और सटीक अभियान चलाने की क्षमता को दर्शाया है। उन्होंने कहा था कि सेना की सोच में बदलाव आया है और वह मौजूदा चुनौतियों के साथ-साथ भविष्य के युद्धों की तैयारी पर भी काम कर रही है।

## पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर कुपवाड़ा बॉर्डर पर की फायरिंग

■ भारतीय सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन किया शुरू

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बॉर्डर पर पाकिस्तान की ओर से 2 राउंड फायरिंग की गई। घटना केरन सेक्टर में मंगलवार देर रात हुई। सेना के सूत्रों के मुताबिक 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान केरन बाला इलाके में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे। इसी दौरान फायरिंग की गई। सीजफायर उल्लंघन पर भारतीय सेना ने भी जवाब दिया।

फायरिंग के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग घुसपैठियों की मदद के लिए की गई होगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर के कठुआ में मंगलवार रात भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया था। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किए थे। इसके अलावा रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। 11 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में 5 ड्रोन देखे गए थे।

## गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली समेत प्रमुख शहर हाई अलर्ट पर

■ संवेदनशील इलाकों में निगरानी हुई तेज

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले देश की खुफिया एजेंसियों ने खालिस्तानी आतंकी संगठनों और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों से संभावित खतरों के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' जारी किया है।

अलर्ट के मुताबिक दिल्ली और देश में कई अन्य प्रमुख शहर संभावित निशाने पर हो सकते हैं। इस इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है। खुफिया सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर कथित तौर पर खालिस्तानी और अन्य कट्टरपंथी विदेशी आकाओं के लिए 'फुट सोल्जर' के रूप में काम कर रहे हैं। आरोप है कि विदेश में बैठे ये आका देश की आंतरिक सुरक्षा को बिगाड़ने और अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए इन आपराधिक नेटवर्कों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हैं तथा खालिस्तानी आतंकवादी तत्वों के साथ उनके संबंध धीरे-धीरे मजबूत हो रहे हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिता बढ़ गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र राजभवन का नाम बदलकर जन भवन किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास 'राजभवन' का नाम परिवर्तित कर 'जन भवन' किया गया है। बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 'गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तन किया गया है।

विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व में 'राज भवन' के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब 'जन भवन' नाम दिया गया है।

### ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच भारत लौटा

**श्रीनगर।** ईरान में फंसे भारतीय छात्रों का दूसरा बैच मंगलवार रात को सुरक्षित भारत लौट आया है। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के मुताबिक, मौजूदा हालात के बीच यह वापसी छात्रों और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। जेकेएसए ने बताया कि छात्र दुबई और शारजाह के रास्ते एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-996 और एआई-930 से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। सभी छात्र अपने खर्च पर भारत लौटे हैं। अब तक 200 से अधिक भारतीय छात्र ईरान से भारत लौट चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या जम्मू-कश्मीर के छात्रों की है।

### तीन फरवरी से आम लोगों के लिए खुल जाएगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान आगामी तीन फरवरी से 31 मार्च तक आम लोगों के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने बुधवार को बताया कि आगंतुक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश 5.15 बजे) उद्यान में घूमने आ सकते हैं। उद्यान सोमवार को रखरखाव के लिए और 4 मार्च को होली के कारण बंद रहेगा। अमृत उद्यान के लिए पंजीकरण और प्रवेश नि:शुल्क है। बुकिंग अपेपज-तीजतंचंजपईअंद-हव अ-पद/ पर की जा सकती है। आगंतुक प्रवेश द्वार के बाहर बने स्वयं सेवा कियोस्क से सीधे टिकट भी ले सकते हैं।

# अवैध खनन से ऐसा नुकसान जिसकी भरपाई असंभव: सुप्रीम कोर्ट

## अरावली पर्वतमाला मामले में शीर्ष अदालत ने की अहम टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ अपना पुराना आदेश बरकरार रखा

■ अरावली क्षेत्र में खनन आदि की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला

■ कहा: अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंच सकती है। इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने अरावली क्षेत्र में खनन और उससे जुड़े सभी पहलुओं की व्यापक जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का फैसला किया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि अरावली जैसे संवेदनशील क्षेत्र में अवैध खनन केवल पर्यावरण ही नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी गंभीर खतरा है। अदालत ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी और एमिकस क्यूरी के. परमेश्वर को निर्देश दिए हैं कि वे चार सप्ताह के भीतर खनन से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, ताकि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जा सके। यह समिति सुप्रीम कोर्ट की निगरानी और मार्गदर्शन में कार्य करेगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि अरावली क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में अवैध खनन की गतिविधियां सामने आ रही हैं। इस पर राजस्थान सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने अदालत को आश्वस्त किया कि राज्य में किसी भी तरह का अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की एक समान परिभाषा को लेकर 20 नवम्बर को दिए गए अपने आदेश को फिलहाल स्थगित रखने का निर्णय भी बरकरार रखा है। अदालत ने इससे पहले कहा था कि नई परिभाषा में कुछ गंभीर अस्पष्टताएं हैं, जिनका समाधान किया जाना आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवम्बर को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली अरावली पर्वतमाला में नई खनन लीज जारी करने पर रोक लगा दी थी। यह रोक विशेषज्ञों की रिपोर्ट आने तक लागू की गई थी। यह निर्णय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समिति की सिफारिशों के आधार पर लिया गया था, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली का संरक्षण करना है। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित की जाने वाली विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर ही अरावली क्षेत्र में खनन और संरक्षण से जुड़े आगे के निर्णय लिए जाएंगे।

# सनातन पर उदयनिधि का बयान हेट स्पीच: मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई, वार्ता



■ कहा: तमिलनाडु के डिप्टी सीएम का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है

**मद्रास हाईकोर्ट** ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन की सनातन के खिलाफ की गई बातें हेट स्पीच के दायरे में आती हैं। कोर्ट ने यह टिप्पणी स्टालिन के तीन साल पुराने बयान को लेकर की। साल 2023 में उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि इसे मिटा देना चाहिए। इस बयान का काफी विरोध हुआ।

भाजपा आईटी विभाग के हेड अमित मालवीय ने स्टालिन के भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यह बयान देश के 80 फीसदी सनातन धर्म मानने वालों के खिलाफ है। हालांकि स्टालिन की डीएमके पार्टी के एक नेता ने उल्टा मालवीय के खिलाफ केस कर दिया। आरोप लगाया कि मालवीय ने स्टालिन के बयान को तोड़-मरोड़ के पेश किया। मालवीय ने एफआईआर के खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई। तीन साल बाद मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने अब एफआईआर को रद्द कर दिया है। जस्टिस एस. श्रीमथी ने कहा कि मालवीय ने स्टालिन के बयान पर केवल प्रतिक्रिया दी थी। ऐसी प्रतिक्रिया पर केस चलाना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि दुख की बात यह है कि हेट स्पीच देने वाले पर कोई केस नहीं, जबकि उस पर प्रतिक्रिया देने वाले पर एफआईआर दर्ज कर दी गई। आज की स्थिति में हेट स्पीच शुरू करने वाले बच जाते हैं और सवाल उठाने वालों को कानून का सामना करना पड़ता है। सनातन को खत्म करने जैसे शब्दों का अर्थ सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि उसे मानने वालों के अस्तित्व पर सवाल उठाने जैसा है, जो हेट स्पीच की श्रेणी में आता है। स्टालिन का यह बयान नरसंहार या संस्कृतिक नरसंहार का संकेत देता है।

## वायुसेना का ट्रेनी विमान तालाब में गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

■ दोनों पायलटों ने पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगाई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को भारतीय वायुसेना का एक ट्रेनी विमान तकनीकी खराबी के चलते दुर्घटनाग्रस्त होकर अचानक एक तालाब में गिर गया।

विमान में सवार दोनों पायलटों ने समय रहते पैराशूट खोलकर विमान से छलांग लगा दी। जिससे उनकी जान बच गई। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और तालाब में उतरकर दोनों पायलटों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

## सोना-चांदी में रिकॉर्ड तोड़ उछाल जारी

■ सोना 1.57 लाख के पार, चांदी भी 3.34 लाख की नई ऊंचाई पर

**नई दिल्ली।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना बुधवार को पहली बार 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

एक्सचेंज से मिली जानकारी के अनुसार, शाम 4.30 बजे सोना वायदा पिछले दिवस की तुलना में 7,132 रुपये (4.75 प्रतिशत) की तेजी के साथ 1,57,697 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। यह सोने का अब तक का उच्चतम स्तर है। चांदी ने भी 10,228 रुपये ( 3.16 प्रतिशत) की तेजी के साथ पहली बार 3,33,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड मुद्दे पर की गई कार्रवाई और दिए गए बयानों से विदेशों में भी निवेशकों ने सुरक्षित धातु की शरण ली जिससे सोने में तेजी देखी गई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोना वायदा 2.12 प्रतिशत उछलकर 4,867 डॉलर प्रति औंस बोला गया। यह पहली बार 4,800 डॉलर पर पहुंचा है। यह लगातार तीसरी तेजी है। चांदी में विदेशों में 0.42 प्रतिशत का उछाल आया और यह 0.394 डॉलर चढ़कर 95.03 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# मॉडर्न वॉर में एयर पावर निर्णायक: वायुसेना चीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: मजबूत सैन्य ताकत बनने को इस पर फोकस जरूरी

■ ऑपरेशन सिंदूर में पाक घुटनों पर आया



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने आधुनिक युद्ध में वायुसेना की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई हो या संघर्ष क्षेत्रों में ऑपरेशन, एयरफोर्स ने तेज और निर्णायक नतीजे दिए हैं।

नई दिल्ली में आयोजित 22वें सुब्रतो मुखर्जी सेमिनार को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में कई ठिकानों पर कुछ ही घंटों में हमले की क्षमता का जिक्र किया। चीफ मार्शल ने आगे कहा कि यदि हमें एक प्रभावशाली शक्ति बनना है तो इस हिस्से पर ध्यान केंद्रित करना बेहद जरूरी है। चाहे वह संघर्ष क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित निकालने की बात हो, आतंकवादी ढांचे और उनके अपराधियों पर प्रहार करना हो। या फिर कुछ ही घंटों में पाकिस्तान के ठिकानों पर हमला कर यह संदेश देना हो कि अब बहुत हो चुका है और उन्हें घुटनों पर लाया जा सके। हर जगह वायु शक्ति ने ही निर्णायक भूमिका निभाई है। ऑपरेशन सिंदूर सैन्य सटीकता और रणनीतिक संघर्ष समाधान का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा। यह अभियान 7 मई 2025 को शुरू किया गया था। ऑपेशन का मकसद 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्रों में मौजूद आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के 12 से 13 लड़ाकू विमान मार गिराए थे। इनमें जमीन पर मौजूद चार से पांच एफ-16 और हवा में पांच एफ-16 एवं जेएफ-17 शामिल थे। इसके अलावा दो जासूसी विमान भी तबाह किए गए। इससे पहले वायुसेना दिवस के अवसर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर चीफ ने बताया था कि एस-400 ट्रायम्फ 'सुदर्शन चक्र' लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली का इस्तेमाल कर पाकिस्तान के पांच लड़ाकू विमान गिराए गए थे।

# अनुज चौधरी पर FIR का आदेश देने वाले सम्भल जज का ट्रांसफर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उप्र में 14 और जजों के ट्रांसफर किए गए, कुछ जजों की जगह अदला- बदली भी की गई

**लखनऊ/ सम्भल।** उत्तर प्रदेश का सम्भल पिछले कई महीनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है। चर्चा में होने की कई वजहें रही हैं। पहले यहां हुई हिंसा और बाद में हुई कार्रवाई भी चर्चा की वजह बनी रही है। अब यहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर का ट्रांसफर हो गया है। यही वजह है कि एक बार फिर सम्भल फिर चर्चा में आ गया है।

खास बात यह है कि विभांशु सुधीर वही जज हैं, जिन्होंने 9 जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब सम्भल का नया सीजेएम आदित्य सिंह को बनाया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी की गई थी। इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं। कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। सबसे चौंकाने वाला नाम इस लिस्ट में सम्भल के सीजेएम का था। ऐसा इसलिए क्योंकि वह 9 जनवरी के बाद से ही चर्चा में बने हुए थे। सीजेएम विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान आदेश दिया था कि एएसपी अनुज चौधरी समेत अन्य 20 अन्य पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज किया जाए।

### सम्भल में वकीलों का प्रदर्शन

सम्भल में सीजेएम विभांशु सुधीर के ट्रासफर के बाद वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा है। बुधवार को दर्जनों वकीलों ने कोर्ट के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान वकीलों ने सीजेएम साहब को वापस लाओ के नारे लगाए।

**संक्षिप्त समाचार**

## महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत बिगड़ी मेदांता में भर्ती

**लखनऊ।** श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत अचानक फिर बिगड़ने पर बुधवार को इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर विशेषज्ञों की देख रेख में उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। उल्टी दस्त की समस्या के बाद महंत नृत्य गोपाल दास को लगातार कमजोरी महसूस होने पर चिकित्सक की निगरानी में रखा गया, लेकिन वह कुछ भी अन्न ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल के निदेशक डा. राकेश कपूर ने उनके भर्ती होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी आधे घण्टे पूर्व आए हैं। इमरजेंसी में महंत नृत्य गोपाल दास की जांच चल रही है। जांच के आधार पर इलाज की दिशा तय की जाएगी।

## पर्यावरण मंत्रालय में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन

**नई दिल्ली।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को यहां वंदे मातरम के सामूहिक गायन का आयोजन किया। मंत्रालय में सचिव तन्मय कुमार के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्र गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति में शामिल हुए और यहां इंदिरा पर्यावरण भवन में मंत्रालय के परिसर में राष्ट्रीय गीत के सामूहिक गायन की ध्वनि गूंजी। सामूहिक गायन का आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों में मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सोमवार 19 जनवरी से रविवार 26 जनवरी तक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष के स्मरणोत्सव के चरण-2 के हिस्से के रूप में मनाया जा रहा है।

### न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा

# विधायिका समाज को दिशा देती है : योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मुख्यमंत्री ने कहा: न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है
- भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस-2026: सीएम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है। मुख्यमंत्री ने यह बात लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की साक्षी बनी है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस सम्मेलन से सीधे जुड़े हैं, वे अपने अनुभवों के माध्यम से इसकी गंभीरता और उपयोगिता को महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य लोग मीडिया के जरिए इसकी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में शामिल सभी पीठासीन अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह मंच केवल संवाद का अवसर नहीं है, बल्कि यह तय करने का भी माध्यम है कि लो. कतांत्रिक संस्थाओं का उपयोग कैसे किया जाए और वे किस दिशा में आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है। उन्होंने कहा कि बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को इस वर्ष व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को एक साथ प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ सामने लाने का अवसर है। इस वर्ष केन्द्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के मुख्य अतिथि होंगे, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी।

## मुख्यमंत्री योगी ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इन पूर्वोत्तर राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और विकास की निरंतर प्रगति की कामना की। योगी आदित्यनाथ ने मेघालय राज्य के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुरातन परंपराओं के अनुपम प्रतीक मेघालय की पहचान उसकी प्रकृति, संस्कृति, संस्कार और लोक आस्था से है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह राज्य उन्नति और प्रगति के नए-नए आयाम गढ़ते हुए विकास की नवीन ऊंचाइयों को स्पर्श करता रहे।

# खड़गे-राहुल मनरेगा श्रमिकों से करेंगे सीधा संवाद

नई दिल्ली, वार्ता



- कार्यक्रम में देश के 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे

कांग्रेस ने गुरुवार को यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया है, जिसमें देश के करीब 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और मनरेगा को खत्म करने से हो रहे नुकसान पर व्यापक चर्चा करेंगे।

कांग्रेस रचनात्मक विभाग के प्रमुख संदीप दीक्षित ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा लोगों को अधिकार के रूप में मिला है, लेकिन भाजपा सरकार ने इस अधिकार को छीना है और कांग्रेस इसका विरोध कर रही है और इसकी बहाली के लिए देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मनरेगा में काम किया है उनके विचार से रू ब रू होने के मद्देनजर गुरुवार को यहां जवाहर भवन में संवाद कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें मनरेगा से जुड़े देशभर से आए लोग चर्चा करेंगे और आगे के लिए रणनीति बनाएंगे। इस कार्यक्रम में करीब 25 राज्यों से मनरेगा के रूप में काम करने वाले श्रमिकों के साथ ही मनरेगा के लिए काम करने वाले लोग भी शामिल होंगे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मनरेगा श्रमिकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बदलकर भाजपा जिस नए एक्ट (वीबी-जी राम जी) को लाई है, उसका कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। कई राज्यों और जिलों में 'मनरेगा बचाओ अभियान' चलाया जा रहा है। आखिर सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर हमला किया है। पंचायत के लोग इस कार्यक्रम में बताएंगे कि किस तरह से मनरेगा ने उनकी मदद की है और उनके गांवों में विकास कार्य हुआ है इन सब मुद्दों पर इसमें चर्चा की जाएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा योजना कोविड के समय में करोड़ों लोगो के लिए एक संजीवनी बनी थी। मनरेगा ने लोगों के मन में अपनी जगह बना ली थी। ऐसे में हमने तमाम ऐसी संस्थाओं से संवाद किया, जो किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए काम करते रहे हैं। संवाद और चर्चाओं में एक ही बात निकल कर आई है कि लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मनरेगा पर संवाद होगा और जो कार्यकर्ता हैं वे अपने विचार रखेंगे। ये वो लोग हैं, जिन्होंने

## खड़गे ने केरल कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि यह बैठक पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में 23 जनवरी को होगी। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा कांग्रेस नेतृत्व एक के बाद एक चुनावी राज्यों के नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक कर रहा है। इस वर्ष विधानसभा चुनाव वाले राज्य पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुड्डुचेरी के नेताओं के साथ बैठक का दौर जारी है।कांग्रेस नेतृत्व ने 23 जनवरी को केरल कांग्रेस के अध्यक्ष, प्रभारी और राज्य के वरिष्ठ नेताओं को दिल्ली बुलाया है।

# क्षमा याचना से मन हल्का होता है: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीते दिनों प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ घटित घटना को लेकर भाजपा सरकार को नसीहत दी है।

अखिलेश ने कहा कि किसी अन्य की गलती के लिए भी यदि कोई व्यक्ति अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हो, तो भी क्षमा मांगने से कोई छोटा नहीं हो जाता। बल्कि क्षमा याचना से मन हल्का होता है और वातावरण में सकारात्मकता आती है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए कहा कि महान और विवेकशील लोग जानते हैं कि किसी धृष्टता या अनुचित व्यवहार के पीछे कई बार किसी अन्य व्यक्ति का व्यक्तिगत कारण अथवा स्वार्थ छिपा होता है। ऐसे में बड़े मन से क्षमा स्वीकार करना और स्नेह-आशीर्वाद देना ही महानता का प्रतीक है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति ने सदियों से क्षमा के महत्व को सर्वोच्च स्थान दिया है और इसी भावना को दर्शाते हुए कहा गया है- 'क्षमा वीरस्य भूषणम।' उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सद्भाव और सम्मान बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

# लखनऊ बना उप्र का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' शहर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** शहरी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है और वह राज्य का पहला 'शत प्रतिशत कचरा संशोधित' (जीरो फ्रेश वेस्ट डंप) शहर बन गया है।

लखनऊ ने यह उपलब्धि 'स्वच्छ भारत मिशन- शहरी' के अंतर्गत लखनऊ नगर निगम (एलएमसी) द्वारा शहर के 100 प्रतिशत ठोस अपशिष्ट (कचरा) के वैज्ञानिक प्रसंस्करण के साथ हासिल की है। इस उपलब्धि की नींव शिवारि ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट) के शुभारंभ के साथ रखी गई, जिसकी प्रसंस्करण क्षमता 700 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इस प्लांट के शुरू होने के बाद लखनऊ नगर निगम के पास अब कुल तीन आधुनिक कचरा प्रसंस्करण संयंत्र हो गए हैं, जिनकी संयुक्त क्षमता 2,100 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। इससे शहर में उत्पन्न होने वाले संपूर्ण दैनिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान संभव हो गया है और खुले में कचरा डंप करने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। लखनऊ करीब 40 लाख की आबादी और 7.5 लाख से अधिक प्रतिष्ठानों वाला एक तेजी से बढ़ता शहरी केंद्र है। बढ़ती आबादी के साथ कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसे नगर निगम ने वैज्ञानिक अपशिष्ट निपटान, संसाधन पुनर्प्राप्ति और सतत शहरी विकास की बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रबंधन किया है। नगर निगम और भूमि ग्रीन एनर्जी के सहयोग से स्थापित तीनों संयंत्रों में प्रतिदिन उत्पन्न लगभग 2,000 मीट्रिक टन कचरे का प्रसंस्करण किया जा रहा है। कचरे का 55 प्रतिशत जैविक और 45 प्रतिशत अजैविक वर्गों में बांटा जाता है। जैविक कचरे से कंपोस्ट और बायोगैस का उत्पादन होता है, जबकि अजैविक कचरे को पुनर्चक्रित अथवा रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल (आरडीएफ) में बदलकर सीमेंट और कागज उद्योगों में उपयोग किया जा रहा है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन टूटा सेंसेक्स में 1282 अंक का उतार-चढ़ाव

मुंबई, वार्ता



ग्रीनलैंड को लेकर जारी वैश्विक अनिश्चितता के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू स्तर पर रुपये पर जारी दबाव का असर भी देखा जा रहा है।

रुपया फिलहाल मंगलवार के मुक. ाबले 74 पैसे नीचे 91.71 रुपये प्रति डॉलर पर है। भारतीय मुद्रा पहली बार इस स्तर तक टूटी है। सेंसेक्स सुबह 386 अंक नीचे खुला। यह दोपहर से पहले 81,124. 45 अंक तक उतरने के बाद दोपहर बाद 82,407.05 अंक तक चढ़ा। इस प्रकार सूचकांक ने एक ही दिन में 1,282 अंक का उतार-चढ़ाव देखा। अंत में पिछले कारोबारी दिवस की तुलना में 270.84 अंक (0.33 प्रतिशत) नीचे 81,909.63 अंक पर बंद हुआ, जो 08 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले, मंगलवार को सेंसेक्स 1,066 अंक गिरा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक एक समय 312 अंक तक टूटने के बाद अंत में 75 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे 25,157.50 अंक पर बंद हुआ। यह सूचकांक का 14 अक्टूबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.10 अंक और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.90 अंक लुढ़क गया। धातु (0.57 प्रतिशत) और तेल एवं गैस (0. 27 प्रतिशत) समूहों के सूचकांकों में तेजी रही, जबकि अन्य सभी सेक्टरों के सूचकांक लुढ़क गए। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसी आईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत के करीब टूटा। ट्रेंट, बीईएल, एचडीएफसी बैंक और एलएंडटी में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। भारतीय स्टेट बैंक, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में रहे। इटरनल का शेयर पांच प्रतिशत चढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडिगो में भी एक से दो प्रतिशत की तेजी रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, टाटा स्टील, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और टेक महिंद्रा के शेयरों में भी तेजी रही।

# आने वाले समय में होगा अधिक विद्युत क्षेत्र का विस्तार : मनोहर लाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है आने वाले समय में विद्युत क्षेत्र का अधिक विस्तार होने वाला है। खट्टर से बुधवार को यहां विद्युत वितरण उद्योग सम्मेलन (ईडीकॉन) 2026 के उद्घाटन के बाद कहा कि बढ़ती अर्थव्यवस्था को आज की कल्पना से कहीं अधिक एक समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता है। ऐसे में, हमारे डीएससीओ का मजबूत, समृद्ध और आर्थिक रूप से सशक्त होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। मजबूत डीएससीओ का अर्थ बेहतर सेवाएं और उपभोक्ताओं की जरूरतों के प्रति अधिक संवेदनशीलता है। उन्होंने राज्य विद्युत नियामक आयोगों से लागत के अनुरूप टैरिफ की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया। उन्होंने साथ ही विद्युत अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जरूरतमंद उपभोक्ताओं के लिए लक्षित सब्सिडी सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। खट्टर ने इस दौरान छह अलग-अलग श्रेणियों में 12 वितरण कंपनियों को स्वर्ण और रजत पुरस्कार प्रदान किए।

# चावल, गेहूं, खाद्य तेलों में तेजी दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और खाद्य तेलों में भी तेजी रही, जबकि चीनी की कीमत स्थिर बनी रही। दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,856 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। वहीं आटे की कीमत 10 रुपये घटी। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख रहा। तुअर दाल और उड़द दाल औसतन छह रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। चना दाल और मूंग दाल पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं मसूर दाल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 60 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,154 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा 0.61 प्रतिशत चढ़कर 52. 87 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 63 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति में 72 रुपये और सूरजमुखी तेल में 41 रुपये की तेजी रही। पाम ऑयल 37 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल 29 रुपये और मूंगफली तेल 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी कमोबेश पिछले दिवस के स्तर पर ही रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7785. 27 रुपये, मसूर काली 8127.73 रुपये, मूंग दाल 10103.95 रुपये, उड़द दाल 10433.24 रुपये, तुअर दाल 10637.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.32 रुपये और चावल 3855.86 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3296. 16 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4292.49 रुपये और गुड़ 4989.41 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# अविमुक्तेश्वरानंद ने मेला प्राधिकरण को नोटिस का जवाब भेजा

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस का जवाब उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता ए के मिश्रा के माध्यम से भेज दिया है।

अधिवक्ता की तरफ से कल रात आठ पन्नों का प्रयागराज मेला प्राधिकरण को भेजे गए है इस विस्तृत जवाब में मेला प्राधिकरण के आरोपों को सिरे से नकार दिया गया है। नोटिस के जवाब में कहा गया है कि ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी ने जीवनकाल में ही अविमुक्तेश्वरा नंद को उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। 11 सितम्बर 2022 को ब्रह्मलीन हुए थे शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज 12 सितम्बर 2022 को वैदिक विधिविधान के साथ स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का विधिवत अभिषेक किया गया एवं सार्वजनिक समारोह में शंकराचार्य पद पर प्रतिष्ठापन किया गया था। उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि अभिषेक पहले ही हो चुका था, 14 अक्टूबर 2022 के आदेश में यह तथ्य दर्ज है शंकराचार्य पद पर बने रहने को लेकर किसी भी न्यायालय से कोई स्थगन आदेश नहीं है। श्रृंगेरी, द्वारका और पुरी पीठ के शंकराचार्यो का समर्थन होने का दावा किया गया है। भारत धर्म महामंडल द्वारा भी मान्यता का उल्लेख किया गया है। ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती की पंजीकृत वसीयत को वैध बताया गया है। गुजरात उच्च न्यायालय ने वसीयत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की थी। यह जानकारी नोटिस के जवाब में दी गई है। विरोधी पक्ष के बयानों को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में मानहानि वाद दायर किया गया था, लेकिन विरोधी द्वारा दायर आवेदन बाद में वापस लिया गया कुछ व्यक्तियों पर उच्चतम न्यायालय में गलत जानकारी देने का आरोप भी लगा था। फर्जी दस्तावेज पेश करने और भ्रम फैलाने का दावा किया गया है। इस नोटिस में प्रयागराज मेला प्राधिकरण के पत्र को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया गया है। इस प्रशासनिक हस्तक्षेप को असंवैधानिक करार दिया है मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन तीसरे पक्ष के बयान को न्यायाधीन बताया गया है। शंकराचार्य पद को लेकर भ्रम फैलने से सामाजिक और प्रतिष्ठा की क्षति का दावा किया गया है नोटिस के जवाब में यह कहा गया है कि अगर 24 घंटे में अगर मेला प्रशासन ने नोटिस वापस नहीं लेता है तो न्यायालय की अवमानना और शंकराचार्य परंपरा एवं स्वामी जी की छवि धूमिल करने के लिए विधिक कार्यवाही की जाएगी। नोटिस का जवाब प्राधिकरण उपाध्यक्ष को मेल के जरिए भी भेजा गया है।

# कीटनाशकों के ई-कॉमर्स के लिए बनें कड़े कानून: संगठन

नई दिल्ली, वार्ता



कीटनाशक बनाने वाली 17 बड़ी कंपनियों के संगठन 'क्रॉपलाइफ इंडिया' ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी बिक्री के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है, ताकि घटिया या नकली उत्पादों से किसानों को संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जा सके।

क्रॉपलाइफ इंडिया के अध्यक्ष और क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को यहां ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फसलों की सुरक्षा से संबंधित उत्पादों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि मौजूदा समय में कीटनाशकों का विनियमन इनसेक्टिसाइड्स एक्ट, 1968 के तहत होता है। सरकार ने साल 2022 में इसमें संशोधन कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आम उत्पादों की तरह कीटनाशकों की बिक्री के लिए भी अनुमति प्रदान की थी। अब सरकार पेस्टिसाइड मैनेजमेंट विधेयक लाने की तैयारी कर रही है, जिसका प्रारूप तैयार हो चुका है। सरकार ने संगठन से 04 फरवरी तक अपने सुझाव सौंपने के लिए कहा है। विधेयक के प्रारूप का स्वागत करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार विक्रेता को लाइसेंस की जरूरत होती है उसी तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के लिए भी लाइसेंस या मान्यता अनिवार्य की जानी चाहिए। वर्तमान समय में यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं है कि ऑनलाइन बिक रहा पेस्टिसाइड असली है या नकली। उन्होंने कहा कि यदि कोई कंपनी बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेच रही है, तो उस पर भी नकली उत्पाद की तरह ही कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि आयुक्त पीके सिंह और केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड एवं पंजीकरण समिति के सचिव सुभाष चंद ने भी संबोधित किया। अग्रवाल के अनुसार इस समय देश का घरेलू कीटनाशक बाजार लगभग 26 हजार करोड़ रुपये का है और निर्यात 40 हजार करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि घरेलू बिक्री में एक प्रतिशत से कुछ कम हिस्सेदारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की है। इसमें कई बार नकली और घटिया कीटनाशकों की खबरें भी आती हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय करने के लिए कोई नियम नहीं होने के कारण उसके माध्यम से नकली उत्पादों की बिक्री और आसान हो जाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कीटनाशकों पर भारी छूट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि उत्पाद घटिया हों, कंपनियों की बाजार पर कब्जे की कोशिश भी एक कारण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि वे किसी अधिकतम या न्यूनतम मूल्य का समर्थन नहीं करते। विधेयक के प्रारूप में प्रावधान है कि कंपनियों को आवेदन के 12 महीने के भीतर लाइसेंस नहीं मिलने पर उसे मंजूर मान लिया जाएगा। अग्रवाल ने इसे उचित बताते हुए इससे सेफ्टी के साथ समझौते की आशंकाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि आज भी देश में कीटनाशकों का इस्तेमाल काफी कम होता है। यह करीब 500 ग्राम प्रति हेक्टेयर है, जबकि कई विकसित देशों में यह औसत चार-पांच हजार ग्राम प्रति हेक्टेयर है। अग्रवाल ने बताया कि अगले 10 साल में कीटनाशक उद्योग में औसतन 8.10 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की उम्मीद है।

# यमुना को लेकर सरकार का एक्शन प्लान तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना को फिर से स्वच्छ और प्रवाहमान बनाने के लिए मिशन-मोड में ठोस एक्शन प्लान लागू करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ये निर्देश दिल्ली सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।

बैठक में यमुना की मौजूदा हालत, सीवेज ट्रीटमेंट, नालों की सफाई और अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने जैसे कामों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना केवल नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवनरेखा है। सरकार वैज्ञानिक योजना, तय समय-सीमा और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर इसे फिर से साफ और जीवंत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। बैठक में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सहित दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति, डीडीए व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में अभी 37 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) मिलकर रोजाना 814 मिलियन गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) गंदा पानी साफ कर रहे हैं, जो मौजूदा जरूरत के हिसाब से काफी है। लेकिन भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सरकार ने इस क्षमता को बढ़ाकर 1500 एमजीडी करने का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसके लिए पुरानी मशीनों को सुधारकर दिसंबर 2027 तक 56 एमजीडी और 35 नए छोटे डिसेन्ट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डीएसटीपी) लगाकर 170 एमजीडी अतिरिक्त क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही नालों के पास नए बड़े प्लांट लगाकर दिसंबर 2028 तक 460 एमजीडी क्षमता और जोड़ी जाएगी, ताकि दिल्ली के सीवेज मैनेजमेंट को पूरी तरह चाक-चौबंद किया जा सके।मुख्यमंत्री ने बताया कि इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बिना साफ किया गया गंदा पानी अब यमुना में नहीं जाएगा।

जैसे-जैसे सीवेज ट्रीटमेंट की क्षमता बढ़ेगी, शहर का ज्यादा से ज्यादा गंदा पानी पहले साफ होगा और फिर नदी में छोड़ा जाएगा। इससे यमुना का पानी धीरे-धीरे साफ होगा, बदबू और प्रदूषण कम होगा और नदी में दोबारा जीवन लौटेगा। लंबे समय में इससे पीने के पानी के स्रोत सुरक्षित होंगे, शहर की सेहत सुधरेगी और दिल्ली को भविष्य की बढ़ती आबादी के लिए बेहतर और टिकाऊ सीवेज व्यवस्था मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टर्स में सीवर लाइन बिछाने का काम तेजी से किया जा रहा है। 675 जेजे क्लस्टर्स में से 574 में काम पूरा हो चुका है, जबकि 65 क्लस्टर्स में सीवेज इकट्ठा करने के लिए सिंगल पॉइंट कलेक्शन की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा, 1799 अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर नेटवर्क का काम दिसंबर 2026 से दिसंबर 2028 तक चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इससे गंदा पानी बिना साफ हुए यमुना में जाने से रुकेगा।

मुख्यमंत्री का मानना है कि जब तक दिल्ली के हर घर का कनेक्शन सीवर लाइन से नहीं होगा, तब तक गंदा पानी यमुना में गिरना बंद नहीं होगा और नदी पूरी तरह साफ नहीं हो पाएगी।मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि अब दिल्ली के नालों की निगरानी के लिए पहली बार पुख्ता सिस्टम बनाया गया है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें 47 तय जगहों पर हर महीने पानी की जांच कर रही हैं।

## मामूली सुधार के बावजूद दिल्ली में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' बनी रही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता में बुधवार सुबह मामूली सुधार हुआ लेकिन यह अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी। सीपीसीबी के अनुसार, बुधवार सुबह नौ बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एएक्यूआई) 339 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार सुबह शहर का एक्यूआई 395 था जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के आंकड़ों के मुताबिक, सभी निगरानी स्टेशन में से 30 में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' और आठ में 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। जहांगीरपुरी में वायु गुणवत्ता सबसे खराब रही जहां एक्यूआई 390 दर्ज किया गया।

सीपीसीबी के वर्गीकरण के अनुसार, एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। इस बीच, मौसम की स्थिति से भी खास राहत नहीं मिली। शहर का न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्टेशन-वार आंकड़ों के अनुसार, पालम में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस, रिज में नौ डिग्री सेल्सियस, आयानगर में आठ डिग्री सेल्सियस और लोधी रोड में 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि सफदरजंग में शहर का सबसे कम न्यूनतम तापमान (7.2 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान के करीब 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

# दिल्ली को सौर ऊर्जा कैपिटल बनाने की दिशा में उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को भारत की सोलर कैपिटल बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कृषि भूमि पर सौर संयंत्र लगाने की प्रक्रियाओं को सरल बनाने की घोषणा की।

दशकों से चली आ रही लालफीताशाही को समाप्त करते हुए, विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऊँचे सौर सिस्टम लगाने से दिल्ली भूमि सुधार अधिनियम, 1954 का उल्लंघन नहीं होता। इसके साथ ही हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन की आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री ने बताया की दिल्ली में वर्षों से जटिल भूमि नियमों के कारण सौर ऊर्जा की संभावना सीमित थीं। सूद ने कहा कि नए निर्देश के तहत किसान अब अपने खेतों में ऊपर सौर ऊर्जा सयंत्र से सौर ऊर्जा का उत्पादन करते हुए नीचे परंपरागत खेती जारी रखकर दोगुनी आय कमा सकेंगे। सूद ने कहा यह भी कहा की बहुत लंबे समय तक दिल्ली की ऊर्जा क्षमता वर्षों पुराने कानूनी जाल में फँसी रही। जब दुनिया केंद्रीयकृत ऊर्जा की ओर बढ़ रही थी तब दिल्ली के किसान ऐसी अनुमतियों का इंतजार कर रहे थे जो उनको कभी मिली ही नहीं।उन्होंने आगे कहा की आज हम 'नो ऑब्जेक्शन' की बाधाओं को समाप्त कर रहे हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में इस सरकार की दृष्टि बिल्कुल स्पष्ट और सरल है की दिल्ली का हर खेत केवल फसल ही नहीं, बल्कि हमारे शहर के भविष्य स्वच्छ ऊर्जा देने वाली बिजली भी पैदा करे। सूद ने यह भी कहा की यह सुधार दिल्ली को "सोलर हब" में बदलने की व्यापक रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सौर ऊर्जा को अंतिम छोर यानि हमारे किसानों तक पहुँचाकर दिल्ली सरकार यह सिद्ध कर रही है कि ऊर्जा समानता ही सामाजिक समानता की बुनियाद है।

# कर्मचारी निकला मुखबिर, पूर्व कर्मचारी समेत सात पकड़े

**अलीगढ़ से लालच देकर तीन लडकों को बुलाकर की थी लूट की वारदात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला इंडस्ट्रियल एरिया इलाके में बाइक चालक को गोली मारने की धमकी देकर साढ़े चार लाख रुपये लूटने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान निखिल उर्फ नन्नू,मोनू,अनिल,अंशुल उर्फ बिट्टू,रोहित उर्फ अमन,सौरभ और अजय के रूप में हुई है। आरो. पियों के कब्जे से साढ़े 66 हजार रुपये,पिस्टल,कारतूस और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूर्व कर्मचारी मोनू तीन महीने पहले ही नौकरी छोड़ चुका था।

अनिल वर्तमान में काम कर रहा था। मोनू पहले निखिल से मिला था। जिसने योजना में पहले अनिल को शामिल किया। उसके बाद निखिल ने अलीगढ़ से अपने दोस्तों को लालच देकर बुलाया था। अनिल ने ही पेमेंट की मुखबरी की थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 11 जनवरी की शाम सात बजकर 35 मिनट पर शिकायतकर्ता कुलदीप अपनी मोटरसाइकिल से नरेला-बवाना फ्लाईओवर से गुजर रहा था और उसके पास साढ़े 4 लाख रुपये थे। एक सफेद कार में चार लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया। हमलावरों ने उसको गोली मारने की धमकी देकर नकदी लूट ली थी। एसीपी राकेश कुमार की देखरेख में एसएचओ मनोज कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

निखिल उर्फ नन्नू, मोनू, और अनिल को गिरफ्तार किया। उनकी निशानेदही पर अंशुल उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार करके अलीगढ यूपी से रोहि. हत उर्फ अमन, सौरभ, और अजय को गिरफ्तार किया।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सचिवालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यमुना की मौजूदा हालत, सीवेज ट्रीटमेंट व नालों की सफाई जैसे कामों की समीक्षा करते हुए।**

## एक नजर

### बुजुर्ग महिला ने की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वसंत कुंज में सरस्वती अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल से कूदकर एक बुजुर्ग महिला ने अपनी जान दे दी। जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### फसल सुरक्षा उत्पादों की बिक्री को लेकर सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** पलाइफ इंडिया, जो बायर सेंगेंटा जैसी 17 आर एंड डी आधारित फसल सुरक्षा और कीटनाशक कंपनियों का प्रमुख संगठन है, ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फसल सुरक्षा उत्पादों की बिक्री को लेकर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस दौरान संगठन ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से अनधिकृत फसल सुरक्षा उत्पादों की बिना रोक-टोक बिक्री पर गंभीर चिंता जताई और नियामकीय निगरानी को तत्काल मजबूत किए जाने की मांग की। संगठन ने यह भी कहा कि जब सरकार ड्राफ्ट पेस्टिसाइड्स मैनेजमेंट बिल, 2025 के माध्यम से कीटनाशक नियमों की व्यापक समीक्षा कर रही है, तब ऑनलाइन बिक्री से जुड़े उभरते जोखिमों को स्पष्ट और ठोस रूप से संबोधित किया जाना आवश्यक है।

### मेघालय का स्थापना दिवस मनाया



**नई दिल्ली।** आज हम मेघालय का 54वां राज्य स्थापना दिवस खुशी-खुशी मना रहे हैं - यह एक ऐसी भूमि है जहाँ बेजोड़ प्राकृतिक सुंदरता, जीवंत संस्कृति और मजबूत भावना है। शिलांग और मावफलांग की धुंध से ढकी पहाड़ियों से लेकर चेरापूंजी के जीवित जड़ वाले पुलों और डॉकी के क्रिस्टल-क्लियर पानी तक, मेघालय की सुंदरता इसे देखने वाले हर किसी के दिल और आत्मा को मोह लेती है। इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशि कांत भारती ने बताया की इस खास दिन पर, हम मेघालय के वर्तमान मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हैं, जिनका नेतृत्व इस शानदार राज्य के लोगों के लिए प्रगति और समावेशी विकास को प्रेरित करता रहता है।

### वर्ष 2028 तक यमुना पुनर्जीवन मिशन: पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि वर्ष 2028 तक यमुना पुनर्जीवन मिशन के अंतर्गत दिल्ली में सभी प्रमुख नालों और सीवर से जुड़े कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व और निगरानी में दिल्ली सरकार और एमसीडी के सभी संबंधित विभाग एकीकृत, समयबद्ध कार्ययोजना के तहत कार्य कर रहे हैं। डीडीए भूमि सहित पूरे शहर में सीवर नेटवर्क के विस्तार का कार्य पूर्ण समन्वय के साथ तेजी से प्रगति पर है।

### पाइपलाइन व जाम नालियों से निकल रहा गंदा पानी

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के महावीर एन्क्लेव पार्ट-3 में 40 फुटा मुख्य सड़क पर नाला जाम होने और पाइपलाइन फटने से गंदा पानी बह रहा है। इससे राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। सड़क पर फिसलन से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है और बीमारियां फैलने की आशंका है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से कई बार शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में सड़क पर बह रहे पानी के कारण न केवल बीमारियां पनपने का खतरा बढ गया है, बल्कि सड़क पर बनी फिसलन दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। महावीर एन्क्लेव की 40 फुटा रोड क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण मार्ग में से एक है। यह सड़क द्वारका-डाबरी मार्ग को सीधे बिंदापुर, जनकपुरी और महावीर एन्क्लेव के विभिन्न रिहायशी ब्लॉकों से जोड़ती है। रोजाना हजारों की संख्या में लोग दफ्तर और स्कूल जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। व्यस्त बाजार होने के कारण यहां सुबह से रात तक भारी चहल-पहल रहती है, लेकिन वर्तमान में इस सड़क की स्थिति लगातार खराब हो रही है।

## समाज कल्याण मंत्री ने विशेष बच्चों के स्कूल-कम-होम को लेकर आवंटित भूमि का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने उस्मानपुर, उत्तर-पूर्वी दिल्ली स्थित दिव्यांग एवं मानसिक रूप से विशेष बच्चों के स्कूल-कम-होम हेतु आवंटित भूमि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा तथा समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने भूमि की समुचित देखभाल, स्वच्छता व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।इसके पश्चात समाज कल्याण मंत्री ने सुंदर नगरी स्थित ट्रेनिंग-कम-प्रोडक्शन सेंटर (टीसीपीसी) ऑर्थोपेडिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जिला कार्यालय के विकास के साथ-साथ ट्रेनिंग सेंटर को भी समानांतर रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही, भूमि के किसी भी प्रकार के दुरुपयोग को रोकने के लिए अस्थायी एनक्लोजर स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। इस क्रम में सुंदर नगरी स्थित व/व त्ब्स एवं एचएलटीबी का भी निरीक्षण किया गया। मंत्री ने वॉटरलॉगिंग की समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए।टीसीपीसी ऑर्थोपेडिक, सुंदर नगरी का कुल क्षेत्रफल लगभग 510 वर्ग मीटर है, जिसमें लगभग 340 वर्ग मीटर कवर्ड एरिया तथा लगभग 170 वर्ग मीटर ओपन एरिया शामिल है। भवन के पुनर्निर्माण हेतु दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजा जा चुका है।वहीं, त्ब्स एवं भ्स्ज्ठ, सुंदर नगरी परिसर का कुल क्षेत्रफल लगभग 800 वर्ग मीटर है, जिसमें लगभग 532 वर्ग मीटर कवर्ड एरिया तथा लगभग 266 वर्ग मीटर ओपन एरिया सम्मिलित है।

# प्रधानमंत्री से प्रेरित सेवा संस्कार राष्ट्रवाद का जीवंत उदाहरण: दीपक गाबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संस्कृत राष्ट्रवाद और रचनात्मक कार्यों की भावना को साकार करते हुए एक सराहनीय सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस कार्यक्रम के अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में भर्ती मरीजों, बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना और यथासंभव समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में जाकर मरीजों के स्वास्थ्य, दवाइयों, खानपान एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली।

बच्चों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उन्हें मानसिक संबल प्रदान किया गया, जिससे वे इस कठिन समय में स्वयं को अकेला न महसूस करें। जिला अध्यक्ष दीपक गाबा ने सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए भाजपा द्वारा सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्यवर्धक फल भी वितरित किए गए, जिससे मरीजों के पोषण का ध्यान रखा जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, कृष्णा नगर विधायक डॉ. अनिल गोयल, पार्षद संदीप कपूर, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय की डायरेक्टर डॉ मोनिका जुनेजा एवं cmo डॉ. मनीष के साथ कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल अध्यक्ष पूजा चौरसिया, संजय शर्मा, सुरजीत कपूर, कपिल राणा, पवन वर्मा, सचिन शर्मा, अपर्णा गोयल, दीपकसहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



**एसटीपी के महानिदेशक अरविंद कुमार अपने संबोधन में स्टार्टअप, शिक्षा जगत और उद्योग को जोड़ने वाले एआई-आधारित नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के महत्व पर जोर देते हुए साथ ही आगामी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 पर भी प्रकाश डाला।**

# उर्दू को हर घर तक पहुंचाना आज की जरूरत: डॉ. सैयद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुजफ्फरनगर के कल्याणपुर गाँव में छात्र और छात्राओं के लिए उर्दू लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें टॉप दस छात्र और छात्राओं को कीमती इनाम दिए गए।यह प्रतियोगिता विश्व उर्दू ऑर्गनाइजिंग कमिटी, नई दिल्ली और अल-काजी उर्दू एकेडमी द्वारा आयोजित की थी।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मासूम मुरादाबादी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की.डॉ. इलियास मजहर विशिष्ट अतिथि थे, और जाने-माने सोशल मीडिया पर्सनैलिटी सोहेल नंबरदार भी प्रतियोगिता में शामिल हुए।उर्दू भाषा प्रेमी डॉ. सैयद अहमद खान ने प्रतियोगिता की अध्यक्षता की और कहा कि हमारा मकसद उर्दू शिक्षा को आम करना है। इस मौके पर मासूम



मुरादाबादी ने टैलेंटेड छात्र और छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जो बच्चे उर्दू भाषा में शिक्षा प्राप्त करते है उनकी बातचीत में तहजीब नजर आती है। इस मौके पर अल-काजी उर्दू एकेडमी के चेयरपर्सन एडवोकेट शाह जबी काजी ने टैलेंटेड छात्र और छात्राओं को बेहतरीन तोहफे और शील्ड देकर सम्मानित किया ।जिन टैलेंटेड छात्र और छात्राओं को इनाम और शील्ड दिया गया, उनमें निकहत परवीन, चाहत चौधरी, साइमा बेगम, सुहानी बेगम, इकरा चौधरी, सामिया, सना, मनतशा और जीशान शामिल हैं।

यह प्रतियोगिता नवाब मेमोरियल पब्लिक स्कूल, कल्याणपुर के साथ मिलकर आयोजित की गई थी जो कामयाब रही. प्रतियोगिता को कामयाब बनाने में खुशी, हिना, अदीबा, अमीक चौधरी, मोमिना चौधरी, अर्शी, नोरीन, अनम चौधरी आदि के नाम उल्लेखनीय है।

# ऋषभ पंत व रवींद्र जडेजा जॉली व पॉली की भूमिका में

**नई दिल्ली।** एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने क्रिकेट के सुपरस्टार, ऋषभ पंत तथा रवींद्र जडेजा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है, और उन्हें 'जॉली' और 'पॉली' के तौर पर पेश किया है। ये दो विशिष्ट किरदार लोगों को बताते हैं कि परिवार की जिम्मेदारियाँ पूरी करते हुए अपने सपने कैसे पूरे करें।

आज के दौर में जीवन बीमा के बारे को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, ऐसे में एसबीआई लाइफ लोगों के रोजमर्रा के जीवन में इस खंड को और अधिक सार्थक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।'अपने लिए, अपनों के लिए' के ब्रांड विचार पर आधारित, 'जॉली एंड पॉली' जीवन से जुड़ी आम लेकिन गहरी सच्चाई को दिखाता है और वह यह है कि व्यक्तिगत आकांक्षाएँ और परिवार की जिम्मेदारियाँ एक-दूसरे के खिलाफ नहीं हैं।'जॉली' बने ऋषभ पंत सहज ज्ञान, उम्मीद और समग्रता जीवन जीने की ताकत को प्रदर्शित करते हैं। वे लोगों को जिंदगी को अलग तरह से देखने के लिए प्रेरित करते दिखते हैं और यह स्पष्ट करते हैं कि ऐसी योजनाएँ बनाने का मतलब अपना मनपसंद जीवन जीने की स्वतंत्रता को छोड़ना नहीं, बल्कि उसे बचाना और आगे बढ़ाना है। रवींद्र जडेजा का किरदार- 'पॉली', शांति, भरोसे और दीर्घकालिक सोच को प्रदर्शित करता है। वे शांत भाव और स्पष्ट सोच के साथ संवाद को बढ़ाते दिखते हैं और इस बात पर जोर देते हैं कि वित्तीय सुरक्षा की तैयारी जिम्मेदारी का काम है।

## डॉ. सी. पलानीवेलु को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** सर्जरी के क्षेत्र में एक जानी-मानी हस्ती और करुणा और इनोवेशन से प्रेरित एक अग्रणी, डॉ. सी. पलानीवेलु ने अपने असाधारण करियर में एक ऐतिहासिक पल मनाया, जब उनकी आत्मकथा 'पलानीवेलु ळन्ै' के हिंदी संस्करण का विमोचन हुआ। यह प्रतिष्ठित विमोचन 19 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हुआ, और इस अवसर पर भारत के माननीय उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन उपस्थित थे, जिन्होंने औपचारिक रूप से पुस्तक का अनावरण किया।

इस कार्यक्रम में रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अभिजात सेठ; इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष प्रो. डॉ. जे. एस. राजपूत और ळम्ड हॉस्पिटल ग्रुप के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि डॉ. सी. पलानीवेलु एक जाने-माने सर्जन हैं, जिन्होंने 1990 के दशक की शुरुआत में लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की परिवर्तनकारी क्षमता को सबसे पहले पहचाना था।

# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में 'तत्व 2026' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने अपना दो दिवसीय कल्चरल फेस्ट 'तत्व 2026' आयोजित किया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंगीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और कला प्रदर्शित की। दूसरे दिन लोकप्रिय पंजाबी गायक सुख-ई ने अपनी जोशीली परफॉर्मेंस दी, जिससे उत्सव का माहौल और भी रोमांचक हो गया।

कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत सम्मान समारोह से हुई। इस दौरान रजिस्ट्रार एवं वाइस चांसलर प्रो. उमा भारद्वाज को सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रो. पी.के. तोमर ने डीन एकेडमिक्स प्रो. तान्या को सम्मानित किया। वहीं इवेंट कॉर्डिनेटर मिस खुशबू द्वारा प्रो. पी. के. तोमर का सम्मान किया गया। इसके बाद छात्रों ने नृत्य और अन्य प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया।

इस अवसर पर नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रो. उमा भारद्वाज ने कहा, "तत्व 2026 छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को मंच देने वाला कार्यक्रम है। ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़ाव का अनुभव कराते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

**भाई मेहरबान**
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भूतपूर्व सैनिकों/वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक बन्धु बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में रविंद्र कुमार मॉंदड़ जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में की गई। सर्वप्रथम जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गाजियाबाद कैप्टन (आई. एन.) राम प्रवेश सिंह ने बैठक में उपस्थित एडम कमान्डेन्ट स्टेशन हेडक्वाटर बाबुगढ छावनी, हापुड, एवं सभी विभागों के अधिकारी पदाधिकारियों एवं सदस्य जिला सैनिक बन्धु बैठक तथा वीरांगनाओ तथा पूर्व सैनिकों का सभा में आने का आभार व्यक्त किया तदोपरान्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आई




एन) राम प्रवेश सिंह ने कार्यालय द्वारा मत सैनिक बन्धु बैठक 18.11.2025 के उपरान्त किये गये मुख्य कार्यों से अवगत कराया। उसके पश्चात जिला मजिस्ट्रेट गाजियाबाद द्वारा बैठक में उपस्थित सभी भूतपूर्व सैनिकों को सम्बोधित किया गया। सबसे पहले पूर्व में हुई बैठकों में आये 04 आवेदन पत्रों पर चर्चा हुई। जिसमें पूर्व ऑनरेरी ले0 सुदेशपाल के प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबन्धक ने बताया कि उनके बैंक ने एनसीएलटी में केस दायर कर दिया है। अतः जिलाधिकारी महोदय के जरिये बैंक जोनल हैड को बुलाकर एडीएम सिटी एवं एलडीएम की उपस्थिति में इस समस्या का समाधान करवाने निर्देश दिये। पूर्व सैनिक एक्स सार्जेन्ट प्रवीन कुमार के खसरा नं0 560 एवं 502 में सीमेंट की स्लैब लगाकर भूमाफियों द्वारा किये अवैध कबजे को हटवाये जाने के संबंध में नायब तहसीलदार सदर को निर्देश दिये गये।

अंजू रानी पत्नी स्व0 सैनिक सूबेदार मेजर ब्रजमोहन उजलायन को अवगत कराया कि पैमाईश तीन दिन के अन्दर करा दी जायेगी। इसके पश्चात पूर्व सैनिक बी0सी0 बन्सल द्वारा गत बैठक में दिये गये बिन्दु पर संस्तुति के कारण निस्तारित किया गया। तत्पश्चात नई बिन्दुओं एवं उस समय 07 आवेदन पत्र जिसमें प्रमुख तौर पर गन लाईसेन्स स्थानान्तरण / पंजीकरण के मामले प्रस्तुत किये गये। आवेदनों को एक-एक करके सुना गया तथा इनके निस्तारण हेतु एडीएम सिटी, गाजियाबाद को निर्देश दिया गया। बैठक के अन्त में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद कैप्टन (आईएन) राम प्रवेश सिंह द्वारा जिला सैनिक बन्धु बैठक में उपस्थित प्रशानिक अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी तथा व बैठक में आये लगभग 50 पूर्व सैनिकों/आश्रितों का आभार व्यक्त किया तथा आग्रह किया गया कि बैठक में अधिक से अधिक पूर्व सैनिक उपस्थित हो और अपनी समस्या सम्बन्धी आवेदन-पत्र बैठक से दो दिन पूर्व जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जनपद-गाजियाबाद में प्रस्तुत करें, जिससे उनकी समस्या का निदान समय से किया जा सके। जिला सैनिक बन्धु बैठक में सदस्य अंजू रानी एडम कमान्डेन्ट स्टेशन हेडक्वाटर बापुगढ मुख्य कोषाधिकारी नगर आयुक्त नगर निगम जिला सूचना अधिकारी, जिला पचांयत अधिकारी जिला अग्रणी बैंक प्रतिनिधि, आदि जिला सैनिक बन्धु बैठक के सदस्य व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के पवन कुमार वरिष्ठ सहायक विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक व कविता देवी, कनिष्ठ सहायक, रीतू सिंह, कनिष्ठ सहायक व निपुण पायला, कनिष्ठ सहायक व राकेश व पवन उपस्थित रहे।

## मोदीनगर तहसील में कार्यरत राजीव शर्मा का हुआ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील कार्यालय में तैनात अधिकारी राजीव शर्मा का अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बेस्टफिजिक प्रतियोगिता में यूपी की टीम में चयन हुआ है उनके चयन पर तहसील के अधिकारियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। राजीव शर्मा ने बताया कि दिल्ली में आगामी 17 से 19 फरवरी तक अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज बेस्फिजिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें उनका चयन यूपी सिविल सर्विसेज की टीम में हुआ है। गौरतलब है कि राजीव इससे पहले भी कई प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं व इस टीम में शामिल होने वाले तहसील मोदीनगर के एकमात्र खिलाड़ी हैं। इस चयन की जानकारी मिलने पर एसडीएम अजित कुमार सिंह, तहसीलदार रजत सिंह नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, प्रशांत सक्सेना सहित सभी अधिकारियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।



# हापुड़ रोड रेलवे पुल से प्रभावित दुकानदारों ने एसडीएम से की समाधान की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** हापुड़ रोड पर प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए ध्वस्त की जाने वाली दुकान वालों ने एसडीएम से मुलाकात कर उचित समाधान व मुआवजे की मांग की। पीड़ित दुकानदारों ने एसडीएम से अनुरोध किया कि उनकी दुकानें इस पुल के निर्माण में तोड़ी जानी है दुकानें टूटने के बाद हम व्यापार कर सकें इसके लिए हमें अन्य स्थान पर दुकानें दी जाए व आर्थिक मुआवजा भी दिया जाए। दुकानदारों ने यह भी बताया कि अन्य स्थानों पर भी किसी सरकारी निर्माण के लिए यदि दुकानें तोड़ी गई है तो उनका उचित समाधान किया गया है व आर्थिक मुआवजा भी दिया गया है। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि यदि ऐसा कोई कानूनी प्रावधान होगा तो उसी के अनुसार यहाँ भी जो भी बेहतर से बेहतर हो सकता है समाधान किया जायेगा।

## आईटीएस डेन्टल कॉलेज यंग रिसर्चर अवॉर्ड का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज में छात्रों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीन अनुसंधान और नवीनतम विचारों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए तथा अनुसंधान के क्षेत्र में उभरते नीवन दंत चिकित्सकों को बढावा देने के लिए यंग रिसर्चर अवार्ड की स्थापना की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य बीडीएस एवं एमडीएस छात्रों को अद्वितीय विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना था जो दंत स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर बनाने में कारगर होगा।

इस कार्यक्रम का मूल्यांकन करने के लिए इंटरनल एंड एक्सटर्नल सदस्यों की समिति का गठन किया गया था, जिसमें डॉ0 अनुज पाठक, एम फार्मा,



पी.एच.डी., रिसर्च साइंटिस्ट, प्रोडक्ट डेवलपमेंट एक्सपर्ट, काईट इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद को कार्यक्रम के लिए बाहरी विशेषज्ञ समीक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को मुख्यधारा दंत चिकित्सा के क्षितिज से परे सोचने और दंत चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति के लिए सरल समाधान तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में बीडीएस एवं एमडीएस छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी और उनके द्वारा समीक्षा समिति के समक्ष विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। इसके बाद सभी छात्रों को भागीदारी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही समीक्षा समिति के मूल्यांकन के बाद चयनित परियोजनाओं को पेटेंट पंजीकरण के लिये वित्तीय सहायता सहित पेटेंट दाखिल करने में सहायता दी जायेगी। कार्यक्रम के दौरान आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आर0 पी0 चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके नवीन अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित किया एवं उन्हें बधाई दी।

## घर से जेवर और 80 लाख की नगदी चोरी

**गाजियाबाद।** कविनगर थानाक्षेत्र के कैलाशपुरम द्वितीय में एक घर से करीब 80 लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने किरायेदार और उसके परिजनों पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है। एनडीआरएफ रोड गोविंदपुरम स्थित कैलाशपुरम द्वितीय निवासी प्रदीप कुमार सक्सेना ने कविनगर थाने में शिकायत की कि उन्होंने प्रॉपर्टी खरीदने के लिए बड़ी रकम एकत्र की थी। यह रकम उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और मित्रों से नकद रूप में जुटाई थी। कुल मिलाकर करीब 80 लाख रुपये नगद के साथ कुछ कीमती सोने और चांदी के जेवरात उन्होंने अपने मकान में रखी सेफ में सुरक्षित रखे थे।

# आईटीएस के छात्रों का अध्ययन सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मो. हननगर स्नातक परिसर ने अपने बीबीए (2024-27) के छात्रों के लिए गत सप्ताह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स, मुंबई में 5-दिवसीय अध्ययन भ्रमण का सफल आयोजन किया। इस शैक्षणिक दौरे का उद्देश्य छात्रों को प्रतिभूति बाजार, म्यूचुअल फंड, नियामक ढांचे तथा व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराना था।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभूति बाजार की कार्यप्रणाली, निवेश के अवसर, करियर संभावनाओं, नियामक संस्थाओं की भूमिका तथा म्यूचुअल फंड के मूल सिद्धांतों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए



गए। जोखिम और प्रतिफल (त्पोख्रत्मजनतद) की अवधारणाओं को भी सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। एनआईएसएम की अत्याधुनिक सिमुलेशन लैब में छात्रों को रियल-टाइम ट्रेडिंग और हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण का अवसर मिला, जिससे उनकी विश्लेषणात्मक क्षमता, व्यावहा. रिक समझ और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इसके अतिरिक्त, एनएसडीएल का शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी रहा, जिसने कक्षा में सीखे गए सिद्धांतों को वास्तविक बाजार प्रक्रियाओं से जोड़ने का कार्य किया। अध्ययन भ्रमण के दौरान छात्रों ने मुंबई के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव और कोलाबा मार्केट का भी भ्रमण किया, जिससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक और अनुभवात्मक आयाम जुड़ा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह 5-दिवसीय अध्ययन भ्रमण छात्रों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि एक परिणामोन्मुख, व्यावहारिक और समृद्ध शिक्षण अनुभव सिद्ध हुआ।

इस कार्यक्रम के संपन्न होने पर आई टी एस ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ0 आर पी चड्ढा , वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं आई0 टी0 एस यू जी संस्थान की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ0) नैंसी शर्मा ने एनआईएसएम, मुंबई की टीम के प्रति उनके सहयोग और छात्रों को अन्वेषण, प्रयोग, सीखने और विकास का यह अद्भुत अवसर प्रदान करने के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किया। कॉलेज पहुंचने पर छात्र और उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चारु मल्होत्रा, डॉ. वंचन त्रिपाठी एवं आईटीएस यूजी कैंपस, मोहन नगर, गाजियाबाद द्वारा छात्रों को सर्वोत्तम अनुभव और विश्वस्तरीय शिक्षण अनुभव प्रदान कराने के निरंतर प्रयासों की सराहना की।

## यूपी-35 बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पीके सिंह के आदेशानुसार एनसीसी कैडेट को शस्त्र प्रशिक्षण दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मुरादनगर। श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में 35 यू पी बटालियन मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह के आदेश अनुसार एनसीसी कैडेट को शस्त्र प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पॉइंट 22 राइफल को खोलना, जोड़ना व पॉइंट 22 राइफल के पार्ट्स से अवगत कराया गया। इसी के साथ ही फायरिंग की पोजीशन लिलिंग पोजीशन, स्टैंडिंग पोजीशन, सिटिंग पोजिशन, लाइन पोजीशन आदि के बारे में बताया व निशाना लेना सिखाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार, हवलदार भूप सिंह, हवलदार पवन कुमार, आदि लोग उपस्थित थे।

# विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाई-टेंशन विद्युत लाइनों पर बाल आयोग की सख्ती

### आईपीए की शिकायत का हुआ असर बाल आयोग ने सरकारी स्कूलों के ऊपर से हाई-टेंशन तारों को भूमिगत करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश के अनेक सरकारी विद्यालयों के ऊपर अथवा अत्यंत निकट से गुजर रही हाई-टेंशन विद्युत लाइनों को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा जारी नोटिस का स्वागत किया है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा त्यागी की ने इसे स्कूल में पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और समयोचित कदम बताया है।

बाल आयोग द्वारा शिक्षा निद. ेशक, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश को जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश के कई विद्यालयों में हाई-टेंशन विद्युत लाइनें बच्चों के जीवन और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई हैं। किसी भी समय विद्युत दुर्घटना या तकनीकी खराबी से बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा हमारी शिकायत के आधार पर यह संज्ञान लिया गया है, जिसमें विद्यालयों के ऊपर/निकट से गुजर रही विद्युत लाइनों के चिन्हांकन, सुरक्षित मार्ग पर स्थानांतरण तथा तब तक के लिए विद्यालय परिसरों में सुरक्षा चेतावनी व आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने की मांग की गई थी।

आईपीए के महासचिव महिपाल रावत ने कहा कि एनसीपीसीआर द्वारा "सुरक्षा एवं संरक्षा मैनुअल 2021" के अनुपालन पर जोर देना दर्शाता है कि आयोग बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आईपीए राज्य सरकार और संबंधित विभागों से अपील करती है कि आयोग के निर्देशों का त्वरित अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से पहले ही ठोस कदम उठाए जा सकें।

आईपीए के कानूनी सलाहकार अशोक गहलोत ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और विद्यालय परिसरों को हर प्रकार के जोखिम से मुक्त करना सरकार और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। आईपीए बच्चो की सुरक्षा से जुड़े इस महत्पूर्ण विषय पर निरंतर निगरानी रखेगी और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी आवाज उठाती रहेगी।

## वोटर लिस्ट में सहयोग करने के लिए एसडीएम ने किया राशन डीलरो को निर्देशित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** तहसील मोदीनगर के सभागार में भोजपुर ब्लॉक और मोदीनगर के समस्त राशन डीलरों के साथ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ उप जिलाधिकारी विधानसभा 57 मोदीनगर महोदय के द्वारा बैठक की गई। ए आर ओ विनोद भारती के निर्देशन में आयोजित बैठक में एसडीएम द्वारा राशन डीलरों को निर्देशित किया गया कि आपके क्षेत्र में कोई भी पत्र मतदाता वोटर लिस्ट में जुड़ने से ना छूटे, राशन डीलर को फॉर्म 6 भरने



के लिए प्राथमिकता पर यह कार्य बीएलओ के सहयोग से किया जाना है। मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध हो इसके लिए अधिक से अधिक फॉर्म 8 भरने के लिए निर्देशित किया गया स दिनांक 6 फरवरी 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता का नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है, जिसके लिए राशन डीलरों का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में सभी राशन डीलर उपस्थित हुए थे और सभी ने अधिक से अधिक फॉर्म 6 भरकर बीएलओ की सहयोग करने का आश्वासन दिया है स सभी राशन डीलर से अगले सप्ताह पुनः समीक्षा की जाएगी कि आपके द्वारा बीएलओ को कितने फॉर्म 6 भर कर दिए गए। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में ग्राम के सभी पात्र कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने में सम्बन्धित लेखपाल एवं पंचायत विभाग, अन्य विभाग के कर्मचारियों का सहयोग करने हेतु ब्लॉक भोजपुर तहसील मोदीनगर के राशन डीलर्स को निर्देशित किया गया है।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

# शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण, विकास एवं सौंदर्यकरण कार्यों की बनाएं सूची: मुख्य विकास अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की विस्तार से जानकारी कृषकों को दी गई। राम जतन मिश्र, उप कृषि निदेशक गाजियाबाद द्वारा गत किसान दिवस की शिकायतों की अनुपालन आख्या का विस्तृत ब्योरा समस्त कृषकों के सम्मुख पढ़कर सुनाया गया, जिसमें गत किसान दिवस की कुछ शिकायतों के निस्तारण पर कृषकों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

कुछ शिकायतों के सम्बंध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय, द्वारा संबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण अतिशीघ्र कर सम्बन्धित कृषक एवं उप कृषि निदेशक गाजियाबाद को आख्या उपलब्ध करायें। कृषक राजवीर ग्राम रहीसपुर द्वारा अपनी शिकायत के संबंध में अनुरोध किया कि ग्राम रहीसपुर से ग्राम सदरपुर तक सड़क एवं नाली निर्माण कराया जाये। जिसका निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भी किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया कि इस तरह की सड़के जिनका जीर्णोद्धार किया जाना है। उनकी एक सूची बनाई जाये तथा इनको ओडीआर में कन्वर्ट करा कर जीर्णोद्धार की कार्यवाही की जाये। इसी प्रकार



कल्दा रजवाहा की पटरी चोड़ीकरण के संबंध में अधिशासी अभियन्ता सिचाँई विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क के गड्ढे भरवा दिये गये है। ओडीआर में कन्वर्ट करा कर चोड़ी करने का कार्य किया जायेगा।

जिला गन्ना अधिकारी द्वारा अपील की गई कि जिन सड़को का निर्माण गन्ना विभाग द्वारा किया जाना है। उनको सड़को का नाम जिला गन्ना अधिकारी गाजियाबाद को नोट करा दे। मास्टर जगदीश त्यागी द्वारा प्रस्ताव रखा की सहकारी समिति के शेयर की धनराशि पर मिलने वाले ब्याज का अन्श कृषको को वितरीत कराया जाये। एक शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम दुहाँई में तालाब का सौन्दर्यकरण कराया जाये। जिसके संबंध में अधिशासी अभियन्ता नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि तालाब का सौन्दर्यकरण करा दिया गया है। इस पर बिजेन्द्र सिंह अध्यक्ष किसान यूनियन द्वारा अवगत कराया गया कि दुहाँई में दो तालाब है जिनमें से एक तालाब के सौन्दर्यकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। एक शिकायतकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि आकाश नगर की नाली ठीक करायी जाये जिस के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यह कार्य जिला पंचायत द्वारा किया जायेगा। बैठक में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मनोज नागर, बिजेन्द्र तोमर, राजवीर सिंह, आदि कृषको द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय को शिकायतो के संबंध में ज्ञापन सोपा गया। किसान दिवस में विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, गन्ना विभाग, लोक निर्माण विभाग, प्रतिनिधि अपर नगर आयुक्त, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, लोक निर्माण, सिंचाई के साथ-साथ अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

मैं मधु चौधरी पत्नी सुभाष चौधरी निवासी- 114, संदीप एक्लेव अकबरपुर बहरामपुर थाना- क्रोसिंग रिपब्लिक जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र मनीष चौधरी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

# गणतंत्र दिवस को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल और गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान मालवाहक वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

दिल्ली से होकर अन्य राज्यों में जाने वाले मालवाहक वाहनों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से डायवर्जन लागू कर विभिन्न मार्गों से गुजारा जाएगा। साथ ही कई स्थानों पर चेकिंग भी की जाएगी। यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि पहले 22 को रात दस बजे से 23 जनवरी तक फुल ड्रेस रिहर्सल के कार्यक्रम तक और इसके बाद 25 को रात दस बजे से 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम की समाप्ति तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। जिले से गुजरते हुए दिल्ली राज्य में प्रवेश लेने वाले हर प्रकार के मालवाहक वाहनों को डायवर्जन से होकर गुजरना होगा।

चिल्ला रेड लाइट से दिल्ली राज्य प्रवेश करने वाले वाहनों को चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से गुजरना होगा। डीएनडी बॉर्डर से प्रवेश करने वाले वाहन डीएनडी टोल प्लाजा से यू-टर्न लेकर नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर जा सकेंगे। कालिंदी कुंज यमुना बॉर्डर से दिल्ली प्रवेश कर गुजरने वाले वाहन यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किये जायेंगे। जो नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भेजे जाएंगे। यमुना एक्सप्रेसवे से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले वाहन फलैदा कट, रबूपुरा से सर्विस रोड होकर, गलगोटिया, जीबीयू से होते हुए पुस्ता तिराहे से होंडा सीएल चौक से कस्बा कासना होकर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के जरिये गुजरेंगे।

यमुना एक्सप्रेसवे से नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे होकर दिल्ली प्रवेश करने वाले वाहन जीरो प्वाइंट से परीचौक की ओर डायवर्ट किए जाएंगे।जो ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे होकर अपने रास्ते जाएंगे।

## हथियार सहित बदमाश धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी थाना पुलिस ने इलाके में सक्रिय एक हथियारबंद शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल और सात चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इस गिरफ्तारी से चार मामलों का खुलासा होने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार 20 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे गश्त के दौरान टीम ने एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल पर आते देखा। पुलिस को देखते ही वह यू टर्न लेकर भागने लगा, लेकिन सतर्कता दिखाते हुए टीम ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से बटनदार चाकू और सात मोबाइल फोन बरामद हुए। जांच में यह भी सामने आया कि जिस मोटरसाइकिल से वह घूम रहा था, वह गोकलपुरी थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# अमेरिकी नागरिक से मोबाइल छीनने का मामला सुलझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने 72 घंटे के भीतर अमेरिकी नागरिक से मोबाइल फोन छीनने की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही मोबाइल छीनने के दो मामलों को सुलझाने का दावा किया है।

यह घटना 15 जनवरी 2026 की देर रात की है, जब एक 37 वर्षीय अमेरिकी नागरिक जिंग टेंग चांदनी चौक इलाके में खरीदारी के लिए आए हुए थे। इसी दौरान ओमेक्स मॉल, चांदनी चौक के सामने एक स्कूटी सवार युवक ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पीएस कोतवाली पुलिस सक्रिय हुई और पीड़ित के बयान के आधार पर थाना कोतवाली में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। पीड़ित एक विदेशी नागरिक था, इसलिए मामले को गंभीरता से लेते हुए इंस्पेक्टर ज्ञान प्रकाश, इंस्पेक्टर कानून एवं व्यवस्था के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। यह टीम इंस्पेक्टर सुमन कुमार, एसएचओ कोतवाली की निगरानी और एसीपी कोतवाली शंकर बनर्जी के मार्गदर्शन में काम कर रही थी। टीम में हेड कांस्टेबल भूदेव, हेड कांस्टेबल नरेंद्र, कांस्टेबल विपुल, कांस्टेबल पूरन और कांस्टेबल अमित को शामिल किया गया।

जांच के दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के विश्लेषण के बाद आरोपी की स्पष्ट तस्वीरें सामने आईं, जिनमें वह मोबाइल छीनते हुए और पीड़ित द्वारा पीछा किए जाते हुए नजर आया। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया और आरोपी की तस्वीरें दिखाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। कड़ी मेहनत के बाद आरोपी की पहचान तौसीफ उर्फ तोशिफ के रूप में हुई, जो अजमेरी गेट इलाके के शाहगंज स्थित गली सक्को वाली का रहने वाला है और थाना कमला मार्केट का सक्रिय हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी और आखिरकार 19 जनवरी 2026 की सुबह गली सक्को वाली, जीबी रोड इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी उस समय एक और वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने 15 जनवरी की रात को ओमेक्स मॉल के बाहर अपने पिता की होंडा एक्टिवा स्कूटी से मोबाइल छीनने की बात स्वीकार की।

## अब रेल टिकट की बुकिंग पर डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** रेलवे ने रेलवन एप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की डिजिटल भुगतान पर 3 प्रतिशत छूट की घोषणा की है। यह सुविधा यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग सहित सभी स्वीकृत डिजिटल माध्यमों पर 14 जुलाई तक प्रायोगिक आधार पर उपलब्ध है। इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना, दैनिक यात्रियों को लाभ पहुंचाना और टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करना है। अब तक रेलवन एप पर अनारक्षित टिकट बुक करते समय केवल आर- वॉलेट के माध्यम से भुगतान करने पर ही तीन प्रतिशत बोनस कैशबेक की सुविधा उपलब्ध थी। डिजिटल भुगतान को और अधिक लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने यह लाभ अब सभी स्वीकृत डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू करने का निर्णय लिया है।

# दिल्ली पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस से पहले राजधानी में दिल्ली पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार और इसके कारोबारियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान चला रखा है, जिसके तहत पूरी दिल्ली की पुलिस अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ करने में लगी हुई है। इसी कड़ी में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शास्त्री पार्क इलाके में सरकारी स्कूल के गेट के बाहर खड़ी एक सफेद रंग की महिंद्रा बोलेरो पिकअप गाड़ी से 17 पेटी अवैध शराब बरामद की गई है। इस मामले में पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार रात स्कूल के गेट के बाहर यह गाड़ी काफी देर तक संदिग्ध हालत में खड़ी थी। इलाके में गश्त कर रही टीम को शक हुआ, जिसके बाद गाड़ी की छानबीन की गई। तलाशी के दौरान बोलेरो से 17 पेटियों में भरे क्वार्टर बरामद हुए। जांच में सामने आया है कि यह शराब हरियाणा में बिक्री हेतु थी। जिसे यह तस्कर दिल्ली और अन्य राज्यों में खपाने की तैयारी में थे।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस आरडब्लूए और एम डब्ल्यू के विभिन्न हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की।

# दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने आरडब्लूए व एम डब्ल्यू के साथ बैठक आयोजित की

■ **सभा में लगभग 300 सामुदायिक नेताओं व हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कम्युनिटी पुलिसिंग और डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली के दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एम डब्ल्यू ए) के हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त पुलिस आयुक्त, दक्षिणी रेंज एस. के. जैन,दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी, दक्षिण पूर्वी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या शर्मा की उपस्थिति में की। इस सभा में लगभग 300 सामुदायिक नेताओं और हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

सत्र के दौरान, दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी, दक्षिण पूर्वी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त/ ऐश्वर्या शर्मा, ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने एक सुरक्षित पड़ोस के लिए तीन मुख्य स्तंभों पर प्रकाश डाला। बैठक में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एम डब्ल्यू ए) के प्रतिनिधियों ने स्थानीय सुरक्षा चिंताओं को उठाया और वर्तमान पुलिसिंग रणनीतियों पर प्रतिक्रिया साझा की। कार्यक्रम के समापन पर, संयुक्त पुलिस आयुक्त, दक्षिणी रेंज एस. के. जैन,ने हितधारकों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को भरोसा दिलाया कि उनके फीडबैक की न सिर्फ समीक्षा की जाएगी, बल्कि उस पर सीधे कार्रवाई भी की जाएगी और उनकी शंकाओं और समस्याओं को जल्द से जल्द हल किया जाएगा।

## सबोली वार्ड में विकास कार्य तेजी से जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गोकलपुर विधान सभा के अंतर्गत सबोली वार्ड में गलियों, नालियों और सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। यह सभी विकास कार्य स्थानीय विधायक चौधरी सुरेंद्र कुमार के विधायक फंड से कराए जा रहे हैं। सबोली वार्ड से निगम पार्षद चौधरी जसवंत सिंह ने बताया कि पार्षद बनने के बाद गांव की आठ गलियों का निर्माण, प्राचीन मंदिर वाली गली का पुनर्निर्माण, फनेखा मोड़ से सेवा धाम रोड तक सड़क निर्माण तथा फनेखा मोड़ से सबोली फाटक तक सड़क निर्माण का कार्य कराया गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड की हर गली का विकास किया जाएगा।

# विजेंद्र गुप्ता ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट संविधानिक मर्यादाओं, संस्थागत समन्वय तथा सहकारी संघवाद की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

शिष्टाचार मुलाकात के दौरान गुप्ता ने दिल्ली विधान सभा द्वारा संस्थागत दक्षता, पारदर्शिता, सतत विकास एवं जनसहभागिता को बढ़ावा देने हेतु उठाए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों की जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि दिल्ली विधान सभा ने राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग नेवा को पूर्ण रूप से अपना लिया है तथा हाल ही में संपन्न शीतक. ालीन सत्र, पूर्ण डिजिटल एकीकरण के उपरांत आयोजित दूसरा सत्र रहा।

यह पहल कागज-रहित एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम विधान प्रक्रिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गुप्ता ने यह भी उल्लेख किया कि दिल्ली विधान सभा देश की पहली विधान सभा बन गई है जो पूर्णत: सौर ऊर्जा पर संचालित हो रही है। इस ऐतिहासिक कदम से न केवल कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है, बल्कि संवैधानिक संस्थानों में पर्यावरणीय उत्तरदायित्वपूर्ण शासन का एक अनुकरणीय उदाहरण भी स्थापित हुआ है। विजेंद्र गुप्ता ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को "शताब्दी यात्रा ख्र वीर विठ्ठलभाई पटेल" शीर्षक स्मारक कॉफी टेबल बुक के विषय में भी जानकारी दी, जिसमें दुर्लभ अभिलेखीय छाया चित्रों एवं ऐतिहा. सिक दस्तावेजों के माध्यम से भारत की संसदीय परंपराओं और लोक तांत्रिक विकास की महत्वपूर्ण घटनाओं का संकलन किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें काफी टेबल बुक भी भेंट की स इसके अतिरिक्त अध्यक्ष ने दिल्ली विधान सभा को राष्ट्रीय महत्व के सांस्कृतिक एवं धरोहर स्थल के रूप में विकसित करने की दीर्घकालिक परिकल्पना साझा की।

# बांग्लादेश के खेलने से रोकने की मांग पर लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एक लॉ स्टूडेंट को आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में बांग्लादेश को खिलने से रोकने के उद्देश्य से दायर की गई एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर कड़ी फटकार लगाई। याचिका में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी के खिलाफ कथित अत्याचारों का हवाला दिया गया था। लॉ स्टूडेंट ने यह भी अनुरोध किया था कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बांग्लादेश को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजनों में तभी भाग लेने की अनुम. ति दे जब यह पुष्टि हो जाए कि देश किसी भी मानवाधिकार का उल्लंघन नहीं कर रहा है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायाधीश तेजस करिया की पीठ ने याचिका के औचित्य पर सवाल उठाए। उन्होंने याचिकाकर्ता की वकील, देवयानी सिंह से पूछा, 'यह किस तरह की याचिका है? कोर्ट ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए पूछा, यह किस तरह की जनहित याचिका है?

## कई इलाकों में ठप रहेगी पानी की सप्लाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई प्रमुख इलाकों में बृहस्पतिवार यानी आज पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा भूमिगत जलाशय (यूजीआर) और बूस्टर पंपिंग स्टेशनों के वार्षिक फ्लशिंग कार्यक्रम के चलते यह निर्णय लिया गया है। इस वजह से इन क्षेत्रों के लाखों निवासियों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली के कई इलाकों में बृहस्पतिवार को पानी की सप्लाई ठप रहेगी। इनमें डीडीए फ्लैट, कल्याण विहार, नांगलोई, जीएच - 12 पश्चिम विहार, मुंडका और आसपास की कॉलोनियां, हिरन कुडना, कमरुद्दीन नगर, निहाल विहार, रणहौला गांव, बक्करवाला, नांगलोई जेजेसी और कैंप, आर ब्लॉक ज्वालापुरी, राजधानी पार्क, फ्रेंड्स एन्क्लेव, कविता कॉलोनी, मोहन गार्डन समूह की कॉलोनियां, फिश मार्केट बूस्टर कमांड क्षेत्र की कॉलोनियां, विकास नगर समूह की कॉलोनियां, उत्तम नगर समूह की कॉलोनियां, मटियाला क्षेत्र, हस्तसाल, ढिचाऊंकलां, झरोदा गांव, गोपाल नगर समूह की कॉलोनियां, सैनिक एन्क्लेव और सभी आसपास की कॉलोनियां, छावला गांव, बडू सराय, उज्वा और दौलतपुर समेत अन्य कॉलोनी शामिल हैं।



विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए।

# राशन कार्ड जारी करने का फैसला सराहनीय: जैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिले के मीडिया संयोजक विनीत जैन ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार राजधानी दिल्ली के लोगों के हित में लगातार फैसले ले रही है और नई-नई योजनाओं के माध्यम से लाखों लोगों को लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान दिल्ली के विकास का पहिया जाम पड़ गया था, जिसे पटरी पर लाने के लिए रेखा गुप्ता सरकार को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है।

एक साल से भी कम समय में सरकार ने एक दर्जन से अधिक नई योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है, जिससे जल्द ही दिल्ली की तस्वीर बदलती नजर आएगी। विनीत जैन ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से नए राशन कार्ड जारी नहीं किए गए थे और आखिरी बार 2013 में राशन कार्ड बने थे, जिसके कारण करीब 3 लाख 90 हजार आवेदन लंबित पड़े थे। अब नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

सत्यापन के दौरान बड़ी संख्या में अयोग्य लाभार्थियों, डुप्लीकेट कार्ड, मृत व्यक्तियों और शहर छोड़ चुके लोगों के नाम सूची से हटाए गए हैं, जिससे उतनी ही संख्या में नए पात्र परिवारों को राशन कार्ड मिल सकेंगे। हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में वार्षिक आय सीमा बढ़ाकर 1.20 लाख रुपये कर दी गई है।

## एम्स ने 13 महीने में की एक हजार रोबोटिक सर्जरी

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली में बीते 13 महीने में एक हजार रोबोटिक सर्जरी कर इतिहास रचा है। एम्स का दावा है कि देश में पहली बार किसी चिकित्सीय संस्थान ने रोबोट की मदद से जनरल सर्जरी को अंजाम दिया है। मरीजों की यह सर्जरी पूरी तरह से निशुल्क की गई। रोबोट की मदद से सर्जरी में सटीकता बढ़ी, कम चीर-फाड़ और खून का रिसाव बेहद कम देखने को मिला है। एम्स में 2024 में पांच नवंबर को पहली बार दा विंची रोबोट की मदद से रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत की गई थी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा बडा लडका राहुल व उसकी पत्नी प्रिया मेरे व मेरी पत्नी के कहने में नहीं है मेरे व मेरी पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अपमानित करते हैं प्रिया अपने मां बाप व परिवार वालों के अतिरिक्त प्रभाव में हैं, जो उसे हर समय उकसाते रहते हैं और टोना टोटका कराकर मुझे व मेरी पत्नी को वशीकरण के प्रभाव से गंभीर आघात पहुंचा सकती है और मकान को अपने नाम कराने व हमे घर से बाहर निकालने व जान से मारने की धमकी देती है। जिस कारण मैने इन दोनों से समस्त सम्बन्ध समाप्त करते हुए इन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इन दोनों से हमारा किसी प्रकार का संबंध नहीं रहा इनके किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी या परिवार के किसी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूरज पाल गुप्ता**
**पुत्र स्व. रामलाल गुप्ता**
**निवासी-पी-16, किशन विहार,**
**नॉर्थ वेस्ट दिल्ली,**
**थाना सुल्तानपुरी**
**पिन नंबर 110086**

**यात्रीगण कृपया ध्यान दें!**

**कामाख्या जं. एवं रोहतक जं. के बीच**
**नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा कामाख्या जं. एवं रोहतक जं. स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस सेवा रेलगाड़ी सं. 15671/15672 शुरू की गई है। रेल सेवा की समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ी सं. 15671/15672 कामाख्या जं. - रोहतक जं. - कामाख्या जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15671 आगमन | गाड़ी सं. 15671 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 15672 आगमन | गाड़ी सं. 15672 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:00 | कामाख्या जं. | 12:35 | --- |
| 22:38 | 22:43 | रंगिया जं. | 10:00 | 10:05 |
| 23:25 | 23:27 | बरपेटा रोड | 09:00 | 09:02 |
| 23:55 | 00:05 | न्यू बंगाईगाँव | 08:15 | 08:25 |
| 01:00 | 01:02 | कोकराझार | 07:33 | 07:35 |
| 02:20 | 02:25 | न्यू कोच बिहार | 06:05 | 06:10 |
| 05:10 | 05:20 | न्यू जलपाईगुड़ी | 04:10 | 04:20 |
| 06:25 | 06:27 | किशनगंज | 02:30 | 02:32 |
| 07:15 | 07:17 | बारसोई जं. | 01:40 | 01:42 |
| 09:20 | 09:30 | कटिहार जं. | 00:30 | 00:40 |
| 10:23 | 10:25 | नवगछिया | 22:48 | 22:50 |
| 11:30 | 11:32 | मानसी जं. | 21:35 | 21:37 |
| 11:43 | 11:45 | खगड़िया जं. | 21:23 | 21:25 |
| 12:23 | 12:25 | बेगूसराय | 20:36 | 20:38 |
| 13:10 | 13:20 | बरौनी जं. | 20:10 | 20:20 |
| 15:15 | 15:20 | हाजीपुर | 18:40 | 18:45 |
| 15:28 | 15:30 | सोनपुर | 18:28 | 18:30 |
| 17:20 | 17:30 | छपरा | 17:00 | 17:10 |
| 18:30 | 18:35 | बलिया | 14:35 | 14:40 |
| 19:50 | 19:55 | गाज़ीपुर सिटी | 13:35 | 13:40 |
| 20:58 | 21:00 | औंडिहार जं. | 12:50 | 12:52 |
| 22:55 | 23:05 | वाराणसी | 12:00 | 12:10 |
| 23:20 | 23:22 | ज्ञानपुर रोड | 10:48 | 10:50 |
| 01:20 | 01:22 | प्रयागराज रामबाग | 10:00 | 10:02 |
| 01:35 | 01:40 | प्रयागराज जं | 09:20 | 09:25 |
| 04:05 | 04:10 | गोविंदपुरी | 06:25 | 06:30 |
| 06:55 | 06:57 | टूण्डला जं. | 02:50 | 02:52 |
| 11:44 | 11:46 | गाजियाबाद | 00:41 | 00:43 |
| 13:00 | 13:10 | दिल्ली जं | 23:55 | 00:05 |
| 13:54 | 13:56 | बहादुरगढ़ | 22:38 | 22:40 |
| 14:45 | ----- | रोहतक जं. | ----- | 22:10 |

चलने के दिन: **15671** कामाख्या जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 30.01.2026 से एवं **15672 रोहतक जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 01.02.2026 से।

स्थान: शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

218/2026 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**महत्वपूर्ण सूचना**

**गणतंत्र दिवस-2026 के मद्देनजर**
**दिल्ली क्षेत्र में पार्सल यातायात पर अस्थाई प्रतिबंध**

सर्व सम्बंधित को सूचित किया जाता है गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए दिल्ली क्षेत्र (यानी नई दिल्ली, दिल्ली ज०, हजरत निजामुद्दीन, आनन्द विहार टर्मिनल और दिल्ली सराय रोहिल्ला) में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी सहित) पर दिनांक 23.01.2026 से 26.01.2026 तक अस्थाई प्रतिबंध लगाए गए हैं। पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकेज/पैकिंग से मुक्त रहेंगे और सभी उपरोक्त स्टेशनों पर लीज्ड एसएलआर और वीपी सहित आवक और जावक पार्सल ट्रैफिक दोनों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

केवल यात्री डिब्बों में व्यक्तिगत सामान की अनुमति दी जा सकती है और सभी व्यावसायिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग की अनुमति दी जाएगी।

यह प्रतिबंध दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों (यानी नई दिल्ली, दिल्ली ज., हजरत निजामुद्दीन, आनन्द विहार टर्मिनल और दिल्ली सराय रोहिल्ला) से चलने वाली ट्रेनों में सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन (लीज्ड एसएलआर, वीपी सहित) पर लागू है और साथ ही यह प्रतिबंध अन्य मंडलों/क्षेत्रीय जोन से प्रारंभ होकर दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से गुजरने वाली रेलगाड़ियों की लोडिंग/अनलोडिंग के लिए भी लागू है।

222/26 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# फील्ड सीजन 2026-27 के लिए अन्वेषण कार्य योजना शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेंट्रल जियो लॉजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड (CGPB) की 65वीं बैठक आज ए. पी. शिंदे सिम्पोजियम हॉल, ICAR, पूसा, नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक का उद्घाटन खान मंत्रालय के सचिव पीयूष गोयल ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI) के महानिदेशक असित साहा, खान मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव संजय लोहिया और ळैप् के अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. जॉयेश बागची भी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता खान मंत्रालय के सचिव और CGPB के अध्यक्ष पीयूष गोयल ने की। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, उद्योग, शिक्षाविदों और खनन क्षेत्रों के प्रमुख हितधारक भू-वैज्ञानिक प्रगति और खनिज अन्वेषण रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आए, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों, संसाधन वृद्धि, ऊर्जा परिवर्तन, भू-खतरा प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया गया। अपने स्वागत भाषण में, जियो लॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के महानिदेशकअसित साहा ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और आत्मनिर्भर भारत के विजन के साथ भू-वैज्ञानिक कार्यक्रमों को संरेखित करने के लिए GSI की दृढ़ प्रतिबद्धता पर जोर दिया। खान मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव संजय लोहिया ने अपने संबोधन में सभी अन्वेषण एजेंसियों द्वारा देश में अन्वेषण में तेजी लाने के महत्व पर जोर दिया।



## अनुगूंज प्रीलिम्स 2026 का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** लिंग्याज ललिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज (एलएलडीआईएमएस) में 'अनुगूँज प्रीलिम्स 2026' का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र की शोभा प्रसिद्ध अभिनेत्री हीना कालिया ने मुख्य अतिथि के रूप में बढ़ाई। उन्होंने युवा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सलाह दी कि वे इंस्टाग्राम रील्स जैसी क्षणभंगुर दुनिया से प्रभावित न हों और अपने जीवन में अनुशासन, प्रामाणिकता तथा दीर्घकालिक दृष्टि को महत्व देंख्रचाहे वह व्यक्तिगत जीवन हो या व्यावसायिक।वरिष्ठ पत्रकार प्रीति सिंह ने अपने प्रेरक संबोधन में यह रेखांकित किया कि सफलता के लिए एकाग्रता और ईमानदारी अपरिहार्य मूल्य हैं। दिन भर साहित्यिक प्रतियोगिताओं, ललित कला कार्यक्रमों और विविध नृत्य प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह, रचनात्मकता और खेलभावना के साथ सहभागिता की। परिसर में सहयोग, समावेशन और युवा ऊर्जा की स्पष्ट झलक दिखाई दी।

# 20 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में 20 हजार रुपये का इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया।

उसके कब्जे से अवैध तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थाना प्रभारी के अनुसार पौपाई पेट्रोल पंप के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध बाइक सवार बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के बाद उसे हिरासत में लिया गया।



गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान जैद पुत्र एजाज निवासी मोहल्ला इस्लामाबाद, गली नंबर चार, बुनकर नगर, थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जैद शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ मेरठ, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर और हापुड़ जनपदों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस संबंध में थाना गढ़मुक्तेश्वर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# साप्ताहिक पैठ विवाद पर आजाद समाज पार्टी-भीम आर्मी का बड़ा खुलासा, प्रदर्शन को बताया साजिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** लज्जापुरी रामलीला मैदान में लगने वाली साप्ताहिक पैठ (बाजार) को लेकर बुधवार को उस समय विवाद गहरा गया, जब कुछ लोगों ने आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के झंडे लेकर विरो.ध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार स्वाति गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। इस पूरे मामले पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए इसे पार्टी की छवि धूमिल करने की साजिश बताया और प्रदर्शन से किसी भी प्रकार का संबंध होने से साफ इनकार कर दिया। सुनील कुमार मंत्री ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर गरीब, मजलूम और वंचित वर्ग की आवाज हैं और उनकी पार्टी कभी भी उन हजारों परिवारों के खिलाफ प्रदर्शन नहीं कर सकती, जिनकी रोजी-रोटी साप्ताहिक पैठ से जुड़ी हुई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रदर्शन का पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है और कुछ लोग पार्टी के नाम और झंडे का दुरुपयोग कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी 2026 को रामलीला मैदान हापुड़ में साप्ताहिक पैठ के विरोध में जिन लोगों ने प्रदर्शन किया, वे न तो आजाद समाज पार्टी के सदस्य हैं और न ही भीम आर्मी से उनका कोई संबंध है। इस संबंध में पार्टी संगठन को पहले से कोई सूचना भी नहीं दी गई थी। संगठन ने इस पूरे घटनाक्रम का खंडन करते हुए लज्जापुरी में लगने वाली साप्ताहिक पैठ से किसी भी तरह का सरोकार होने से इंकार किया। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले को लेकर कोई अप्रिय घटना होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदर्शन करने वाले लोगों की स्वयं की होगी। पार्टी और संगठन का इससे कोई लेना-देना नहीं रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही कहा कि आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी सदैव गरीब, मजदूर और छोटे व्यापारियों के हितों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिक. रों की लड़ाई लड़ती रहेगी।



# हापुड़ की युवा टीम का दमदार प्रदर्शन, बुलंदशहर पर तीन विकेट से जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को शुरू हुई अंडर-19 क्रिकेट लीग में हापुड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुलंदशहर को तीन विकेट से परा. जित कर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। मुकाबले में ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए हापुड़ के रवि सैनी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल त्यागी के जन्मदिवस एवं स्मृति में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट लीग का पहला मैच हापुड़ और बुलंदशहर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बुलंदशहर की टीम 33.3 ओवर में 181 रन पर सिमट गई। बुलंदशहर की ओर से अमन राजपूत ने 69 रन और सुख मंगल ने 46 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। हापुड़ की तरफ से गेंदबाजी में रवि सैनी ने तीन विकेट झटके, तुषार यादव ने दो विकेट लिए, जबकि अंकित सहवाग और प्रियांशु कश्यप ने दो-दो बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हापुड़ की टीम ने सात विकेट खोकर 184 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। हापुड़ की ओर से अभिजीत सिंह ने शानदार 54 रन बनाए। इसके अलावा श्रेष्ठ कसाना ने 35 रन, आदित्य सिसोदिया ने 23 रन और तनिष्क शर्मा ने 25 रन का योगदान दिया। बुलंदशहर की ओर से काजिम ने दो विकेट हासिल किए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। लीग का शुभारंभ हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़ और भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने किया। डा. नितिन गौड़ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना का प्रतीक है। यह हमें जीत में विनम्रता और हार में धैर्य रखना सिखाता है। कविता माधरे ने खिलाड़ियों से पूरे जोश, ईमानदारी और खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। हापुड़ जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डा. विपिन गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष स्व. अनिल त्यागी की स्मृति में यह क्रिकेट लीग आयोजित की जाती है। इस बार हापुड़, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर की टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को हापुड़ और गौतमबुद्धनगर के बीच मुकाबला खेला जाएगा। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के संरक्षक रामकुमार त्यागी, डा. सुदर्शन त्यागी, उपाध्यक्ष आयुष सिंहल, नवीन सचदेवा, रोहन सिंहल, भाजपा जिला महामंत्री मोहन सिंह, पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष संजय डावर, साजिद खान, डा. मोहि. त, आशीष मित्तल, कमलदीप, बुलंदशहर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष अमरीश गुप्ता, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



# शिक्षा व चिकित्सा में जीएस कॉलिज को उत्कृष्टता की पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**पिलखुआ।** जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल को क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) से 'ए-ग्रेड' मान्यता मिलने पर संस्थान परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह उपलब्धि कॉलेज की उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं और मजबूत आधारभूत संरचना की गुणवत्ता को प्रमाणित करती है। समारोह में शिक्षकों, चिकित्सकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि शर्मा का प्राचार्या प्रो. भावना सिंह ने ग्रीन वेलकम कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर सोनाली शर्मा की



गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष ऊर्जा प्रदान की। वक्ताओं ने कहा कि 'ए-ग्रेड' मान्यता संस्थान के सतत प्रयासों और गुणवत्तापूर्ण कार्य संस्कृति का परिणाम है, जो आने वाले समय में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूने का मार्ग प्रशस्त करेगी। समारोह के दौरान कॉलेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले फैकल्टी और नॉन-फैकल्टी सदस्यों को सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. प्रवीन गोयल, उप-प्रधानाचार्या डा. जिना पटनाईक एवं डा. निलोफर ने मार्गदर्शन करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
अंत में वक्ताओं ने आयुर्वेद पद्धति के प्रचार-प्रसार, शोध, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प दोहराया। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी उच्च मानकों को बनाए रखते हुए समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएंगे।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान में तेजी, दस्तावेज सत्यापन शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**धौलाना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत नोटिस प्राप्त मतदाताओं की विधिवत सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धौलाना तहसील भवन में निर्धारित तिथियों पर नागरिक उपस्थित होकर अपने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर रहे हैं, जिनका प्रशासनिक स्तर पर गहन सत्यापन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिस में दर्शाई गई 11 आवश्यक दस्तावेजों की सूची के अनुसार जन्म तिथि, जन्म स्थान और नागरि. कता से संबंधित प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही है। अधिकारी मौके पर ही अभिलेखों की प्राथमिक जांच कर रहे हैं, जिसके बाद सक्षम कार्यालय द्वारा संबंधित मतदाता का नाम मतदाता सूची में बनाए रखने अथवा हटाने को लेकर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पूरी प्रक्रिया आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संचालित की जा रही है। धौलाना के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार प्रवेश कुमार ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जिन निर्वाचकों ने फॉर्म भरते समय आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए थे, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। ऐसे सभी नोटिसधारकों की सुनवाई बुधवार को निर्धारित तिथि और समय के अनुसार की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों की जांच गंभीरता से की जा रही है, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और अद्यतन बनी रहे। वहीं 58-धौलाना विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी मनोज कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर तहसील पहुंचकर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों और प्रक्रिया में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि समय रहते दस्तावेज प्रस्तुत करने से मतदाताओं का अधिकार सुरक्षित रहेगा और भविष्य में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।



# मतदाता सूची में गड़बड़ी पर सपा का बड़ा आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** एसआईआर से जुड़ी मतदाता सूची में नाम, पता और फोटो में सामने आ रही खामियों को लेकर समा. जवादी पार्टी ने बुधवार को गढ़ चौपला स्थित पुराने दिल्ली रोड के एक बैंक्वेट हॉल में समीक्षा बैठक आयोजित की। पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव के आह्वान पर बुलाई गई इस बैठक में एसआईआर की जिला प्रभारी आकिल मुर्तजा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सूची की गहन समीक्षा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि आकिल मुर्तजा ने कहा कि अभी से नए मतदाता बनवाने पर विशेष फोकस रखा जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर युवाओं और नए मतदाताओं को जोड़ने का संकल्प लेने को कहा। जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर भाटी ने एसआईआर प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकांश बीएलओ द्वारा बरती गई उदासीनता के कारण मतदाता सूची में नाम, पता और फोटो से जुड़ी कई खामियां सामने आई हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए चिंताजनक बताया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर हाल ही में मेरठ कमिश्नर से बातचीत हुई थी, जिसमें फार्म नंबर आठ भरने के बाद खामियों को दूर कराने का भरोसा दिया गया है। बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एसआईआर से जुड़ी गड़बड़ियों को दुरुस्त कराने के साथ-साथ अधिक से अधिक नए मतदाता बनवाने के अभियान में पूरी सक्रियता के साथ जुटें। बैठक में रविंद्र चौधरी, नैना सिंह, आशुतोष शर्मा, सिद्धार्थ चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष किशन सिंह तोमर, इकबाल कुरैशी, हाजी याद इलाही कुरैशी, साजिद दीवाई, दिनेश तोमर, जयवीर तोमर, साजिद वैद, आसमुहम्मद, फारूक प्रधान, वकार चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के हापुड़ दौरे के चलते पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। एक ही दिन सपाइयों की समीक्षा बैठक होने के कारण यह आशंका जताई जा रही थी कि कहीं कार्यकर्ता हापुड़ पहुंचकर डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में विरोध न कर दें। इसी को लेकर सीओ स्तुति सिंह और इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह बिष्ट भारी पुलिस बल के साथ समीक्षा स्थल पर पहुंचे और बैठक संपन्न होने तक मौके पर डटे रहे। सपाइयों के लौटने के बाद ही पुलिस बल वहां से रवाना हुआ।

## एक नजर

# सीएम तक मामला पहुंचते ही हरकत में प्रशासन, औद्योगिक भूमि कराई गई मुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र के मसूरी-गुलावठी रोड स्थित औद्योगिक क्षेत्र फेज-3 में यूपीएसआईडीसी की कीमती औद्योगिक भूमि पर लंबे समय से चले आ रहे अवैध कब्जे को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुक्त करा लिया। राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस कार्रवाई से औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया और भू-माफिया को स्पष्ट संदेश गया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले को लेकर गाजियाबाद निवासी अनिल यादव ने पहले जिलाधिकारी हापुड़ और उसके बाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को लिखित शिकायत भेजी थी। शिकायत में सरकारी भूमि के दुरुपयोग और राज्य सरकार को हो रही राजस्व हानि का गंभीर आरोप लगाया गया था। शिकायत के अनुसार मैसर्स कयूट फोर्जिंग्स प्रा. लि., भूखंड संख्या बीएन-114, एमजी रोड, फेज-3 की मालिक वीनू गुप्ता पर आरोप था कि उन्होंने अपने पति सुशील गुप्ता के साथ मिलकर फैक्ट्री से सटी यूपीएसआईडीसी की लगभग 1500 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि उक्त सरकारी भूमि पर चारदीवारी कर टीन शैड लगाया गया और फैक्ट्री से अवैध रूप से बिजली लाइन खींचकर भूमि को किराये पर देकर नाजायज वसूली की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए यूपीएसआईडीसी ने जांच कराई, जिसमें आरोपों की पुष्टि होने के बाद मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को हटवाया गया और भूमि को पुनः प्राधिकरण के कब्जे में ले लिया गया। इस संबंध में यूपीएसआईडीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार झा ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्राधिकरण की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले दिनों में औद्योगिक क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में वांछित नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमे में पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।
थाना प्रभारी के अनुसार थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बीएनएस में वांछित अभियुक्त को कचहरी के पास फ्रीगंज रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामबाबू उर्फ रामफल पुत्र कमलेश निवासी ग्राम समधाखाश डीह, थाना औराई, जनपद संत रविदास नगर भदोही के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार चे. कंग के दौरान सामिया गार्डन के पास एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ। इसके बाद उसे मौके से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नूर मोहम्मद उर्फ वसीम पुत्र चमन निवासी मोती कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना हापुड़ नगर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इस तरह की चेकिंग और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



# एक्शन मोड में डिप्टी सीएम, जेल, अस्पताल व पुलिस लाइन की परखी व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बुधवार शाम करीब चार बजे हापुड़ पहुंचे। पिलखुवा टोल प्लाजा पर भाजपा पदाधिका. रियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशास. निक अधिकारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिले में पहुंचते ही उपमुख्यमंत्री एक्शन मोड में नजर आए और क्रमवार कई महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
उपमुख्यमंत्री सबसे पहले निर्माणाधीन पुलिस लाइन पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानका. री ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुलिस लाइन का निर्माण गुणवत्ता के उच्च मानकों के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नई पुलिस लाइन के निर्माण से पुलिसकर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं, आधुनिक संसाधन और आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा, जिससे कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने जिला जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, बंदियों को दी जा रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सुधारात्मक और मानवीय दृष्टिकोण के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि बंदियों के पुनर्वास और सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जिला अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को मिल रही सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं और साफ-सफाई की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर और समय पर इलाज मिले, इसके लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभागों से जुड़े प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। शाम को उपमुख्यमंत्री भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पुलिस, प्रशासन, स्वास्थ्य और कारागार व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि आमजन को सुरक्षित वातावरण मिल सके और शासन-प्रशासन में पारदर्शिता बनी रहे। दौरे के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## एनएचएआई और वन विभाग विवाद

# जिलाधिकारी ने दिए जांच के आदेश

**बिजनौर।** मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे निर्माण के दौरान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों और वन विभाग की टीम के बीच हुई मारपीट का मामला अब गरमा गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जांच के लिए एक उच्च स्तरीय संयुक्त टीम का गठन किया है।
प्राप्त समाचार के अनुसार बीती 20 जनवरी को मेरठ-पौड़ी हाईवे पर गांव जीवनपुरी के पास आरक्षित वन क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा था। आरोप है कि एनएचएआई के कर्मचारी जेसीबी के जरिए पेड़ों की जड़ें उखाड़ रहे थे। सूचना मिलने पर वन विभाग के एसडीओ ज्ञान सिंह, वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र गौतम और वन दरोगा योगेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान वन विभाग की टीम और एनएचएआई के इंजीनियर अनूप सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। वन विभाग की टीम ने इंजीनियर को हिरासत में ले लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों में तनाव व्याप्त हो गया। घटना के बाद दोनों ओर से थाना शहर कोतवाली में तहरीर दी गई थी। मामला शासन स्तर तक पहुंचने के बाद डीएम जसजीत कौर ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए अपर जिलाधिकारी और एसपी सिटी की एक संयुक्त टीम गठित की है। डीएम ने कहा कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद से हाईवे निर्माण कार्य और प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब सभी की नजरें जांच टीम की रिपोर्ट पर टिकी हैं। उधर वन विभाग के अधिका. रियों ने भी अपना पक्ष सामने रखा है। इसके मुताबिक सामाजिक वानिकी प्रभाग बिजनौर के उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्ञान सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी महेश चंद गौतम, वन दरो. गा योगेंद्र अन्य वन कर्मियों के द्वारा नेशनल हाईवे के निर्माण परियोजना की अनुमति की शर्तों के अनुपालन की जांच व परीक्षण का कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान वन कर्मियों द्वारा जीवनपुरी के निकट राज्य पशु बारहसिंगा अभ्यारण्य के अंतर्गत एक व्यक्ति अनूप पुत्र प्रेमपाल निवासी ग्राम कसेरी, थाना कासगंज अपने अन्य साथियों के साथ सैंचुरी क्षेत्र से जेसीबी की सहायता से वृक्षों को जड़ों से उखाड़कर मिट्टी सहित डंपर में भर रहा था। जैसे ही वनकर्मी उनकी ओर बढ़े, तो जेसीबी चालक व उसके अन्य साथी मौके से फरार हो गए। अनूप से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वह एनएच के एसडीओ आशीष शर्मा के कहने पर चोरी छुपे यह काम कर रहे हैं। उस व्यक्ति ने फोन पर आशीष शर्मा व एनएच के अन्य कर्मियों से बात की, तो उनके द्वारा वन कर्मियों के लिए गाली गलौच का प्रयोग किया गया।

# हत्यारोपी शीतल गिरफ्तार

**चांदपुर।** वादी विपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र राघेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नकटुआ पोस्ट निहरथा थाना लालगंज जनपद रायबरेली द्वारा चांदपुर थाना हाजिर होकर तहरीर दी कि एक महिला शीतल पुत्री अज्ञात निवासी हापुड़ व अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पैसे के लेनदेन को लेकर वादी के चचेरे भाई हरिओम सिंह पुत्र भोला सिंह की हत्या कर दी है।
तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला शीतल (25 वर्ष) पुत्री शिवचरन निवासी मोहल्ला अम्बेडकर नगर नई मण्डी मुरादपुर रोड थाना कोतवाली देहात जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ में शीतल ने बताया कि वह सीएसओ है तथा मृतक हरिओम सिंह के साथ लगभग डेढ़ वर्ष से पति-पत्नी की तरह लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। दिसम्बर 2025 में वह गर्भवती हुई थी। उपचार के दौरान उसका मिसकैरेज हो गया था,
जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। 15 जनवरी 2026 को मृतक द्वारा गाली गलौच व मारपीट किये जाने पर वह अपने घर हापुड़ चली गई थी। 18 जनवरी 2026 को वह पुनः चांदपुर लौटी तो उसने फिर अपसी विवाद होने की बात कही। इसी दौरान मृतक हरिओम ने बिजली के केबिल से पंखे पर फांसी लगाने का प्रयास किया, जिस पर शीतल ने जान से मारने की नियत से उसके पैरों में लात मार दी, जिससे वह फंदे पर लटक गया। कुछ समय बाद आरोपी शीतल ने उसको फंदे से उतारकर परिजनों/मित्रों को सूचना दी तथा अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# गढ़गंगा यूनिवर्सिटी के लिए 23 जनवरी को निकलेगी संकल्प यात्रा, सीएम को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गढ़मुक्तेश्वर।** सामाजिक संगठन शौर्य शक्ति फाउंडेशन द्वारा गढ़ गंगा यूनिवर्सिटी की स्थापना की मुहिम को गति देने के लिए 23 जनवरी को संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। इसका उद्देश्य आम जनता को इस आंदोलन में भागीदार बनाना और स्थानीय स्तर पर यूनिवर्सिटी की मांग को व्यापक जन समर्थन दिलाना है। नेशनल हाईवे किनारे आयोजित एक बैठक में मुख्य अतिथि पंडित आशुतोष शर्मा ने कहा कि पौराणिक महत्व और धार्मिक दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात गढ़ गंगानगरी शैक्षिक, आर्थिक और रोजगार के क्षेत्र में अत्यंत पिछड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर देने के लिए गढ़ गंगा नाम से यूनिवर्सिटी की स्थापना बेहद आवश्यक है। बैठक में तय किया गया कि 23 जनवरी को स्याना चौपला से सैकड़ों लोगों द्वारा संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी वहां पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा परिचमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा, भाकियू सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश गुर्जर, अंकित भड़ाना, सुनील शर्मा, विक्रम कसाना, बिंदर कश्यप और अंकित कौशिक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने सभी नागरिकों से इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी करने और क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होने की अपील की।

# फर्जी फाइनेंस गैंग का भंडाफोड़

## तीन शातिर गिरफ्तार, पांच लग्जरी कारें और 28 फर्जी दस्तावेज बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की थाना फेस-2 पुलिस और सीआरटी स्वाट-02 टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए फाइनेंस के नाम पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच लग्जरी चार पहिया वाहन और 28 फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 20 जनवरी 2026 को फूलमंडी के पास से अभियुक्त अमित गुप्ता, अनुराग उर्फ अमित और नवीन भावरी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी जैसे दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर




वाहनों को बैंक फाइनेंस पर खरीदते थे। इसके बाद लोन की किश्तें जमा किए बिना ही उन गाड़ियों को अलग-अलग राज्यों में कम कीमत पर बेच देते थे। आरोपी ग्राहकों को यह आश्वासन देते थे कि दो-तीन माह के भीतर वाहन की एनओसी उपलब्ध करा दी जाएगी। जब बैंक एजेंट किश्त न जमा होने पर दिए गए पते पर संपर्क करते थे, तो वह पते फर्जी निकलते थे। इतना ही नहीं, आरोपी एक ही वाहन की आरसी से पहले से दर्ज हाइपोथेकशन हटवाकर उसी गाड़ी पर दोबारा लोन भी करा लेते थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह ने पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान में इस तरह की फाइनेंस गाड़ियां बेचकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमित गुप्ता (44 वर्ष), निवासी मॉडल टाउन, दिल्ली, अनुराग उर्फ अमित (27 वर्ष), निवासी खैर, अलीगढ़ और नवीन भावरी (48 वर्ष), निवासी पठानकोट, पंजाब के रूप में हुई है। अमित गुप्ता के खिलाफ दिल्ली और गौतमबुद्धनगर में पहले से भी धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज हैं। इनके कब्जे से पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से थार, ग्रैंड विटारा, किया सेल्टॉस, महिंद्रा स्कॉर्पियो-एन और अर्बन क्रूजर टैजर समेत पांच लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं। इसके अलावा आधार कार्ड, पैन कार्ड, आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस सहित कुल 28 दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और इस नेटवर्क से जुड़े बैंकिंग फर्जीवाड़े की भी जांच की जा रही है। जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# भंगेल एलिवेटेड रोड पर हादसे में आरोपी चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भंगेल एलिवेटेड रोड पर मंगलवार तड़के तेज रफ्तार जगुआर कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार युवती की मौत हो गई। तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि चारों पढ़ाई के लिए रात में सेक्टर-76 स्थित लाइब्रेरी जाते थे। वापसी के दौरान हादसा हुआ। सेक्टर-49 थाना पुलिस ने इस मामले में ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच जारी है।

एडीसीपी नोएडा शैव्या गोयल ने बताया कि कार सवार युवकों की पहचान 18 वर्षीय आयुष भाटी निवासी सेक्टर-47, नील पवार निवासी सेक्टर-50 और अंश निवासी सेक्टर-49 के रूप में हुई है। युवती जिसकी की मौत हुई है उसकी पहचान 19 वर्षीय फलक अहमद के रूप में हुई है। चारों स्कूल व कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं। कार भंगेल की ओर से एलिवेटेड रोड होते हुए अगाहपुर की दिशा में जा रही थी। इसी दौरान कार चालक ने आगे चल रहे एक कैंटर ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से कार सीधे कैंटर से टकरा गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल नजदीक के अस्पताल भिजवाया। शुरुआती इलाज के दौरान ही फलक की हालत गंभीर हो गई और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल आयुष , नील और अंश को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के अस्पतालों में रेफर किया गया है। तीनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक फलक 12वीं पास करने के बाद आगे लॉ-कॉलेज में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही थी। यह पता चला है कि कार नील चला रहा था। दुर्घटनाग्रस्त कार नील पवार के पिता सुशांत पवार की है। वह कारोबारी हैं। नील पवार के बारे में बताया जा रहा है कि वह खेलों में गोल्ड मेडलिस्ट रह चुका है।

**हादसे की यह वजह मान रही पुलिस:** थाना सेक्टर-49 पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तेज रफ्तार और ओवरटेक करने की कोशिश हादसे की मुख्य वजह हो सकती है। पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही हादसे के सही कारणों का पता चल सकेगा। मौके से कैंटर ट्रक चालक फरार हो गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। आस-पाय लगे सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं।

## डाक से रोज 12-15 पार्सल विदेश भेजे जा रहे

**नोएडा।** सेक्टर-19 स्थित डाक विभाग से रोज 12 से 15 अंतरराष्ट्रीय पार्सल विदेश भेजे जा रहे। इनमें प्रतिदिन औसतन 4 से 5 पार्सल अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भेजे जा रहे। कनाडा, नेपाल और दुबई के लिए भी रोज एक से दो पार्सल प्रेषित हो रहे। हेड पोस्ट मास्टर मनोज कुमार ने बताया कि एक पार्सल का अधिकतम वजन 20 किलोग्राम तक निर्धारित है। नववर्ष और त्योहारों पर अंतरराष्ट्रीय पार्सलों की संख्या बढ़ जाती है। इस दौरान रोजाना 50 से 60 पार्सल विदेश भेजे जाते हैं। उन्होंने बताया कि डाक विभाग की 'डाक सेवा' मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्राहक 20 किलोग्राम तक के पार्सल का शुल्क आसानी से जांच सकते हैं।ऐप के जरिए घर बैठे ही पार्सल बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। वहीं, स्पीड पोस्ट सेवा के माध्यम से पार्सल 4 से 6 दिनों के भीतर विदेशों में गंतव्य तक पहुंच जाता है।

# चंद रुपयों के लालच में युवाओं को दे रहे थे गांजा

### दो महिला समेत पांच गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना इकोटेक-3 पुलिस ने गांजा तस्करी में लिप्त तीन पुरुष और दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 9 किलो 900 ग्राम गांजा और बिक्री से प्राप्त 2 लाख 90 हजार 400 रुपये नकद बरामद किए हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना क्षेत्र में सीआईएसएफ कैंप के पास यूटर्न पर कुछ लोग गांजा की तस्करी और बिक्री में संलिप्त हैं।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी और पांचों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दो सगे भाई सत्यशरण, सुमित, अभिषेक, लाली पत्नी अभिषेक उर्फ दुर्गेश और कश्मीरा शामिल हैं। तलाशी के दौरान आरोपी सुमित के पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा और 1 लाख 9 हजार 700 रुपये नकद, जबकि आरोपी अभिषेक के कब्जे से 2 किलो 300 ग्राम गांजा और 80 हजार 300 रुपये नकद बरामद किए गए। वहीं आरोपी लाली के पास से 700 ग्राम और कश्मीरा के पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के पास 9.9 किलो गांजा और 2,90,400 रुपये नकद बरामद किए है।



**छह साल से कर रहे थे गांजा सप्लाई का काम:** सभी आरोपी पिछले लगभग छह वर्षों से गुलिस्तानपुर क्षेत्र में रहकर गांजा की तस्करी और बिक्री का नेटवर्क चला रहे थे। आरोपियों की शैक्षणिक स्थिति भी सामने आई है। जिसमें सत्यशरण ने कक्षा पांच तक, सुमित ने कक्षा आठ तक और अभिषेक ने कक्षा 10 तक शिक्षा प्राप्त की है। जबकि लाली और कश्मीरा दोनों अनपढ़ हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के स्थायी पते अलग-अलग जनपदों के हैं। लेकिन वर्तमान में सभी गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में रहकर अवैध नशे के कारोबार को अंजाम दे रहे थे। आरोपी छोटे-छोटे पैकेट बनाकर गांजा की पुड़िया तैयार करते थे और स्थानीय युवाओं को सप्लाई करते थे। बरामद स्टेपलर, पिन और पॉलीथीन से यह स्पष्ट होता है कि मौके पर ही गांजा की पैकिंग कर बिक्री की जा रही थी। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि गांजा की सप्लाई कहां से की जाती थी और इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो सक्रिय नहीं है।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तकनीकी संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष और जीएनआईओटी के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने शिक्षा और प्रौद्योगिकी से जुड़े समसामयिक विषयों पर चर्चा की। उच्च शिक्षा में नवाचार, कौशल विकास, उद्योगख्रशिक्षा सहयोग, शोध उन्मुखता तथा तकनीकी उन्नयन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

### गांव में नहीं जलती स्ट्रीट लाइट, रास्तों पर होता है जलभराव

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कनारसी गांव में कई रास्तों की स्ट्रीट लाइट बंद है। गांव दनकौर सिकंदराबाद रोड पर बसा हुआ है। रोड पर स्पीड ब्रेकर नहीं बने हैं। वाहनों की रफ्तार तेज होने की वजह से हादसे की आशंका बनी रहती है। बुधवार को गांव में आयोजित ग्रामीण संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने ऐसी कई समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा किस्थानीय सांसद, विधायक और अधिकारियों से कई बार इन सभी मामलों की शिकायत की गई। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी नहीं है। बिजली के गलत बिल भेजे जा रहे हैं। रास्तों पर नालियों की साफ सफाई नहीं होने के कारण रास्तों पर जलभराव रहता है। शाम होते ही स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण अंधेरा छा जाता है। गांव में जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा रहता है। गांव में कनारसी चौराहे पर शाम के वक्त वाहनों का आवागमन बढ़ जाता है। इन रास्तों पर वाहनों की रफ्तार तेज होने से हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने चौराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती करने और स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।

### इंजीनियर का मोबाइल फोन हैक कर खाते से 3.17 लाख रुपये निकाले

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-61 निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर का मोबाइल फोन हैक कर बैंक खाते से 3.17 लाख रुपये निकाल लिए गए। जालसाजों ने गुजरात के सूरत निवासी व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड में 13 जनवरी को रकम ट्रांसफर कराई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शताब्दी विहार निवासी प्रेम रंजन ने पुलिस को बताया कि वह आईटी कंपनी में इंजीनियर हैं। उनके मोबाइल पर 13 जनवरी को एक मैसेज आया। उसमें वाहन का चालन होने की जानकारी थी। चालान को जमा करने के लिए एक लिंक भी साझा किया गया था। जैसे ही उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो कुछ समय बाद मोबाइल फोन हैक हो गया। जब तक वह कुछ समझ पाते, तब तक उनके बैंक के खाते से 3,17,500 रुपये निकल चुके थे। उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि जिस एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड में रकम ट्रांसफर हुई, वह गुजरात के एक व्यक्ति का है। जालसाजों ने पीड़ित के मोबाइल पर एपीके फाइल का लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही वह मोबाइल फोन में डाउनलोड हो गया। पुलिस का कहना है कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भूखंड रजिस्ट्री के लिए विधवा महिला को अपहरण की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रोनिजा गांव में एक विधवा महिला को भूखंड की रजिस्ट्री कराने के लिए अपहरण की धमकी दी गई है। पीड़ित परिवार ने बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ असामाजिक तत्व जबरन उनके घर में घुस आए और महिला को धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित मेघराज के अनुसार, कुछ साल पहले ग्रेटर नोएडा के एक व्यक्ति ने उनकी विधवा भाभी को बहला-फुसलाकर उनके 120 वर्ग मीटर के भूखंड का एग्रीमेंट करा लिया था। इसके एवज में महिला को करीब साढ़े तीन लाख रुपये दिए गए थे। यह तय हुआ था कि यदि महिला ब्याज सहित रुपये लौटा देती है, तो एग्रीमेंट रद्द कर दिया जाएगा। आरोप है कि अब आरोपी महिला पर भूखंड का बैनामा (रजिस्ट्री) कराने का दबाव बना रहे हैं। मेघराज ने बताया कि मंगलवार को आरोपी अपने कुछ असामाजिक साथियों के साथ जबरन महिला के घर में घुस गए। उन्होंने महिला को बैनामा न करने पर अपहरण करने की धमकी दी। यह पूरी घटना पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। पीड़ित परिवार ने रबूपुरा पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## गलगोटिया यूनिवर्सिटी में छात्रों का हंगामा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी में बुधवार को छात्रों ने जमकर हंगामा किया। दनकौर कोतवाली क्षेत्र में स्थित यूनिवर्सिटी के गेट पर छात्रों ने धरना दिया। उनका आरोप है कि गुरुवार से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए उन्हें अभी तक प्रवेश पत्र जारी नहीं किए गए हैं। छात्रों के अनुसार, यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कम उपस्थिति का हवाला देते हुए उनके प्रवेश पत्र रोक दिए हैं। इससे वे आगामी परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों ने बताया कि जिनकी उपस्थिति 65 प्रतिशत से कम है, उनके प्रवेश पत्र जारी नहीं किए गए हैं। छात्रों का आरोप है कि पहले कभी इतनी सख्ती नहीं बरती गई थी और यह नियम अचानक लागू कर दिया गया है, जिससे उनका भविष्य खतरे में पड़ गया है। छात्रों की मुख्य मांग है कि जिनकी उपस्थिति 40 प्रतिशत तक है।

# धिक्कार है ऐसे सिस्टम पर जो एक युवक की जान ना बचा सके : पंडित रवि शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ब्राह्मण रक्षा दल के अध्यक्ष, सेक्टर 22 आरडब्ल्यूए के संरक्षक और समाजवादी पार्टी में उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत पर गहरा दुख प्रकट करते हुए भगवान से उनके आत्मा की शांति की कामना की है और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार, शासन, प्रशासन, नोएडा प्राधिकरण, नोएडा पुलिस, फायर विभाग और एसडीआरएफ की टीम को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि युवराज मेहता की हत्या हुई है और जो भी उस समय घटनास्थल पर मौजूद थे सब उसके दोषी है। नोएडा में काम करने वाले अधिकारियों की संवेदनाएं मर



चुकी है और वह भी पत्थर के शहर में पत्थर दिल के हो चुके हैं। श्री शर्मा ने सवाल किया है कि यदि मौके पर मौजूद अधिकारियों अथवा कर्मचारियों में से किसी का बेटा होता तो क्या वह उस समय भी पानी में जाने से बचते। एक बाप के लिए इससे बड़ा दुख क्या हो सकता है कि वह अपने बेटे को अपनी आंखों के सामने मरता देखता रहा और वह कुछ नहीं कर सका। धिक्कार है ऐसे सिस्टम पर जो यह रोना रोते रहे कि उनके पास रस्सी कम पड़ गई। अगर काम करने की इच्छा शक्ति होती तो 1 घंटे के अंदर वहां हेलीकॉप्टर भी आ सकता था। यह तो ऊपर वाले की कृपा है कि नोएडा में कभी कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ वरना यहां पर बचाव के जो उपकरण है उसकी पोल एक हादसे ने खोल कर रख दी है। श्री शर्मा ने सरकार से मांग की है कि उस वक्त घटना स्थल पर जितने भी पुलिस अधिकारी, फायर विभाग के अधिकारी और एसडीआरएफ की टीम मौजूद थी सभी को युवराज मेहता के हत्या का दोषी मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा निवृत कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने परिजनों के लिए कम से कम 5 करोड रुपए हरजाना देने की मांग की है।

# ढाबा मालिक को पहले पीटा, फिर बोनट पर डालकर ले गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-71 स्थित जनता फ्लैट के बाहर सोमवार रात चार युवकों ने ढाबा मालिक को उसके बेटे के सामने पीटा। आरोपियों ने पीड़ित पर कार चढ़ाने का प्रयास किया तो वे बोनट पर चढ़ गए। आरोपियों ने करीब डेढ़ किलोमीटर तक कार दौड़ाने के बाद उन्हें छोड़ा और भाग गए। फेज-3 थाने की पुलिस ने बुधवार को चार में से तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जनता फ्लैट निवासी अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि पिता राम दयाल मूलरूप से बस्ती जिले के रहने वाले हैं। पिछले कई वर्षों से नोएडा में परिवार समेत रहते हैं। वह सोसाइटी के निकट ही वेंडिंग जोन में ढाबा चलाते हैं।

पिछले कुछ समय से उन्हें सोसाइटी में रहने वाले शिव राज गौर, सत्य प्रकाश तिवारी, दिनेश गौर और अंकुर मिश्रा परेशान करते हैं। वह ढाबा लगाने का विरोध करते हैं। चारों युवक कार लेकर उनके ढाबे पर सोमवार रात नौ बजे आए। युवक उनके पिता राम दयाल को ढाबा से बाहर निकलने और ढाबा बंद करने का दबाव देने लगे। आरोप है कि चारों युवक फिल्मी स्टाइल में बोले कि अब से सेक्टर के आसपास सारी दुकानें उनके इशारे पर बंद होंगी और खुलेंगी। इसका राम दयाल ने विरोध किया। इसके बाद कार से दो अन्य युवक उतरे और राम दयाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। कुछ ही देर में अमित भी ढाबे पर पहुंच गया। उसने पिता को किसी तरह बचाया। आरोप है कि कार सवार युवकों ने राम दयाल के ऊपर कार चढ़ाने का प्रयास किया। वह जान बचाने के लिए कार के बोनट पर चढ़ गए। आरोपी तेज रफ्तार में कार लेकर भाग गए। राम दयाल कार के बोनट पर ही डटे रहे। अमित बाइक लेकर आरोपियों के पीछे पिता को बचाने के लिए दौड़ा। दावा है कि आरोपियों ने करीब 1.5 किलोमीटर दूर साई अपार्टमेंट के पास सर्विस रोड पर ले जाकर उनके पिता को छोड़ा और धमकी देकर भाग गए। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। तीन आरोपियों शिवराज गौर, सत्यप्रकाश तिवारी और दिनेश गौर को गिरफ्तार कर लिया है।

**घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल:** इस घटना के पांच वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें कई लोग के बीच कहासुनी हो रही है, तभी एक कार तेजी से ढाबा मालिक को टक्कर मारते हुए बोनट पर लटकाकर आगे बढ़ जाती है। इसी घटना से जुड़ा एक अलग वीडियो भी सामने आया है, जिसमें घायल बेहोशी के हालत में स्ट्रैचर पर लेटा है। ढाबा मालिक को कार के बोनट पर ले जाने का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें जान बचाने के लिए ढाबा मालिक कार को दोनों तरफ से पकड़े हुए है।

**पहले भी दोनों पक्षों में कहासुनी हुई:** थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आरोपियों और पीड़ित के बीच आसपास ठेला लगाने को लेकर विवाद है। आरोपी भी फास्ट फूड बेचते हैं। इसको लेकर पूर्व में भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो चुकी थी। जिस स्थान पर मारपीट हुई, वहां कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा, जबकि कार जाते समय के वीडियो सामने आए हैं। घटना से जुड़े वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट होगा डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चाइल्ड पीजीआई में संचालित डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) को जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में शिफ्ट करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह बदलाव बच्चों और उनके अभिभावकों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत डीईआईसी की सभी ओपीडी और जांच सुविधाएं ग्राउंड फ्लोर पर उपलब्ध होंगी, जिससे मरीजों को ऊंची मंजिलों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

वर्तमान में डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर चाइल्ड पीजीआई परिसर में बने 9 नंबर टॉवर में संचालित हो रहा है। लोगों को तीसरी और चौथी मंजिल तक जाना पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि बिल्डिंग की लिफ्ट आए दिन खराब रहती है। कई बार मरीज और तीमारदार लिफ्ट में फंस चुके हैं। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर अभिभावकों को सीढ़ियों से ऊपर-नीचे जाना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

इसी समस्या को देखते हुए प्रशासन ने निर्णय लिया है कि चाइल्ड पीजीआई परिसर में स्थित जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में डीईआईसी को शिफ्ट किया जाए। यहां ग्राउंड फ्लोर पर ही ओपीडी, जांच और थेरेपी की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे दिव्यांग और विशेष जरूरत वाले बच्चों के साथ आने वाले अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी। चाइल्ड पीजीआई के डेंटल, माइक्रोबायोलॉजी समेत कुल चार विभागों को टॉवर नंबर नौ में शिफ्ट किया जाना है।

# नोएडा हादसा-बिल्डर को न्यायिक हिरासत में भेजा

### कोर्ट ने जमकर फटकार लगाई, पूछा- नाली और बैरिकेट के लिए कौन जिम्मेदार है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल की। तथ्यों के साक्ष्य जुटाएं।ैप्ज की रिपोर्ट में फॉरेंसिक के फैक्ट्स फाइंडिंग मामले में अहम भूमिका निभाएंगे। दरअसल एसआईटी की टीम को 24 जनवरी तक सीएम योगी को इस मामले की फाइनल रिपोर्ट सौंपनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस हादसे पर नाराज हैं।

इसके साथ ही युवराज की मौत के मामले में आज आरोपी बिल्डर अभय को फिर से न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अब 27 को फिर पेश होगा। बता दें, कल ही बिल्डर को गिरफ्तार किया गया था। एक दिन की रिमांड खत्म होने के बाद आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले में लापरवाही को लेकर जमकर फटकार लगाया। कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी देते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि जांच में ये भी साफ होना चाहिए कि लापरवाही किसकी है। नाली अगर टूटी है तो उसका जिम्मेदार कौन है। इतना ही नही बैरिकेट अगर नही लगा है तो उसका जिम्मेदार कौन है। ये सब जांच का हिस्सा होना चाहिए। क्योंकि जब कुछ सालों से इसको लेकर शिकायत की जा रही थी, तो उचित समय पर कार्यवाई क्यों नही।

**प्राधिकरण के सीईओ को हटाया गया:** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम को हटा दिया गया है। हादसे के लिए जिम्मेदार हर चेहरे को सामने लाने की जिम्मेदारी एसआईटी को दी गई है। एसआईटी की टीम ने युवराज के पिता राजकुमार से उस रात का पूरा ब्यौरा लिया। पिता ने अपनी आंखों के सामने अपने बेटे युवराज को कार के साथ डूबते हुए देखा था। राजकुमार ने कहा- मैं सामने था। लेकिन कोई भी पानी में नहीं उतरा। मेरा बेटा चीख रहा था।

**तीन राउंड में जांच होगी पूरी - एडीजी भानू भास्कर:** मीटिंग के बाद उन्होंने कहा कि पांच दिन में हमे सभी पहलुओं पर जांच करके बताना है। किसकी गलती की वजह से या हम लोग क्या और कर सकते थे जिससे ये हादसा न होता। हादसे के साथ जितने भी लिंक है चाहे वो सिविक अथारिटी या पुलिस अथारिटी हो उनके रोल को एक्जामिन कर रहे है। इसके बाद हम अपनी रिपोर्ट शासन को सब्मिट करेंगे। अभी हमने फर्स्ट राउंड की मीटिंग की है। सेकेंड राउंड में हमने मौका मुआयना कर लिया है। सभी लोगों से बातचीत की जा रही है जो लोग वहां थे उनसे भी पूछताछ होगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। उनके साथ मंडलायुक्त मेरठ भानूचंद्र गोस्वामी,चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी भी मौजूद थे। दोपहर करीब सवा 12 बजे के आसपास एसआईटी की टीम नोएडा प्राधिकरण पहुंची। प्राधिकरण के बोर्ड रुम में करीब साढ़े 12 बजे मीटिंग शुरू की गई। मीटिंग में कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, प्राधिकरण एसीईओ कृष्णा करुणेश, डीएम मेधा रूपम से सवाल जवाब किए गए। जिसके बाद टीम सेक्टर-150 घटना स्थल पहुंची। इसके बाद शाम को पांच से साढ़े सात बजे तक बैठक चली।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# ग्रेनो प्राधिकरण रोड सेफ्टी अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से रोड सेफ्टी अभियान बुधवार को समाप्त हो गया। सभी आठों वर्क सर्किल की टीमों ने 16 जगहों को चिंहित कर जरूरत के हिसाब से रोड सेफ्टी से जुड़े कार्य किये। प्राधिकरण की तरफ से आश्वस्त किया गया है कि तीन दिवसीय अभियान भले ही बुधवार को समाप्त हो गया है, लेकिन सड़क सुरक्षा उपायों से जुड़े कार्य लगातार जारी रहेंगे।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सड़कों पर आवागमन और सुरक्षित बनाने के लिए तीन दिवसीय अभियान चलाया बुधवार को संपन्न हो गया। महाप्रबंधक एके सिंह के नेतृत्व में परियोजना विभाग के आठों वर्क सर्किल की टीमें शहर में सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किए गए। ये टीमें अपने एरिया में भ्रमण कर ब्लैक स्पॉट, सड़क हादसों के लिए संवेदनशील जगहों को चिंहित कर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने में जुटीं रहीं। महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि बुधवार तीसरे दिन भी सभी टीमों ने सड़क दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील 16 जगहों को चिंहित कर पैच वर्क, लेन मार्किंग, रंबल स्ट्रिप, रेफ्लेक्टर लगाने में जुटी रहीं। ब्लैक स्पॉट पर लाइटें भी लगाई गईं। महाप्रबंधक ने खुद भी 130 मीटर रोड का निरीक्षण किया और जरूरत के हिसाब से रेफ्लेक्टर, कैट्स आई, लाइटिंग आदि सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के निर्देश दिए। एके सिंह ने बताया कि नेफोवा की तरफ से भी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रोड सेफ्टी के लिहाज से कुछ स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। प्राधिकरण इन जगहों पर भी सुरक्षा इंतजाम करेगा। एके सिंह ने कहा है कि रोड सेफ्टी प्राधिकरण की प्राथमिकता है।

# फायरमैन का बैरक में फंदे से शव लटका मिला

## ग्रेटर नोएडा में यूपीएससी की तैयारी कर रहा था, माता-पिता के निधन के बाद तनाव में था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक फायरमैन का बैरक में फंदे से शव लटका मिला है। ड्यूटी पर न पहुंचने पर साथी कर्मियों ने उसे कॉल की। कॉल रिसीव न होने पर एक अन्य फायरमैन उसकी बैरक में देखने गया। कमरे का दरवाजा बंद था।

इसके बाद उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। फिर खिड़की से झांककर देखा तो फायरमैन संदीप फंदे से लटका दिखाई दिया। फायरमैन ने तुरंत इसकी जानकारी अन्य पुलिस कर्मियों को दी। मौके पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। इसके बाद संदीप के शव को नीचे उतारा। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों को



लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। फायरमैन संदीप सिविल सर्विसेज की तैयारी भी करता था। पूरा मामला नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र का है।

**जानिए पूरा मामला:** बागपत जिले के हलालपुर गांव के रहने वाले संदीप (35) की ज्वाइनिंग 2016 में फायरमैन के पद पर हुई थी। अभी वह नॉलेज पार्क फायर स्टेशन (डीसीपी ऑफिस) में तैनात थे। फायर स्टेशन की दूसरी मंजिल पर बनी बैरक में अकेले रहते थे। संदीप सिविल सर्विसेज की तैयारी भी कर रहे थे। इसके साथ निजी जीवन में लंबे समय से अकेलेपन व मानसिक तनाव से जूझ रहे थे। अभी तक उनकी शादी भी नहीं हुई थी। साल 2018 में उनके पिता और 2024 में मां का निधन हो गया था। माता-पिता के निधन के बाद से संदीप मानसिक अवसाद और तनाव में थे। इसके अलावा वह कई बार सिविल सर्विसेज में ट्राई कर चुका था, लेकिन वह फेल हो गया था। इससे वह और ज्यादा तनाव में रहने लगा था। पुलिस के मुताबिक, तनाव के चलते संदीप ने सुसाइड किया है। हालांकि अभी जांच जारी है।

**ड्यूटी पर आने के लिए साथी ने कॉल की:** संदीप को 5 बजे सुबह ड्यूटी पर जाना था। वह समय से ड्यूटी पर नहीं पहुंचा। इस पर एक अन्य फायरमैन ने अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद संदीप को कॉल की। लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद वह सीधे दूसरी मंजिल पर उसके कमरे पर गया। उसने दरवाजा खटखटाया, लेकिन संदीप ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद उसने खिड़की से देखा तो वह पंखे पर लटका हुआ था। इसके बाद दरवाजे को तोड़ा गया और पुलिस को इसकी सूचना दी। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे फायरमैन के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गेट को तोड़कर उसके शव को नीचे उतरा गया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

# जनपद में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का दौरा

## सीएचसी में व्यवस्था दुरुस्त न मिलने पर डिप्टी सीएम ने लगाई सीएचसी अधीक्षक व सीएमओ की क्लास

**बागपत।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आज बागपत पहुंचे। सबसे पहले सीएचसी पहुंचे हैं जहां उन्होंने डॉक्टर से व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। इस बीच स्टोर रूम में ताला लगा देखा तो वह भड़क गए। उन्होंने सीएचसी प्रभारी विभाष राजपूत को फटकार लगाते हुए कहा, दवा का स्टोर रूम है इसमें ताले की क्या जरूरत है। उन्होंने सीएमओ डॉक्टर तीर्थ लाल से इसका लिखित स्पष्टीकरण भी मांगा है। इस दौरान डीएम अस्मिता लाल भी मौजूद रहे।

इसके बाद करीब 12 बजे डिप्टी सीएम बीजेपी कार्यालय पहुंचे। वहां पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के एक बयान पर कहा, अखिलेश यादव व विपक्षी दल फ्स्टेड है। उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश के मुख्यमंत्री की लॉ एंड ऑर्डर व विकास जनता का दिल जीत चुकी है। आज देश की जनता मोदी जी को अपना अभिभावक समझती है। दरअसल आज प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बागपत मे पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्या सुनने व जिला कलेक्ट्रेट मे विकास कार्यो साथ ही कानून वयवस्था की समीक्षा करने बागपत पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि बागपत की ही बात ले लो, यहां एक सप्ताह दिन में बिजली आती थी और एक सप्ताह रात में, आज बिजली बराबर मिल रही है। लॉ एंड ऑर्डर नम्बर एक पर है, गुंडे बदमाश प्रदेश से भागे हैं। दूसरा, दिल्ली से यहां आने में ढाई घंटा लगता था, मुझे सिर्फ 40 मिनट लगा। जनता के सुख दुख में हमारी सरकार खड़ी हैं। 2017 के बाद से प्रदेश ने लॉ एंड ऑर्डर, विकास के क्षेत्र में लम्बी छलांग लगाई है। एक समय था जब प्रयागराज जाने के लिए लोगों को दो से ढाई दिन लगता था, अब गंगा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन होने दीजिए, आप मात्र कुछ घंटों में पहुंच जाएंगे। एक्सप्रेस वे पर गाड़ियां हिलती भी नहीं है, हवाई जहाज जैसा महसूस होता है चलते हुए। 2017 से पहले अर्थव्यवस्था चौपट थी, आज यूपी सरप्लस रेवेन्यू स्टेट है। उन्होंने कहा की हमारे पास पैसे की कमी नहीं है। हमने टैक्स भी कम किए हैं। कोरोनाकाल से आजतक हर जरूरतमंद को नि:शुल्क राशन देश में मिल रहा है। इससे पहले कोई सोचता भी नहीं था। निजी स्वार्थ में समाजवादी पार्टी के लोग, जिन्हें जनता ने बेदखल किया है, उनके पेट में दर्द हैं। ये सोचते है कि सत्ता इन्हें खानदानी विरासत में मिली है। लोकतंत्र में सत्ता विरासत में नहीं मिलती। जो लोग सोचते है, राजघराने में पैदा हो गए तो सत्ता मिल जाएगी, ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा, कि हमारी प्रतिबद्धता आम जनता के लिए है। उन्होंने कहा की आप चीनी मिलों को ले लीजिए। ये गन्ना बेल्ट है और



अब प्रदेश में दो ही मिलें बची है जो किसानों को गन्ना समय पर नहीं दे रही हैं और उनपर भी एफआईआर कराई जा रही है। किसी की हिम्मत नहीं है कि किसानों पर अत्याचार करें। हम आज चीनी, गेंहू उत्पादन में पहले नम्बर पर है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मरम्मत को लेकर भी निर्देश दिए हैं। वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा- कि बागपत में विभिन्न तरह की चल रही कल्याणकारी योजनाओं का आज निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य केंद्र के बाद बीजेपी जिला कार्यालय पर कार्य कर्ताओं से मुलाकात और कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।









## राज्य मंत्री केपी मलिक के आवास पर पहुंचे डिप्टी सीएम का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के बावली रोड स्थित प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री केपी मलिक के आवास पर बुधवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक पहुंचे। उनके आगमन पर राज्य मंत्री केपी मलिक ने फूल-मालाएं व गुलदस्ता भेंट कर उपमुख्यमंत्री का गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल गुर्जर, राधेश्याम शर्मा, एडवोकेट दीपक शर्मा, एडवोकेट भगवान तोमर, मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, पंकज मलिक, राकेश जैन एडवोकेट तथा विजेंद्र शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## दीनी तालीम को मजबूत बनाने के लिए की अहम बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जमीयत उलेमा जिला बागपत के तत्वावधान में दीनी तालीमी बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक 21 जनवरी 2026, दिन बुधवार को प्रात: 10 बजे उमर मस्जिद, नगर बागपत में आयोजित की गई। बैठक हज़रत हाफ़िज़ मुहम्मद क़ासिम सिद्दीक़ी साहब (जनरल सेक्रेटरी, जमीयत उलेमा जिला बागपत) की सरपरस्ती में तथा हज़रत क़ारी मुहम्मद मुकम्मिल साहब (अध्यक्ष, दीनी तालीमी बोर्ड जिला बागपत) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत तिलावत- ए- क़ुरआन- ए- पाक से हुई, जिसकी सआदत हज़रत मुफ़्ती मुहम्मद हुसैन साहब को मिली। इसके बाद नात-ए-रसूल हज़रत क़ारी मुहम्मद मुकम्मिल साहब द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात हज़रत हाफ़िज़ मुहम्मद क़ासिम सिद्दीक़ी साहब ने परिचयात्मक एवं प्रस्तावना संबोधन किया। बैठक में दीनी तालीमी बोर्ड से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



## मानकों के अनुरूप कार्य न होने पर डिप्टी सीएम ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** जनपदवासियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और सम्मानजनक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दुडभा क्षेत्र में निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टेशन का आज उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 3 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बन रहा यह बस स्टेशन बागपत की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है।



उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टेशन के नक्शे, डिजाइन ड्राइंग और तकनीकी दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने परियोजना की संरचनात्मक रूपरेखा, ले-आउट प्लान सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता, सुरक्षा एवं यात्रियों की सुविधा को केंद्र में रखकर समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह परियोजना जनता के धन से बन रही है, इसलिए गुणवत्ता, सुरक्षा और सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता की बारीकी से समीक्षा की। कई स्थानों पर मानकों के अनुरूप कार्य न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और अधिकारियों को मौके पर ही सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टेशन यात्रियों के लिए सुविधा, सुरक्षा और भरोसे का केंद्र होना चाहिए। यदि निर्माण में ही कमियां रह जाएंगी, तो भविष्य में आमजन को असुविधा झेलनी पड़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने स्टेशन परिसर में बने स्टेशन प्रभारी कक्ष, यात्रियों के लिए कैंटीन और शौचालयों का निरीक्षण किया। फर्श पर बिछाई गई टाइल्स कई स्थानों पर टूटी और सही ढंग से न लगी मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कर कार्यकारी एजेंसी अथवा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने फिनिशिंग के अभाव, ईंटों की खराब स्थिति और अधूरे कार्यों को लेकर भी सख्त टिप्पणी की तथा तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया गया। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस स्टेशन परिसर की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान समस्त संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी: डिप्टी सीएम

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की रचनात्मकता भी सामने आई। बच्चों ने स्वयं द्वारा बनाए गए क्राफ्ट और कलात्मक सामग्री प्रस्तुत की। उप मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा बनाई गई स्वागत रंगोली का भी उन्होंने अवलोकन किया। विद्यालय में कक्षा 05 में स्थापित 'सहायता पेटिका' को देखकर उप मुख्यमंत्री विशेष रूप से प्रभावित हुए। यह पहल विद्यालय के शिक्षकों द्वारा शुरू की गई है, जिसमें जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए उपयोगी संसाधन एकत्र किए जाते हैं। इस मानवीय और संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने स्वयं अपना पेन सहायता पेटिका में दान किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की लाइब्रेरी का भी अवलोकन किया। पुस्तकों की उपलब्धता, पठन-पाठन की व्यवस्था और बच्चों की रुचि को देखते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तकालय किसी भी विद्यालय की आत्मा होता है। उन्होंने ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था को सराहा, साथ ही खुले में रखे इनवर्टर को सुरक्षित ढंग से कवर कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री ने विद्यालय की रसोई और मिड डे मील व्यवस्था का निरीक्षण किया। रसोई में साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। मिड डे मील में मेनू के अनुसार ताहरी तैयार मिली।

## सीमेंटेड ईंटें कई स्थानों पर समतल न पाए जाने पर दिए सुधार के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** अग्निशमन के लिए रखी गई बालू और बाल्टियों की स्थिति देखी गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बस स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थल पर अग्नि सुरक्षा मानकों का समुचित पालन किया जाए। शौचालय का निरीक्षण किया जो स्वच्छ एवं मानकों के अनुरूप मिला। बस स्टेशन परिसर में बिछाई गई सीमेंटेड ईंटें कई स्थानों पर समतल न पाए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समतलीकरण की कमी से यात्रियों को चलने में परेशानी होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ेगी। इसी क्रम में इंटरलॉकिंग टाइल्स के हिलने की शिकायत पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और इन्हें तकनीकी मानकों के अनुसार दोबारा ठीक कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की समग्र गुणवत्ता अभी संतोषजनक नहीं है। जिन स्थानों पर टाइल्स, समतलीकरण और फिनिशिंग में कमियां हैं, उन्हें शीघ्र दुरुस्त कर कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि भविष्य में यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रोडवेज बस स्टेशन बागपत की पहचान बनेगा और जनपद के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके पूर्ण रूप से चालू होने के बाद नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। व्यापार, शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक पहुंच भी आसान होगी। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने उप मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि दिए गए सभी निर्देशों का शीघ्र अनुपालन किया जाएगा।



## डिप्टी सीएम ने बच्चों से संवाद कर शिक्षा का परखा गुणवत्ता स्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सिसाना स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) का निरीक्षण कर शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार और व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि पीएम श्री विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और मूल्य आधारित शिक्षा देने का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि गांवों के विद्यालय भी नवाचार, तकनीक और रचनात्मकता के केंद्र बनें। विद्यालय पहुंचते ही उप मुख्यमंत्री ने सबसे पहले स्मार्ट क्लासरूम और ई-लाइब्रेरी का अवलोकन किया। डिजिटल बोर्ड, शिक्षण सामग्री और तकनीकी संसाधनों को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने शिक्षकों से संवाद कर पूछा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों की समझ और रुचि में कितना बदलाव आया है। शिक्षकों ने बताया कि डिजिटल माध्यम से विषयों को समझाना बच्चों के लिए सरल और रोचक हुआ है, जिससे उपस्थिति और सीखने की गति में सुधार आया है। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद कर शिक्षा का गुणवत्ता स्तर परखा। कक्षा में बच्चों को पुस्तक पढ़वाकर देखा गया। यूवी, प्रिंसी एवं अन्य बच्चों ने बिना झिझक स्पष्ट उच्चारण और समझ के साथ पाठ पढ़ा। कुछ बच्चों ने कविताएं भी सुनाईं, जिन्हें सुनकर उप मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों से प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने सहजता और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिया। उन्होंने स्वयं बच्चों के साथ डेस्क पर बैठकर पुस्तक पढ़वाई और उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खूब पढ़ो, आगे बढ़ो।



## पीएम श्री विद्यालय योजना का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा, तकनीक आधारित सीखने और संस्कारों से जोड़ना

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बागपत।** उप मुख्यमंत्री ने बच्चों से भोजन के स्वाद और गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। बच्चों ने संतोषजनक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने रसोई कर्मचारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता, समय और स्वच्छता पर निरंतर निगरानी रखी जाए। विद्यालय में कुल 376 विद्यार्थियों का नामांकन है, जिनमें से निरीक्षण के समय 257 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। विद्यालय में 12 शिक्षक और 2 शिक्षा मित्र तैनात हैं। उपमुख्यमंत्री ने उपस्थिति को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय पहुंचे, यह सुनिश्चित करना शिक्षकों, अभिभावकों और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के अंत में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम श्री विद्यालय योजना का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा, तकनीक आधारित सीखने और संस्कारों से जोड़ना है। उन्होंने शिक्षकों से आहवान किया कि वे इसी उत्साह और नवाचार के साथ कार्य करते रहें, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। इस दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी, एसडीएम अमरचंद वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गौवंश के प्रति लापरवाही स्वीकार नहीं: बृजेश पाठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जनपद के सिसाना गांव स्थित गौशाला का निरीक्षण कर गौवंश संरक्षण एवं व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गौवंश संरक्षण सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशालाओं में संरक्षित प्रत्येक गोवंश को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

गौशाला पहुंचते ही उपमुख्यमंत्री ने सबसे पहले वहां की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गोशाला परिसर की साफ-सफाई, शेड की स्थिति, प्रकाश एवं सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने गौशाला में संरक्षित गौवंशों को माला पहनाई, गुड़ खिलाया और विधिवत गौ पूजन किया। गौशाला में कुल 275 गौवंश संरक्षित पाए गए, जिनमें 143 नर एवं 132 मादा गौवंश शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने गोवंशों की संख्या, स्वास्थ्य स्थिति और रखरखाव से संबंधित अभिलेखों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि बीमार या कमजोर गौवंशों की निगरानी किस प्रकार की जा रही है और उनके उपचार की क्या व्यवस्था है। इस पर संबंधित कर्मचारियों ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है तथा आवश्यकता पड़ने पर पशु चिकित्सकों द्वारा उपचार सुनिश्चित किया जाता है। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने गौशाला में चारे, भूसे और पानी की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने चारे की गुणवत्ता, भंडारण व्यवस्था का अवलोकन किया। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि सर्दी के मौसम को देखते हुए गौवंशों को पर्याप्त उचित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ठंड के कारण गौवंशों के बीमार पड़ने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए विशेष सतर्कता बरती जाए।

सर्दी से बचाव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उप मुख्यमंत्री ने शेड में बिछे तिरपाल, भूसा, बोरी एवं अन्य उपायों की स्थिति देखी। जहां कहीं व्यवस्थाएं अपर्याप्त नजर आईं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में नियमित निगरानी की जाए और समय-समय पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए।



### एक नजर

## जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी: उपमुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बुधवार को बागपत जनपद का एक दिवसीय भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होगी। इस दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रही।

भ्रमण की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत से हुई, जहां उप मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल परिसर का जिलाधिकारी एवं सीएमओ की उपस्थिति में गहन निरीक्षण किया। ओपीडी, डिलीवरी वार्ड, न्यू बॉर्न बेबी, महिला वार्ड, नेत्र जांच कक्ष, दंत रोग, इमरजेंसी कक्ष सहित अन्य विभागों का अवलोकन करते हुए उन्होंने सभी मशीनों को पूर्ण रूप से क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जगह-जगह अव्यवस्था देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के आदेश दिए। इस दौरान आवश्यक अभिलेखों और सामग्री की स्थिति भी जांची गई। सीएचसी परिसर में खिड़कियों के किनारे फैले कूड़े-कचरे पर उप मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाया। मौके पर ही सफाई व्यवस्था में लापरवाही के लिए संबंधित सफाईकर्मी के एक दिन का वेतन रोकने तथा जवाब तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल स्वच्छता का प्रथम केंद्र होता है, जहां किसी भी प्रकार की गंदगी मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। शौचालय बंद मिले जिसको लेकर नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए सीएचसी अधीक्षक को साफ-सफाई और नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल का स्टोर बंद मिला, जिस पर कार्य जारी है का नोट चस्पा था। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के बहाने स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि के भीतर स्टोर को पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जाए और ऐसी लापरवाहियों की पुनरावृत्ति न हो। अस्पताल में कई स्थानों पर अक्रियाशील होने के नोट लगे मिलने पर भी उप मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद के किसी भी स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। इस दौरान जब उन्होंने रोगी कल्याण निधि में उपलब्ध धनराशि की जानकारी ली, तो सीएचसी अधीक्षक संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इस पर उप मुख्यमंत्री ने कड़ी फटकार लगाई और कहा कि पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद रखरखाव में कमी गंभीर लापरवाही का संकेत है। उन्होंने अस्पताल भवन में मरम्मत की आवश्यकता बताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। शौचालयों में अव्यवस्था और खराब स्थिति पर भी उन्होंने नाराजगी जताई और साफ-सफाई के साथ नियमित निरीक्षण के आदेश दिए। पोषण कक्ष पर ताला लगा मिला, जिसे मौके पर खुलवाकर निरीक्षण किया गया। सीएचसी परिसर में खुले पड़े पावरहाउस की अव्यवस्था देखकर उप मुख्यमंत्री ने चिकित्सा अधीक्षक को सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही मरीजों की जान के लिए खतरा बन सकती है, इसलिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने भारत रेडक्रॉस सोसायटी, बागपत द्वारा आयोजित शिविर का भी अवलोकन किया। यहां उन्होंने क्षय रोगियों को पोषण किट एवं कंबल वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि जनपद के सभी क्षय रोगियों को नियमित रूप से पोषण किट उपलब्ध कराई जाए ताकि उनके उपचार में कोई बाधा न आए। साथ ही रोगों के जनन की व्यापक स्तर पर मॉनिटरिंग एवं क्षय रोग पीड़ितों के मोहल्ले एवं गांव तक पहुंचाकर इंटीग्रेटेड मॉडल से क्षय रोग के विरुद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह संदेश दिया कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता और जवाबदेही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखे, ताकि आमजन को बेहतर सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.तीरथ लाल, डिप्टी सीएमओ यशवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा.विभाष राजपूत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।


**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री महक से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

मुन्ना पुत्र मकसूद निवासी ग्राम पिलाना तहसील व जनपद बागपत।

**कार्यालय, बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण, बागपत।**

पत्रांक 44/ बा.ब.खे.वि.प्रा./अधि.अनु. / 2025-26 दिनांक:-19.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक Sr. Mary P.T. Christu Jyothi Convent, Sr. Sec. School, Baraut, Distt- Baghpat के क्षेत्रफल 16948.64 वर्ग मीटर पर शैक्षिक भवन प्रयोग हेतु ऑनलाइन मानचित्र संख्या-BBKDA/BP/25-26/0165 दिनांक 02/12/2025 को प्रस्तुत किया गया है। वर्णित स्थल का भू-उपयोग महायोजना-2031 में आंशिक भाग ग्रीन बेल्ट व आंशिक भाग कृषि व आंशिक भाग आवासीय एवं अवशेष भाग का भू-उपयोग सार्वजनिक एवं अर्द्ध-सार्वजनक के अन्तर्गत है, जिसके अन्तर्गत शैक्षिक भवन प्रयोजन हेतु मानचित्र सशर्त अनुमन्य श्रेणी के अन्तर्गत है। अत: जनसमामन्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त आपत्ति/सुझाव विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 15 दिन में प्राधिकरण कार्यालय अथवा ई-मेल आई.डी. -bbkdabaghpat01@gmail-com पर दिए जा सकते है।

**नगर नियोजक**
**बागपत-बडौत-खेकड़ा, विकास प्राधिकरण, बागपत।**

# साइबर ठगी गिरोह से जुड़े दो लोग गिरफ्तार, 98 लाख रुपये होल्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** साइबर थाना पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह से जुड़े दो अभियुक्त दंपत्ति को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त दंपत्ति पर करीब 98 लाख रूपए की साइबर धोखाधड़ी में की रकम को पुलिस ने होल्ड कराया है, जबकि अब तक करीब 1।77 करोड़ से अधिक की धोखाधडी की गई है।बुधवार को एसपी एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि गत दिवस लखनऊ से एक एक खाते की जांच साईबर सैल को भेजी, जिसमें एक खाता शामली में खुलवाया गया था। उक्त खाते में विभिन्न राज्यों से आई रकम को कई खातों में ट्रांसफर किया गया। जांच के बाद दो अभियुक्त दंपत्ति पकडे गए। पकडे गए अभियुक्त व्हाट्सएप व टेलीग्राम चौनलों के माध्यम से ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों को झांसे में लेते थे। फर्जी एप व लिंक भेजकर निवेश की गई रकम को अधिक मुनाफे के साथ दर्शाया जाता था और फिर लोगों की मेहनत की कमाई म्यूल खातों में मंगाकर हड़प ली जाती थी। इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्तों प्रशान्त कनव पुत्र जनक राज तिवारी, निवासी बल्लभ भाई पटेल नगर, आजाद नगर, मुंबई तथा सुरभि भार्गव पुत्री अनिल कुमार भार्गव निवासी गली नंबर-2, गगन विहार शामली हैं। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त हिमांक प्रशान्त कनव मूल रूप से पंजाब का निवासी है, जो मुंबई में एडवर्टाइजमेंट कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में कार्य करता था। फिल्म प्रोजेक्ट के नाम पर हुई पहचान के दौरान उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से पंजाब नेशनल बैंक, पालिका बाजार शामली में हिमांक प्रशान्त कैमेक्ट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के नाम से करंट अकाउंट खुलवाया। इस खाते में 8 अप्रैल 2024 को एक ही दिन में 98,38,276.10 रूपए की साइबर ठगी की धनराशि क्रेडिट होने की पुष्टि हुई है, जिसका कमीशन अभियुक्तों को मिला। पुलिस जांच में सामने आया है कि उक्त खाते से जुड़े साइबर फ्रॉड के संबंध में देशभर से अब तक कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें लगभग 1 करोड़ 77 लाख रूपए से अधिक की धोखाधड़ी की गई है। एसपी ने बताया कि साइबर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है तथा इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव केरटू निवासी नदीम पुत्र इरफान ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी और जबरन साइबर अपराध के मामले में पुलिस ने दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। विदेश भेजने से जुडे दस्तावेज, सोशल मीडिया अकाउंट, टेलीग्राम चौट और यात्रा से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने युवकों को इसी तरह विदेश भेजकर साइबर अपराध में धकेला है। वहीं पीडित पक्ष की ओर से अन्य पीडितों के भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कसाना का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर धाराओं में बढोतरी कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच के लिए पुलिस की एक्सपर्ट टीम को लगाया गया है। पुलिस ने एजेंट प्रिंस उर्फ फाद निवासी झिंझाना, अमन निवासी नवी मुंबई और सचिन निवासी हैदराबाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीडित के अनुसार इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए थाईलैंड में नौकरी का झांसा देकर उसे बैंकाक बुलाया गया। वहां से उसे म्यामार ले जाया गया, जहां उसके मोबाइल, दस्तावेज और रूपए छीन लिए गए। इसके बाद उससे जबरन साइबर अपराध कराया गया और मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीडित ने बताया कि म्यामार आर्मी की कार्रवाई के दौरान 22 अक्टूबर 2025 को मुक्त कराए गए करीब 590 भारतीयों के साथ उसे थाईलैंड भेजा गया। बाद में 10 नवंबर 2025 को भारतीय दूतावास की मदद से वह भारत लौट सका। पुलिस के अनुसार दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। विदेश भेजने से जुडे दस्तावेज, सोशल मीडिया अकाउंट, टेलीग्राम चौट और यात्रा से संबंधित रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस गिरोह ने अब तक कितने युवकों को इसी तरह विदेश भेजकर साइबर अपराध में धकेला है। वहीं पीडित पक्ष की ओर से अन्य पीडितों के भी सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

# फर्जी खसरा खतौनी दिखाकर 20 लाख ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्विलांस टीम व थाना आदर्शमंडी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सरकारी व प्राइम लोकेशन की जमीन दिखाकर फर्जी खसरा-खतौनी तैयार कर 20 लाख रूपए की ठगी करने वाले अंतर्राज्ईय जालसाज गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 लाख रूपए नकद, दो लग्जरी कारें, फर्जी दस्तावेज व मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

बुधवार को एसपी एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि उत्तराखंड के रुड़की निवासी आदित्य कुमार सिंह ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि अभियुक्तों ने फर्जी व कूटरचित खसरा-खतौनी दिखाकर जमीन का सौदा कराया और 20 लाख रूपए की धोखाधड़ी की। गुरूवार को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने वांछित सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में निखिल मलिक पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम भिक्का माजरा थाना भौराकला, हाल निवासी मौहल्ला रेलपार, अशोक पुत्र श्यामलाल निवासी मौहल्ला हर्ष विहार हापुड, पुष्पेन्द्र उर्फ पिन्टू पुत्र अमर सिंह निवासी मौहल्ला लज्जापुरी हापुड, जगतपाल पुत्र अमरपाल निवासी जसरूप नगर चन्द्रलोक कालोनी हापुड, रणजीत पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम दादरी मेरठ, राजीव पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम लिलौन शामली और अंकित पुत्र जसवीर निवासी ग्राम काबडौत शामिल है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग सात लाख रूपए



नकद, जमीन के फर्जी दस्तावेज, तीन मोबाइल फोन तथा दो कारें बरामद की हैं। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह जमीन मालिकों से साठगांठ कर प्राइम लोकेशन की जमीनों को चिन्हित करता था और अपने साथियों को बड़ा डीलर बताकर भोले-भाले लोगों से ऊंचे दाम पर एग्रीमेंट कराता था। टोकन मनी व एडवांस के नाम पर लाखों रूपए लेने के बाद अभियुक्त फरार हो जाते थे और मोबाइल नंबर बंद कर लेते थे। एसपी ने बताया कि उक्त गिरोह अब तक दर्जनों लोगों से करोड़ों रूपए की ठगी कर चुका है। एसपी ने आम जनता से अपील की है कि जमीन का कोई भी सौदा करने से पहले संबंधित विभागों से दस्तावेजों की भली-भांति जांच कर लें तथा किसी भी संदिग्ध लेन-देन की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# शटडाउन के बावजूद दौड़ा करंट, लाइनमैन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव फुटाना में एक लाईनमैन की डूंगर फीडर से शटडाउन लेने के बावजूद लाईन छोडने से दर्दनांक मौत हो गई। संविदा लाईनमैन करंट लेने से विद्युत पॉल से जमीन पर गिर पडा। जिसको शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने लाईनमैन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव फुगाना निवासी 30 वर्षीय संविदा लाईनमैन दीपक पुत्र मदनलाल गुरूवार को पूर्व प्रधान थाम सिंह के खेत के 11 हजारी की लाइन को जोड़ने के लिए डूंगर फीडर से शटडाउन लेकर गया था। बताया जाता है कि जब लाईन जोडने के लिए वह विद्युत पॉल पर चढा तो अचानक विद्युत लाईन छोड दी गई। जिससे लाईनमैन को तेज करंट लगा और वह सीधा पॉल से सीधा जमीन पर गिर



पडा और गंभीर रूप से झुलस गया। साथ में कार्य कर रहे नवरत्न ने आसपास मौजूद लाईनमैन व ग्रामीणों की मदद से झुलसे दीपक को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने लाईनमैन को मृत घोषित कर दिया। लाईनमैन की मौत की सूचना मिलने से परिजनों में को. हमराम मच गया। परिजनों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर सूचना के बावजूद न आने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड गया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## ई-रिक्शा स्टार्ट होते ही मासूम की मौत

**थानाभवन।** थाना भवन नगर के मोहल्ला नबीपुरा में मंगलवार की रात उस समय हाहाकार मच गया, जब खेल-खेल में ई-रिक्शा स्टार्ट होने से 4 वर्षीय बच्चे की दीवार से टकराकर मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार ही नहीं, पूरा मोहल्ला शोक में डूब गया। थाना भवन नगर के मोहल्ला नबीपुरा में घास मंडी के पास की गली में रहने वाले नईम ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मंगलवार की रात वह अपने घर लौटा और उसने ई-रिक्शा अपने घर के पास की गली में जमशेद के मकान के सामने खड़ी कर दी। इसी दौरान उसने रिक्शा में गाना बजा दिया।उसी समय नईम का 4 वर्षीय पुत्र खेलते-खेलते ई-रिक्शा में चढ़ गया और मासूम ने अनजाने में स्टार्ट बटन दबा दिया। बटन दबाते ही ई-रिक्शा अचानक आगे बढ़ी और दीवार से जोरदार टकरा गई। टक्कर के दौरान बच्चा दीवार से बुरी तरह भिड़ गया और अंदरूनी गंभीर चोट लगने से वहीं बेहोश हो गया। परिजन तत्काल बच्चे को मोहल्ले के डॉक्टर के पास ले गए। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टर ने उसे बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन तुरंत बच्चे को अमृत गंगा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान बच्चे की मौत हो गई। अचानक हुई इस हृदयविदारक घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में मासूम का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने कहा कि इस हादसे से सीख लेते हुए किसी भी वाहन को बिना लॉक किए या स्टार्ट मोड में बिल्कुल नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा भाई साबिर पुत्र स्व. हमीद खान निवासी मौहल्ला मोलानान कस्बा व थाना कांधला व सलमान पुत्र स्व. हमीद खान निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला एवं आबिद पुत्र स्व. हमीद खान निवासी जलालाबाद थाना थानाभवन जिला शामली एवं मुजम्मिल पुत्र स्व. हमीद खान निवासी नानौता जिला सहारनपुर एवं बहनें रानी पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी अहसान व सादमा पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी कासिम निवासीगण जामा मस्जिद शामली व बुशरा पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी सलमान निवासी थानाभवन जिला शामली एवं साजिया पुत्री स्व. हमीद खान पत्नी आसिफ निवासी मौहल्ला मोलानान कस्बा व थाना कांधला जिला शामली उल्टे सीधे काम करते हैं, मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिए मैंने व मेरे परिवार ने सभी उपरोक्त से अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उपरोक्त द्वारा या उपरोक्त के बच्चों द्वारा किए गए किसी भी कार्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**मुन्ना पुत्र स्व. हमीद खान**

निवासी- मौहल्ला मिर्दगान कस्बा व थाना कांधला, तहसील कैराना जिला शामली



# महिलाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बुधवार को मिशन शक्ति फेस-5.0 अभियान के अंतर्गत मिशन शक्तिध्एंटी रोमियो टीम थाना थानाभवन द्वारा कस्बा थानाभवन के विभिन्न बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व महिला हेड कांस्टेबल विनीता एवं महिला हेड कांस्टेबल पूनम ने किया।

टीम ने बाजारों में भ्रमण कर बालिकाओं व महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर क्राइम व धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी और सतर्क रहने के उपाय बताए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा व सहायता से जुड़े विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 108 एंबुलेंस सेवा शामिल हैं।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे



बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं समूह विवाह योजना के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिलाओं से अपील की गई कि किसी भी आपात स्थिति या समस्या के समय बिना झिझक इन हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें और अपराध के खिलाफ आवाज उठाएं।

अभियान से बाजारों में मौजूद महिलाओं व बालिकाओं में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने पुलिस द्वारा किए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के पदा. धिकारियों की एक बैठक लोक निर्माण विभाग स्थित डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग सहित कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बाद में सामुहिक खिचडी भोज कराया गया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा शामली द्वारा बुधवार को लोक निर्माण विभाग परिसर बनत में खिचड़ी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद में कार्यरत केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों तथा शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा की गई। खिचड़ी भोज के माध्यम से कर्मचारियों ने आपसी एकता का संदेश देते हुए अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर आंदोलन की रणनीति पर




विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुरानी पेंशन योजना की बहाली, आठवें वेतन आयोग द्वारा प्रस्तावित संस्तुतियों पर विचार तथा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों की पूर्ति हेतु समन्वय स्थापित करना रहा। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शामली शाखा के जिलाध्यक्ष ई। संजय कुमार ने करते हुए कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने सभी संगठनों से एकजुट होकर आंदोलन को मजबूती देने का आ]वान किया। कार्यक्रम में सहारनपुर क्षेत्र के महामंत्री ई।

सोमान्शु मोहन ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है और इसे बहाल कराना सभी कर्मचारी संगठनों की प्राथमिकता है। वहीं ग्राम विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष अर्जुन राणा ने कर्मचारियों की एकता को समय की आवश्यकता बताया। इस अवसर पर ई। अनुराग तिवारी, कन्हैया लाल, आनंद कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, बिजेन्द्र कुमार, उमा शंकर भट्ट, आशुतोष शुक्ला, जावेद खान, मनीत कुमार, मनोज वत्स, पंकज कुमार राजीव शर्मा मौजूद रहे।

## नल से निकले गर्म पानी की जांच को लखनऊ से पहुंचे वैज्ञानिक, पांच स्थानों से लिए नमूने

**चौसाना।** अमलापुर में कपिल के नल के बोरिंग से गर्म पानी निकलने की घटना प्रकाशित होने के चौथे दिन जल निगम के अधिकारियों के संग वैज्ञानिक डा0 फखरे आलम स्थलीय निरीक्षण को गांव में पहुंचे और ग्रामीण परिवार से वार्ता करते हुए पॉच अलग अलग स्थानों के पानी के नमूने लिए गए और मोके पर ही तापमान की माप की गई। बताया गया है कि केंद्रीय भूमि जल बोर्ड,उत्तरी क्षेत्र लखनऊ के क्षैत्रीय निदेशक एसके स्वरूप के निर्देश पर वैज्ञानिक परीक्षण किया गया है। गांव से लिए गए सैम्पल को लखनऊ की प्रयोगशाला भेजा गया है। बीते 18 जनवरी को कपिल पुत्र जिले सिंह के घर पर लगे नल से गर्म खोलता हुआ पानी निकलने की घटना लोगो के लिए कोतूहल का कारण बन गई थी। जिसके बाद आसपास के गांव के लोग अमलापुर मे पहुॅचें तो गांव मे लोगो का तांता लग गया। जिसके बाद खोलते पानी की खबरे दैनिक शाह टाईम्स मे प्रकाशित हुई तो जिला प्रशासन के साथ जल निगम के अधिकारियों के कानो तक पहुंचीं, जिसके बाद केंद्रीय भूमि जल बोर्ड,उत्तरी क्षेत्र लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक एसके स्वरूप के निर्देश पर वैज्ञानिक डा. फखरे आलम जल निगम के अवर अभियंता अरविंद कुमार टीम के साथ गांव मे पहुंचे और कपिल के परिवार से पूरे प्रकरण की जानकारी लेकर पांच अलग अलग स्थानों से पानी के नमूने लिए गए। गांव से एकत्र नमूनो को लखनऊ की प्रयोगशाला मे भेजा जा रहा है ताकि पानी के गर्म होने के स्त्रोतो को पता लगाया जा सके।

# किसान दिवस पर डीएम ने सुनी समस्याएं





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने बारी-2 से किसानों की समस्याओं को सुनते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को प्राप्त समस्याओं का समय से समाधान किया जाने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानो को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त किसानो की समस्या के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।आयोजित किसान दिवस किसान दिवस में किसानों द्वारा मुख्य रूप से बकाया गन्ना भुगतान,चीनी मिल से छाई की समस्या, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, सिंचाई विभाग, आदि विभागों से संबंधित समस्याएं बताई गई जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक शामली, प्रदीप कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी, आरद्ध एसद्ध कुशवाहा, जिला गन्ना अधिकारी, शामली, तथा सभी विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक आदि मौजूद रहें।

# थानाभवन प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में जूतों के बिना आ रहे छात्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में कुछ छात्र जूतों के बिना स्कूल आते देखे जा रहे हैं। यह स्थिति तब सामने आई है, जब सरकार की ओर से ड्रेस, जूते.मोजे आदि के लिए निर्धारित धनराशि विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में पहले ही भेजी जा चुकी है।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार वर्तमान में लगभग 10 से 12 ऐसे छात्र हैं, जिनके खातों में ड्रेस की राशि नहीं पहुंच पाई है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इसका मुख्य कारण संबंधित अभिभावकों के बैंक खातों की केवाईसी (KYC) पूरी न होना है। केवाईसी न होने के चलते सरकारी सहायता की रकम खातों में स्थानांतरित नहीं हो सकी।

प्रधानाचार्य का यह भी कहना है कि जिन विद्यार्थियों के खातों में राशि पहुंच चुकी है, उनके अभिभावकों को कई बार स्कूल बुलाकर समझाया गया है कि बच्चों को जूते.मोजे पहनाकर ही स्कूल भेजें, ताकि बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके बावजूद कुछ मामलों में लापरवाही देखने को मिल रही है। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने बैंक खातों की केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराएं और जिनके खातों में राशि आ चुकी है, वे बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें पूरा ड्रेस व जूते उपलब्ध कराएं। बच्चों का नियमित और सुरक्षित रूप से विद्यालय आना उनकी पढ़ाई और भविष्य दोनों के लिए आवश्यक है। यह मामला एक ओर सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन की आवश्यकता को दर्शाता है, तो दूसरी ओर अभिभावकों की जिम्मेदारी और जागरूकता पर भी सवाल खड़े करता है।

# एनजीटी ने किया नदी-नालों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** एनजीटी, नई दिल्ली में विचाराधीन वाद के अनुपालन नमामि गंगे जलशक्ति मंत्रालय के नदी कायाकल्प विशेषज्ञों ने बुधवार को काठा नदी, नाले का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाले की वर्तमान स्थिति, उद्गम स्थल, लंबाई-चौड़ाई, इससे जुड़े गांवों, गांवों से नदी में गिरने वाले नालों तथा प्रदूषण की स्थिति की गहन जांच की गई।

अधिकारियों ने बताया कि काठा नाला ग्राम रई नगला, तहसील ऊन से निकलकर लगभग 53 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए अंततः ग्राम हैदरपुर, तहसील कैराना के समीप यमुना नदी में समाहित होता है। निरीक्षण के दौरान नदी, नाले में किसी



प्रकार का प्रवाह नहीं पाया गया, जिससे क्षेत्र में पर्यावरणीय चिंता बढ़ गई है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की बात कही गई है। निरीक्षण टीम में नमामि गंगे जलशक्ति मंत्रालय, नई दिल्ली से हर्ष कुमार महावर, एनएमसीजी प्रोजेक्ट ऑफिसर कृति वर्मा, प्रदूषण नियंत्रण विभाग से कुंवर संतोष कुमार व दिवाकर गहलोत, जिला गंगा समिति से जिला परियोजना अधिकारी डॉ। सोनू कुमार सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगरपालिका परिषद कर्मचारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले कांधला कस्बे के गरीब मजदूर परिवारों ने नगर पालिका परिषद कांधला के कुछ कर्मचारियों पर



सुविधा शुल्क की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीडितों ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि वे कस्बा कांधला के निवासी हैं और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसकी जांच नगर पालिका परिषद कांधला द्वारा की जा रही है। आरोप है कि नगर पालिका के कर्मचारियों ने आवेदन को पात्र घोषित करने के बदले सुविधा शुल्क की मांग की। शुल्क न देने पर आवेदन को अपात्र श्रेणी में डालने की बात कही जा रही है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि मोहल्ले के कुछ अन्य लोगों के आवे. दन पात्र घोषित कर दिए गए हैं, जबकि गरीब होने के कारण वे सुविधा शुल्क नहीं दे पा रहे हैं। उनके पास न तो आय का कोई स्थाई स्रोत है और न ही पक्का मकान बनाने की आर्थिक क्षमता है। डीएम से मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किए गए उनके आवेदन पत्रों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस अवसर पर इशरत, सज्जा, जाहिद, नफीसा, राशिदा, शबनम आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश को भारत में खेलो या बाहर होने का अल्टीमेटम

## टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले आईसीसी ने दी बहुमत के आधार पर 24 घंटे की मोहलत

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत से पहले हुए विवाद पर आज हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर बांग्लादेश को 24 घंटे में फैसला लेना होगा।

दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से उनके मुकाबले भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी को ग्रुप बदलने का भी विकल्प दिया था। हालांकि, अब आईसीसी ने बुधवार को हुई बैठक में उनकी सभी मांगों को खारिज करते हुए एक दिन में फैसला लेने का अल्टीमेटम दे दिया है। आईसीसी बोर्ड की बैठक में सभी फुल मेंबर देशों के डायरेक्टर ने हिस्सा लिया। इसके अलावा बैठक में आईसीसी ले रहे हैं। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह के अलावा, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मो. हसिन नकवी, क्रिकेट आस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड, जिम्बाब्वे क्रिकेट अध्यक्ष तवेंगा मुकुहलानी, क्रिकेट वेस्टइंडीज अध्यक्ष किशोर शैलो, क्रिकेट आयरलैंड के चेयरमैन ब्रायन मैकनीस, क्रिकेट न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि रोजर ट्वास, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रिचर्ड थाम्पसन, क्रिकेट साउथ अफीका के प्रतिनिधि मोहम्मद मूसाजी और मीरवाइस अशरफ, क्रिकेट अफगानिस्तान के चेयरमैन शामिल रहे। प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी और एंटी-करप्शन के हेड एंड्रयू एफग्रेव ने भी हिस्सा लिया। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, श्आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बांग्लादेश 2026 टी-20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से मना करता रहता है, तो उसकी जगह टूर्नामेंट में दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। यह फैसला वोटिंग के बाद लिया गया, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए एक और दिन का समय दिया गया है। इस विवाद की शुरुआत मुंबई इंडियंस द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई।

# डेरिल मिचेल फिर बने नंबर-1 बल्लेबाज



● भारतीय स्टार विराट कोहली 795 अंकों के साथ दूसरे पर पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** भारत में पहली बार न्यूजीलैंड को द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज ऐतिहासिक जीत दिलाने और सबसे अधिक रन बनाने वाले डेरिल मिशेल, विराट कोहली को पछाड़ कर फिर से वनडे के नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार इस शानदार प्रदर्शन के साथ मिशेल वनडे रैंकिंग में 845 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गए है। वहीं भारतीय स्टार विराट कोहली 795 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए। यह दूसरी बार है जब मिशेल ने नंबर वन वनडे रैंकिग हासिल की है, उन्होंने पिछले साल के आखिर में भी कुछ समय के लिए वह नंबर वन बल्लेबाज थे। 34 साल के मिशेल ने तीन मैचों की सीरीज में दो शतकों सहित 352 रन बनाए, जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड ने इंदौर में 2-1 से सीरीज जीत ली। निर्णायक मैच में मिशेल के नौवें वनडे शतक ने न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी, जबकि विराट कोहली ने भारत के लिए हारने के बावजूद 108 गेंदों में शानदार 124 रन बनाए। मिशेल का सीरीज में बनाया गया स्कोर तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में किसी भी न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे अधिक स्कोर है और कुल मिलाकर तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है, जो सिर्फ बाबर आजम और शुभमन गिल से पीछे है। उन्होंने लगातार मैचों में शतक बनाए, जिससे वह न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल के बराबर आ गए। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें नौ वनडे शतक बनाने वाले चौथे सबसे तेज पुरुष क्रिकेटर भी बना दिया, उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 54 पारियों में हासिल की। क्षेत्ररक्षण के दौरान मिशेल सीरीज के निर्णायक पल में शामिल थे जब उन्होंने इस मैच में को. हली का एक महत्वपूर्ण कैच पकड़ा, जिससे भारत की जीत की उम्मीदें खत्म हो गई और मैच पर उनके ऑलराउंड प्रभाव को दिखाया।

## पंजाब रॉयल्स ने शानदार वापसी कर मुंबई दंगल्स को 6-3 से हराया

**नोएडा, वार्ता।** पंजाब रॉयल्स ने 3-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए मंगलवार रात को नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो रेसलिग लीग 2026 के दिन 6 के मुकाबले में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स को 6-3 से पराजित किया। मुकाबले का टर्निंग पॉइंट महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में आया, जहां रजनीता जांगड़ा ने फॉल के जरिए स्कोर बराबर किया, इसके बाद 74 किग्रा पुरुष वर्ग में चंद्रमोहन ने पंजाब को बढ़त दिलाई। मीनाक्षी ने टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत दर्ज कर मुकाबले पर मुहर लगाई, जिससे पंजाब ने लगातार पांच मुकाबले जीतकर शानदार वापसी पूरी की। पंजाब रॉयल्स की सभी चार महिला पहलवानों ने अपने-अपने मुकाबले जीते। एना गोडिनेज ने फॉल से जीत दर्ज की, जबकि प्रिया मलिक ने अंकों के आधार पर क्लीन स्वीप किया। एना गोडिनेज को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, वहीं रोहित रहल को 'फाइटर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। यह प्रो रेसलिग लीग सीजन 5 के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक रहा, जिसमें पांच कुश्तियां फॉल या टेक्निकल सुपीरियरिटी से तय हुईं। टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल्स ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की। पुरुषों के 86 किग्रा वर्ग में मुकुल दहिया ने जॉर्जिया के तारिएल गैफ्डिाशविली पर आक्रामक खेल दिखाते हुए टेक्निकल सुपीरियरिटी से जीत हासिल की।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एम्बाप्पे ने दागे दो गोल, रियल मैड्रिड ने मोनाको को हराया

**मैड्रिड, वार्ता।** किलियन एम्बाप्पे ने अपने पुराने क्लबों में से एक के खिलाफ दो गोल किए, जिससे रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर मोनाको को 6-1 से हराकर चैंपियंस लीग शुरुआती चरण के टॉप आठ में जगह बनाने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। स्ट्राइकर एम्बाप्पे ने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में फेडे वाल्वरडे के थ्रू बॉल पर शानदार फिनिश के साथ पांचवें मिनट में गोल दागकर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई और फिर 26वें मिनट गोलकर हाफटाइम तक स्कोर 2-0 कर दिया। मैच का तीसरा गोल फेंको मास्टांटोनो ने 51वें मिनट में किया। फिर थिलो केहरर ने 55वें मिनट में गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया।

### सैम हार्पर बने बीबीएल के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'

**मेलबर्न, वार्ता।** मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम हार्पर को टॉप ऑर्डर में शानदार प्रदर्शन के बाद बीबीएल में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है। 29 वर्षीय हार्पर, जिन्होंने इस सीजन में अपना 100वां बीबीएल मैच खेला, ने लीग में अपने नौवें सीजन में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। होम और अवे सीजन में उन्होंने 61.83 की औसत से 371 रन बनाए, जिसमें 155.23 का स्ट्राइक रेट था, जिसमें एससीजी में सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ अपना पहला बीबीएल शतक और दो अन्य अर्धशतक शामिल हैं। अपने पिछले आठ सीजन में, जिसमें मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ पांच सीजन शामिल हैं, इससे पहले कि उन्हें उस डील के हिस्से के रूप में स्टार्स में ट्रेड किया गया था, जिसने ऑस्ट्रेलिया के लेगस्पिनर एडम जम्पा को रेनेगेड्स में भेजा था, उन्होंने कभी भी एक सीजन में 25.36 से अधिक का औसत या 144.55 से अधिक का स्ट्राइक रेट हासिल नहीं किया था।

# डेनियल मेदवेदेव तीसरे राउंड में पहुंचे



● डेनियल मेदवेदेव ने कड़ी मेहनत करके 6-7(9), 6-3 6-4, 6-2 से जीत हासिल की

**मेलबर्न, वार्ता।** रूस के डेनियल मेदवेदेव बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में फ्रांसीसी खिलाड़ी क्वेंटिन हैलिस के खिलाफ शुरुआती मुश्किलों से बच गए, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके 6-7(9) 6-3 6-4 6-2 से जीत हासिल की। मेलबर्न पार्क में तीन बार के फाइनलिस्ट मेदवेदेव ने पहले सेट में एक घंटे से ज्यादा समय तक संघर्ष किया, लेकिन एक कड़े टाईब्रेक के बाद हार गए। रूसी खिलाड़ी का दूसरे सेट में भी दुनिया के 83वें नंबर के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम तोड़ दिया था, लेकिन उन्होंने अपनी लय वापस पाई और मैच बराबर कर लिया। 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तीसरे सेट में बेसलाइन पर नियंत्रण रखा और शुरुआती ब्रेक पॉइंट को भुनाया और उसके बाद आक्रामक सर्विस गेम खेला।

फिर मेदवेदेव ने हैलिस के कमजोर रिटर्न का फायदा उठाते हुए जोरदार ग्राउंडस्ट्रोक से जीत हासिल की और तीसरे राउंड में पहुंच गए। जीत के बाद मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि मैं ब्रिस्बेन में बहुत बेहतर खेल रहा था। मैं अभी भी यहां के कोर्ट के हिसाब से पूरी तरह से ढल नहीं पाया हूं। मुझे लगता है कि मेरे शॉट्स में थोड़ी पावर की कमी है। लेकिन जब आप किसी टूर्नामेंट में जीतते रहते हैं, तो आप धीरे-धीरे इसमें ढल जाते हैं। यह पिछले कुछ सालों में पहली बार है जब मैं किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में हूं, इसलिए अच्छा महसूस कर रहा हूं।

# यूकी-आंद्रे की जोड़ी दूसरे दौर में पहुंची



● भारत के यूकी भांबरी व स्वीडिश आंद्रे गोरान्सन ने स्थानीय वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट को दी मात

**मेलबर्न, वार्ता।** भारत के यूकी भांबरी और उनके स्वीडिश साझीदार आंद्रे गोरान्सन ने बुधवार को स्थानीय वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में भारत के टॉप रैंक वाले पुरुष युगल टेनिस खिलाड़ी, दुनिया के नंबर 21 यूकी भांबरी और आंद्रे गोरान्सन की जोड़ी ने सिर्फ 57 मिनट में जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट पर 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। साल के पहले ग्रैंड स्लैम में 10वीं सीड वाली इस इंडो-स्वीडिश जोड़ी ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा और उनकी सर्विस लगभग परफेक्ट थीं। पहले सेट में, उन्होंने अपने पांच सर्विस गेम में से चार लव पर जीते, सिर्फ नौवें गेम में एक पॉइंट गंवाया। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 और कई ग्रैंड स्लैम विजेता लेटन हेविट के बेटे जेम्स डकवर्थ और क्रूज हेविट के खिलाफ आठवें गेम में मिला ब्रेक सेट जीतने के लिए काफी थी। दूसरे सेट में भी यही सिल. सिला जारी रहा, भांबरी और गोरान्सन ने फिर से अपने पांच सर्विस गेम में से चार बिना कोई अंक गंवाए जीत दर्ज की। अगले राउंड में, भांबरी और गोरान्सन का मुकाबला। मेक्सिको के सैंटियागो गोंजालेज और नीदरलैंड के डेविड पेल तथा ब्राजील की जोड़ी मार्सेलो मेलो और फर्नांडो रोम्बोली के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन में, पुरुष युगल ड्रॉ में एकमात्र अन्य भारतीय टेनिस खिलाड़ी निकी कलियंदा पूनाचा पहले राउंड में बाहर हो गए। पूनाचा और उनके थाई जोड़ीदार प्रुचिया इसारो मंगलवार को स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार से 7-6(3), 7-5 से हार गए।

यूकी भांबरी मेलबर्न में मिश्रित युगल स्पर्धा में अमेरिका की 2018 विबलडन चैंपियन निकोल मेलिचर-मार्टिनेज के साथ जोड़ी बनाएंगे।

### अफगानिस्तान ने तंजानिया को नौ विकेट से हराया

**विडहोक, वार्ता।** नूरिस्तानी उमरजई (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फैसल शिनोजादा (नाबाद 55) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत अफगानिस्तान ने बुधवार को अंडर-19 विश्व. कप के 18वें मुकाबले में तंजा. निया को 224 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। अफगानिस्तान ने 86 रनों के लक्ष्य को महज 12.4 ओवर में एक विकेट पर 88 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से अपने नाम किया। अफगानिस्तान का एकमात्र विकेट पांचवें ओवर में खालिद अहमदजई (14) के रूप में गिरा। फैसल शिनोजादा ने 34 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 55 रनों की पारी खेली। वहीं उस्मान सादात 16 रन बनाकर नाबाद रहे। खालिदी जुमा तंजानिया की ओर से एक विकेट लिया। इससे पहले आज यहां तंजानिया की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी तंजानिया की टीम अफगानी गेंदबाजी आक्रमण का अधिक देर तक सामना नहीं कर सकी और पूरी टीम 36 ओवरों में 85 के स्कोर पर ढेर हो गई।

# वोरसेस्टरशायर के पूर्व स्पिनर नॉर्मन गिफोर्ड का निधन



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड, वोरसेस्टरशायर और वार्विकशायर के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर नॉर्मन गिफोर्ड का लंबी बीमारी के बाद 85 साल की उम्र में निधन हो गया है। गिफोर्ड वोरसेस्टरशायर की 1964 और 1965 की काउंटी चैम्पियनशिप जीतने वाली टीमों के प्रमुख सदस्य थे, और 1974 में क्लब को खिताब दिलाया, साथ ही 1971 में उनकी तीन संडे लीग जीत में से पहली जीत भी दिलाई। उन्होंने 1960 से 1982 के बीच 22 साल तक क्लब के लिए खेला, इस दौरान उन्होंने 1,615 फर्स्ट-क्लास विकेट लिए।

उन्हें 1975 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया, और क्रिकेट में उनकी सेवाओं के लिए 1978 में एमबीई से सम्मानित किया गया। उनके टेस्ट करियर में 1964 से 1973 के बीच 15 टेस्ट शामिल थे, जिसमें उन्होंने 31-09 की औसत से 33 विकेट लिए, जिसमें कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 55 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। हालांकि, एक दशक से भी ज्यादा समय बाद उनका एक अप्रत्याशित अध्याय आया, जब 44 साल की उम्र में उन्होंने शारजाह में रॉथमैन फोर-नेशंस कप में दो वनडे में इंग्लैंड की कप्तानी की।

एक थका देने वाले सर्दियों के मौसम के बाद इंग्लैंड के कई मुख्य खिलाड़ी टीम से बाहर थे, जिसमें नियमित कप्तान डेविड गोवर भी शामिल थे, और वे ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान दोनों से हार गए। हालांकि, गिफोर्ड ने बाद वाले मैच में दस किफायती ओवरों में 23 रन देकर 4 विकेट लिए। अपने करियर के इस पड़ाव पर वह वार्विकशायर चले गए थे।

# अल्काराज-सबालेंका व गॉफ का तीसरे दौर में प्रवेश



● अल्काराज ने यानिक की कड़ी चुनौती को पार करते हुए सीधे सेटों में 7-6, (7-4), 6-3 6-2 से जीत हासिल की

**मेलबर्न, वार्ता।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज, महिलाओं में नंबर एक आर्यना सबालेंका और अमेरिकी स्टार कोको ग्रॉफ ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। कार्लोस अल्काराज ने यानिक हैन्फमैन की कड़ी चुनौती को पार करते हुए सीधे सेटों में 7-6 (7-4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। दुनिया के नंबर एक और टॉप सीडेड स्पेनिश खिलाड़ी को 34 साल के जर्मन खिलाड़ी, जो 102वीं रैंक पर हैं, के खिलाफ रैंकिंग के मुक. ाबले कहीं ज्यादा मुश्किल का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला काफी प्रतिस्पर्धी रहा, खासकर पहले सेट में। हैन्फमैन ने तुरंत दबाव बनाया, अपने पावरफुल फोरआर्म शॉट्स और शानदार ड्रॉप शॉट्स का इस्तेमाल करके अल्काराज को डिफेंसिव रखा। पहला सेट 78 मिनट की लंबी बेसलाइन रैलियों के बाद टाईब्रेक तक गया, जिसमें अल्काराज आखिरकार 7-4 से जीत गए। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, जर्मन खिलाड़ी की पसली की चोट का असर दिखने लगा, जिससे उनकी मूवमेंट और शॉट लगाने की क्षमता सीमित हो गई। अल्काराज ने इस मौके का फायदा उठाया, रणनी. तिक समझदारी और धैर्य दिखाया। दूसरे सेट में, उन्होंने अहम पलों पर हैन्फमैन की सर्विस तोड़ी, और आखिरकार कई शानदार फोरआर्म विनर्स और सटीक बैकहैंड प्लेसमेंट के साथ सेट 6-3 से जीत लिया। तीसरे सेट में, अल्काराज ने अपना दबदबा बनाए रखा, फिर से सर्विस तोड़कर मैच के लिए सर्व किया और 6-2 से मैच खत्म कर दिया। सीधे सेटों के स्कोर के बावजूद, अल्काराज ने माना कि मैच के लिए फोकस और तालमेल बिठाने की जरूरत थी। इस जीत के साथ, अल्काराज तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं, जहां उनका मुक. ाबला अमेरिकी क्वालिफायर जेंग या फ्रांसीसी खिलाड़ी कोरेंटिन माउटेट से होगा। सबालेंका ने अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया और दूसरे दौर में चीनी क्वालिफायर बाई झूओक्सुआन को 6-3, 6-1 से हराया।

## लिजेल ली पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की लिजेल ली पर मंगलवार को वडोदरा के बीसीए स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और 1 डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। लिजेल ली ने आर्टिकल 2-2 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया, जो मैच के दौरान क्रिकेट उपकरणों के दुरुपयोग से संबंधित है। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला अंतिम और बाध्यकारी होता है।

# मैं नंबर-3 पर खेलना चाहती थी: जेमिमाह



● इस सीजन कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों मोर्चों पर संघर्ष कर रहीं जेमिमा रॉड्रिग्स प्लेयर ऑफ द मैच रही

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के लिए मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मिली जीत महज दो अंक नहीं, बल्कि राहत की एक बड़ी सांस लेकर आई है। इस सीजन कप्तानी और बल्लेबाजी, दोनों ही मोर्चों पर संघर्ष कर रहीं जेमिमा ने न केवल अपनी टीम को जीत की पटरी पर लौटाया, बल्कि खुद भी नाबाद 51 रनों की कप्तानी पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं।

डीसी जब अपनी सीजन की शुरुआत कर रही थी, तब बल्लेबाजी क्रम को लेकर तीन बड़े सवाल थे। शेफाली वर्मा के साथ ओपन कौन करेगा? क्या जेमिमानंबर तीन पर बल्लेबाजी करेंगी? लिजेल ली और लौरा वुलफॉर्ट किस पोजीशन पर बल्लेबाजी करेंगी? एमआई के खिलाफ मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जेमिमा ने खुलासा किया कि वे निजी तौर पर नंबर तीन पर खेलना चाहती थीं, लेकिन टीम की जरूरत के आगे उन्होंने अपना मन बदल लिया।

उन्होंने कहा कि सच कहूं तो मैं नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना चाहती थी, लेकिन कप्तान के तौर पर मैं सिर्फ अपने बारे में नहीं सोच सकती। मुझे टीम को पहले रखना था। टीम के नजरिए से लौरा वुलफॉर्ट नंबर तीन के लिए बेहतर थीं क्योंकि वे दक्षिण अफ्रीका के लिए भी ओपनिग करती हैं और नई गेंद को अच्छा टाइम करती हैं। नंबर चार पर मैं ज्यादा सहज हूं क्योंकि मैं स्पिनर्स को बेहतर खेल सकती हूं और पहली ही गेंद से गैप ढूंढने में सक्षम हूं। लौरा एक बेहतरीन उप कप्तान भी हैं और मैदान पर मेरी बहुत मदद करती हैं। मुझे उनके साथ बल्लेबाजी करना और उनके कवर ड्राइव देखना बहुत पसंद है। पिछले तीन सीजन तक डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंचने वाली डीसी की टीम इस सीजन उस तरह की लय में नहीं है।

# घर से टी-20 विश्व कप देखना थोड़ा अजीब लगेगा: रोहित

## रोहित शर्मा ने साथियों के साथ बनाए गए रिश्तों और बॉन्ड के बारे में अपने विचार शेयर किए



**मुंबई, वार्ता।** भारत के 2024 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा जियोहॉटस्टार के 'कैप्टन रोहित शर्माज रोडमैप फॉर टी-20 वर्ल्ड कप' में जतिन सप्रू के साथ बैठे, जहां उन्होंने पहले टी-20 वर्ल्ड कप के बारे में बात की जिसमें वह हिस्सा नहीं लेंगे, अपने टीम के साथियों के साथ बनाए गए रिश्तों और बॉन्ड के बारे में अपने विचार शेयर किए, मुश्किल सिलेक्शन के फैसले लेने और आने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम के बारे में अपनी राय बताई। रोहित शर्मा ने माना कि अपने करियर में पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप मिस करना उनके लिए एक अजीब एहसास होगा। उन्होंने कहा,ष्हम घर पर इस बारे में बात कर रहे थे कि घर से इसे देखना अजीब लगेगा, खासकर टी-20 वर्ल्ड कप। जब से यह शुरू हुआ है, तब से अब तक मैं हर वर्ल्ड कप का हिस्सा रहा हूं, इसलिए यह अलग लगेगा। जब मैं टीम को टी 20 मैच खेलते हुए देखता हूं, तो मिस करने का एहसास उतना नहीं होता। लेकिन जब आप वर्ल्ड कप मिस करते हैं, तो असलियत का एहसास होता है। तभी आपको पता चलता है कि आप इसका हिस्सा नहीं बनने वाले हैं। तो यह थोड़ा अजीब लगेगा। हालांकि, मैं स्टेडियम में कहीं रहूंगा। यह वैसा नहीं होगा और यह एक अलग अनुभव होगा, लेकिन मैं असल में इसके लिए उत्सुक हूं। यह काफी शानदार होगा। अपनी कप्तानी के दौरान टीम के साथियों के बीच सम्मान पाने और रिश्ते बनाने के बारे में रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों के साथ अभी भी वैसा ही रिश्ता होना बहुत अच्छा लगता है, और यही मैं हमेशा टीम में चाहता था, किसी भी चीज पर खुलकर बात करना, सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि जदिगी के बारे में भी, खेल के बाहर की कोई भी बात। जिंदगी में क्या चल रहा है, घर पर क्या हो रहा है, इस तरह की बातें। मैं हमेशा वैसा ही इंसान बनना चाहता था, क्योंकि मुझे पता है कि जब आप पहली बार टीम में शामिल होते हैं, तो खुलने में समय लगता है। इसलिए, जब मैं यहां बैठा होता हूं या जब मैं टीम के ड्रेसिग रूम में जाता हूं, तो मैं कभी नहीं चाहता कि किसी को ऐसा लगे कि उन्हें खुलने में समय लगेगा। मैं चाहता हूं कि उन्हें लगे कि वे बस आकर खुलकर बात कर सकते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वे सोचें कि उन्हें आकर बात करनी चाहिए या नहीं। मैं कभी नहीं चाहता था कि किसी के मन में ऐसा ख्याल आए। मैं जितना हो सके उतना खुला और सीधा रहने की कोशिश करता हूं, और इसीलिए ए लोग मेरा बहुत मजाक उड़ाते हैं। कोई सीमा नहीं है, हमेशा एक खुला दरवाजा होता है। साथ ही, हम एक-दूसरे की टांग खींचते हैं, खैर, हम नहीं, वे मेरी टांग खींचते हैं। मैं हमेशा ऐसा ही माहौल चाहता था, और मुझे यह सच में बहुत पसंद है। टीम में एकजुटता और आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप इंडिया और श्रीलंका 2026 के लिए भारतीय टीम के बारे में: रोहित ने कहा कि मुझे लगता है कि एकजुटता और आपसी भरोसा सबसे जरूरी चीजें हैं। अगर मैं गलत नहीं हूं, तो ए खिलाड़ी लगभग दो साल से एक साथ खेल रहे हैं। कुछ खिलाड़ी बाहर हुए हैं और कुछ नए आए हैं, लेकिन इसके अलावा, मुझे लगता है कि पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से लगभग 80 से 90 प्रतिशत टीम वही रही है। जब मैं मैच देखता हूं, तो मुझे लगता है कि टीम में आपसी समझ बहुत अच्छी है, जो एक साथ खेलने से बनी है। एक अच्छी बात यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर, लगभग सभी खिलाड़ी एक ही उम्र के हैं।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 22 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## सुर्खियों में ट्रांसफर

उप्र का सम्भल फिर से चर्चाओं में है। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कई कारणों से चर्चाओं में रहा है। पहले जामा मस्जिद का सर्वे और उसके बाद हुई हिंसा को लेकर चर्चा बटोर चुका है। पुलिस की कार्रवाई भी यहां सुर्खियों में बनी रही है। हाल ही में चर्चाओं में संभल उस समय आया, जब यहां के सीजेएम विभांशु सुधीर ने नौ जनवरी को एएसपी अनुज चौधरी समेत 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अब पांच दिन बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया है। यूं तो इलाहाबाद हाईकोर्ट की तरफ से एक लिस्ट जारी हुई है, इस लिस्ट में 14 जजों के ट्रांसफर किए गए हैं और कुछ जजों की जगह अदला-बदली भी की गई है। इसी लिस्ट में विभांशु सुधीर का भी नाम है। उनको सुल्तानपुर भेजा गया है। वहीं चंदौसी कोर्ट के सी. डि. सिविल जज आदित्य सिंह को सम्भल का सीजेएम नियुक्त किया गया है। ध्यान रहे आदित्य सिंह वही जज हैं जिन्होंने श्री हरि-हरि मंदिर बनाम जामा मस्जिद दावे पर सर्वे के आदेश दिए थे। उन्हें प्रोमोशन के तहत सम्भल भेजा गया। विभांशु सुधीर मूलरूप से जहां उप्र के भदोई जिले के रहने वाले हैं, तो वहीं आदित्य सिंह मूलरूप से यूपी के मु.नगर के रहने वाले हैं। यह भी अजीब संयोग है कि एएसपी अनुज चौधरी भी मु.नगर जनपद से ही ताल्लुक रखते हैं। यूं तो जजों का ट्रांसफर कोई नई बात नहीं है और यह प्रक्रिया के तहत चलता रहता है, लेकिन कई बार समय का फेर इस तरह का हो जाता है जहां ट्रांसफर चर्चाओं में आ जाते हैं और वह इस कारण से होता है कि उसके पीछे कोई फैसला जुड़ा होता है। जैसाकि इस समय भी देखने में आ रहा है। जब मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर ने 9 जनवरी को यह फैसला लिया था तो इस फैसले ने सभी को चौंका दिया था। एएसपी अनुज चौधरी उप्र शासन के काफी नजदीक माने जाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली भी काफी विवादित रही है। उनके विवादित बयान भी काफी चर्चाओं में रह चुके हैं, जो सांप्रदायिकता का सार लिए होते हैं। ऐसे में अनुज चौधरी और 20 अन्य पुलिसकर्मियों के विरुद्ध किसी न्यायाधीश द्वारा मुकदमा का आदेश देना चर्चा तो बंटोरेगा ही। साथ ही वह सर्द मौसम में राजनीतिक गर्मी का काम करेगा, जोकि ऐसा होता दिखाई भी दे रहा है। साथ ही ऐसे लोगों को भी बल मिलेगा, जो सरकार पर न्याय पालिका को प्रभावित करने का आरोप लगाते रहे हैं। अच्छा होता कि सरकार इस पर थोड़ा संयम बरतती और ऐसा कोई काम न करती जिससे जनता में गलत संदेश जाए। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है। यूं भी यह इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। हम दिल्ली, हरियाणा में ऐसा होते देख चुके हैं। ऐसी स्थिति न्यायपालिका के लिए ठीक नहीं है। न्यायपालिका की साख की हर हाल में रक्षा की जानी चाहिए।

## विधायिका तय करती है न्याय का मार्ग



न्याय, समता और बंधुता भारतीय संविधान की आत्मा हैं और इन्हीं मूल्यों के आधार पर देश की विधायिका समाज को दिशा देने का कार्य करती है, न्याय कैसे प्राप्त किया जाए, इसका मार्ग विधायिका तय करती है, क्योंकि वही ऐसे कानूनों का निर्माण करती है जो समाज के प्रत्येक वर्ग को न्याय दिलाने में सहायक होते हैं, विधायिका समतामूलक समाज की स्थापना का माध्यम है, बंधुता का अर्थ यह है कि सहमति और असहमति के बावजूद हम सब एक साथ आगे बढ़ते हैं और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हैं, सशक्त विधायिका ही सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से देश में बेहतर संसदीय परंपराओं को मजबूती मिलती है।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# छुट्टियों के मौसम के बाद ट्रैवल इंश्योरेंस क्लेम दर्ज से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ट्रैवल इंश्योरेंस का उद्देश्य होता है कि आपकी यात्रा के दौरान आई अचानक परेशानी से आपको सुरक्षित रखे और फिलहाल भारत में यात्रियों के साथ बिल्कुल यही हो रहा है। इस दिसंबर से चल रही परिचालन चुनौतियों के कारण दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित कई प्रमुख हवाई अड्डों पर, लोगों को फ्लाइट कैंसलेशन और देरी का अनुभव करना पड़ा। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी ली है, तो ऐसे मुश्किल-भरे हालात असल में यह समझने का सबसे अच्छा मौका होते हैं कि आपकी कवरेज कब और कैसे काम आ सकती है। अगर आपकी फ्लाइट कैंसल हो जाए, ट्रांसफर मिस हो जाएं, अचानक मेडिकल जरूरतें आ जाएं या होटल बुकिंग में दिक्कत आए, खासकर जब एयरलाइन के परिचालन में इस तरह की गड़बड़ी हो जाए, तब आपके लिए यह जानना बहुत जरूरी हो जाता है कि क्लेम कैसे और कब दर्ज करना है।

### अपना ट्रैवल क्लेम दर्ज करने से पहले किन बातों को ध्यान में रखें?

चाहे आप कहीं भी जा रहे हों, आपको वर्तमान स्थिति जैसी किसी एमरजेंसी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण बातों के बारे में जानना बेहतर है जो आपके ट्रैवल क्लेम अनुभव को आसान बनाएंगी।

### यात्रा से पहले की तैयारी

यात्रा पर निकलने से पहले यह जरूरी है कि आप अपने साथ ले जाने वाली सभी महंगी और कीमती चीजों की ठीक तरह से लिस्ट बना लें। अपनी पसंदीदा डेस्टिनेशन के लिए रवाना होने से पहले, जिन भी कीमती सामानों या डॉक्यूमेंट्स को आप साथ ले जा रहे हैं, उनकी ढेर सारी तस्वीरें खींचकर सुरक्षित रख लें। इसके अलावा, अपने सभी ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स की एक कॉपी बना लेना और उसे घर पर किसी भरोसेमंद परिवार के सदस्य या दोस्त के पास छोड़ देना समझदारी है, और असली डॉक्यूमेंट्स को अपने साथ सफर पर ले जाएं।

### शर्तें बारीकी से पढ़ना

किसी भी तरह का इंश्योरेंस खरीदते समय पॉलिसी डॉक्यूमेंट्स को ध्यान से पढ़ना बेहद जरूरी होता है। इससे आपको यह साफ पता चलता है कि ट्रैवल पॉलिसी में क्या शामिल है और क्या नहीं। पॉलिसी नियमावली आपके ट्रैवल इंश्योरर की आधिकारिक वेबसाइट पर आसानी से मिल सकती है। क्लेम दर्ज करते समय, अगर आप अपनी पॉलिसी से अच्छी तरह वाकिफ हैं, तो सूचीबद्ध शर्तों और सीमाओं के आधार पर आपको क्लेम की स्वीकार्यता समझने में आसानी होगी। ट्रैवल इंश्योरेंस में आमतौर पर शामिल कवरेज में फ्लाइट कैंसलेशन और देरी, मिस्ड कनेक्शन, सामान का खोना या मिलने में देरी होना, और मेडिकल एमरजेंसी से जुड़े खर्च शामिल होते हैं।

### मेडिकल एमरजेंसी

एमरजेंसी या एक्सीडेंट के मामले में, अपनी इंश्योरेंस कंपनी को तुरंत सूचित करें। खासकर विदेश में होने पर, सभी मेडिकल रसीदें और रिपोर्ट्स सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संभालकर रखें। ऐसी रसीदों के आधार पर इंश्योरर यह तय कर पाएगा कि इलाज कहां कराया गया था। अगर दुर्घटना किसी थर्ड पार्टी की गलती से हुई हो, तो पुलिस रिपोर्ट जरूर दर्ज कराएं और उसकी एक कॉपी सुरक्षित रख लें, ताकि क्लेम के समय उसे इंश्योरेंस कंपनी के पास जमा किया जा सके।

### सामान का खोना या चोरी होना

एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।

### तुरंत क्लेम दर्ज करें

हर इंश्योरेंस कंपनी एक निश्चित समय अवधि तय करती है, जिसके भीतर आप अपना क्लेम दर्ज कर सकते हैं। विशेष रूप से छुट्टियों के मौसम के बाद, यह उम्मीद की जाती है कि ज्यादा क्लेम दर्ज किए जाएंगे। आजकल, अधिकांश कंपनियां आपको अपना क्लेम ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा देती हैं। क्लेम शुरू करने के लिए, अपनी इंश्योरेंस कंपनी की वेबसाइट से क्लेम फॉर्म डाउनलोड करें और विधिवत भरा हुआ फॉर्म सबमिट करें। रीइम्बर्समेंट की संभावना को बढ़ाने के लिए सभी संबंधित प्रमाण अटैच करना न भूलें। अगर आपने कॉम्प्रिहेंसिव ट्रैवल इंश्योरेंस पॉलिसी का विकल्प चुना था, तो समय आ गया है कि क्लेम दर्ज करना सीख लें, ताकि आपकी पॉलिसी खरीदने का उद्देश्य पूरा हो सके। बहुत से लोग इस प्रक्रिया से गुजरने में हिचकिचाते हैं, लेकिन इसमें मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा उस मेहनत से कहीं ज्यादा मूल्यवान होती है। चाहे बात फ्लाइट में रुकावटों की हो, सामान खोने की या अचानक आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की, सही तरीके से क्लेम दर्ज करने से ही आपको वह मुआवजा मिलता है जिसके आप हकदार हैं। इस अनिश्चितताओं से भरी यात्राओं के सीजन में, समय पर और सही दस्तावेजों के साथ क्लेम दर्ज करने के लिए तैयार रहना एक समझदारी भरा कदम है, ताकि आप अनचाहे खर्चों से बच सकें और आपकी छुट्टियां बाद में याद करते समय उतनी ही खुशगवार रहेंगी, जितनी आपने सोची थीं।



**एयरपोर्ट से लेकर होटल तक, सफर के दौरान कई जगहें ऐसी होती हैं जहां आपका सामान चोरी होने का खतरा रहता है, खासकर विदेश में। ऐसी इंश्योरेंस पॉलिसी खोए हुए सामान और आवश्यक चीजें जैसे कपड़े, टॉयलेट्रीज और आवश्यक रिप्लेसमेंट के लिए मुआवजा प्रदान करती है। अगर ऐसा होता है, तो पुलिस स्टेशन से लिखित रिपोर्ट प्राप्त करें और तुरंत अपनी इंश्योरेंस कंपनी को इसके बारे में जानकारी दें। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आपके पास अपना क्लेम दर्ज करने के लिए उचित प्रमाण हो।**

-राकेश कौल

( चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर-रिटेल बिजनेस, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड )

# घूमने के हैं शौकीन, तो यहां जरूर जाएं


घूमने के शौकीन लोग समय और छुट्टियां मिलते ही घूमने की प्लानिंग कर लेते हैं। अधिकतर लोग घूमने के लिए हिल स्टेशन जाना पसंद करते हैं। जिससे वह बिजी शेड्यूल के बीच सुकून के कुछ पल बिता सकें। यहां की ठंडी-ठंडी हवाएं और शांत वातावरण दिल और दिमाग को शांति पहुंचाते हैं। आमतौर पर जब भी घूमने की प्लानिंग की जाती है, तो अधिकतर लोग शिमला-मनाली और नैनीताल जाना पसंद करते हैं।

बता दें कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के अलावा अन्य कई राज्य हैं, जहां आपको एक से बढ़कर एक खूबसूरत हिल स्टेशन मिल जाएंगे। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको तमिलनाडु के एक ऐसे हिल स्टेशन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाने के बाद आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

**तमिलनाडु के हिल स्टेशंस**

वैसे तो तमिलनाडु में 25 से ज्यादा हिल स्टेशन हैं, जोकि राज्य की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। यहां पर कुन्नूर, एलागिरी, यरकॉड, ऊटी, कोडाइकनाल, वेल्लियांगिरी हिल्स और कोल्ली हिल्स जैसी कई शानदार जगहें हैं। लेकिन अगर आपको प्रकृति की खूबसूरती और झीलों के सुंदर नजारे देखना चाहते हैं, तो आपको कोटागिरी हिल स्टेशन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

**कोटागिरी है बेस्ट ऑप्शन**



यह एक बेहद शानदार जगह है और यहां के नजारे पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। बारिश के मौसम में इस जगह की खूबसूरती अधिक बढ़ जाती है। आज हम आपको कोटागिरी हिल्स में घूमने वाली कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**कैथरीन फॉल्स**

कैथरीन फॉल्स 20 फीट की ऊंचाई से गिरता है। यह झरना हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां के सुंदर नजारे देखने के बाद आपका वापस जाने का दिल नहीं करेगा।

**कोटागिरी ट्रैक रूट**

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनको ट्रैकिंग पसंद है। तो आपको एक बार कोडनाड से कोटागिरी की ट्रैकिंग जरूर करना चाहिए। आपको इस रूट में चाय के सुंदर बागान और घने जंगल भी देखने को मिलेंगे।

**चाय के बागान**

बता दें कि नीलगिरी की पहाड़ियों पर बसे चाय बागानों को देखकर आप सुकून महसूस करेंगे। यहां पर आप चाय की चुस्की भी ले सकते हैं। इसकी खूबसूरती देखकर आप भी बार-बार कैमरा निकालने पर मजबूर होंगे।

**कोडनाड व्यू पॉइंट**

यह जगह सनराइज और सनसेट के सुंदर नजारों को देखने के लिए सबसे अच्छी मानी जाती है। इसके साथ ही आपको यहां पर टीपू सुल्तान के किले का बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।

**रंगास्वामी पीक**

अगर आप हाइकिंग ट्रेल का मजा लेना चाहते हैं, तो आपको रंगास्वामी पीक जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यहां का रंगास्वामी मंदिर और बड़े-बड़े चट्टान लोगों को पसंदीदा लिस्ट में शामिल होते हैं।

**ऐसे पहुंचें कोटागिरी हिल स्टेशन**

आप चाहें तो यहां पर ट्रेन से भी जा सकते हैं। यहां का सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन मेट्टुपालयम है। कोटागिरी से इसकी दूरी करीब 33 किमी दूर है। यहां का सबसे पास एयरपोर्ट कोयंबटूर है। जोकि करीब 70 किमी की दूरी पर है। आप चाहें तो यहां पर बस और प्राइवेट गाड़ी से भी आ सकते हैं।

-साभार प्रभा

# नेताजी सुभाष की मृत्यु: आयोग, फाइलें और अधूरा सत्य





योगेश कुमार गोयल

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है। दरअसल उनकी मृत्यु के संबंध में कई दशकों से यही दावा किया जाता रहा है कि 18 अगस्त 1945 को सिंगापुर से टोक्यो (जापान) जाते समय ताइवान के पास फार्मोसा में उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उस हवाई दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। नेताजी ने 16 अगस्त 1945 को टोक्यो से ताइपेई के लिए उड़ान भरी थी और जापानी द्वितीय विश्व युद्ध का उनका विमान 18 अगस्त की सुबह ताइपेई के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसके बाद जापान सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि उस दुर्घटना में विमान में सवार सभी 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी शामिल थे। 18 अगस्त 1945 को ताइवान के ताइपेई में विमान दुर्घटना में उनकी मौत की जापान सरकार द्वारा की गई आधिक. रिक घोषणा को भारत सरकार ने भी स्वीकार कर लिया था लेकिन आज भी कई लोग इसे मानने को तैयार नहीं हैं। दरअसल उनके जीवित होने और गुमनामी में जीवन जीने के दावे किए जाते रहे हैं और इस विषय पर कई बार जांच भी हुई है।

हालांकि नेताजी के जीवित होने का दावा करने वाले लोगों ने कई बार अपने दावों का समर्थन करने के लिए सबूत पेश किए लेकिन उन सबूतों को प्रायः संदिग्ध माना गया है और कहा जाता रहा है कि उनके जीवित होने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं हैं। दरअसल नेताजी का शव कभी नहीं मिला और कुछ अन्य कारणों से भी उनकी मौत के दावों पर आज तक विवाद बरकरार है। उनकी मृत्यु का रहस्य जानने के लिए विभिन्न सरकारों द्वारा पूर्व में कुछ आयोगों का गठन भी किया जा चुका है और कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नेताजी के लापता होने के रहस्य से जुड़े खुफिया दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग पर सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच भी गठित की गई किन्तु अभी तक रहस्य से पर्दा नहीं उठा है। फैजाबाद के गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले तक में नेताजी के होने संबंधी कई दावे भी पिछले दशकों में पेश हुए किन्तु सभी की प्रामाणिकता संदिग्ध रही और नेताजी की मौत का रहस्य यथावत बरकरार है। हालांकि जापान सरकार बहुत पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुकी है कि 18 अगस्त 1945 को ताइवान में कोई विमान हादसा हुआ ही नहीं और भारत सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सार्वजनिक की गई नेताजी से संबंधित कुछ गोपनीय फाइलों में मिले एक नोट से तो यह सनसनीखेज खुलासा भी हुआ कि 18 अगस्त 1945 को हुई कथित विमान दुर्घटना के बाद भी नेताजी ने तीन बार 26 दिसम्बर 1945, 1 जनवरी 1946 तथा फरवरी 1946 में रेडियो द्वारा राष्ट्र को सम्बोधित किया था। इस खुलासे के बाद से ही नेताजी की मौत का रहस्य और गहरा गया था।

नेताजी के जीवित रहने को लेकर किए गए विभिन्न दावों में कहा गया कि वे विमान दुर्घटना में नहीं मारे गए थे बल्कि जीवित बच गए थे और उन्होंने अपने जीवन का बाकी हिस्सा गुप्त रूप से बिताया। ऐसे ही दावों में से एक दावा यह भी था कि विमान दुर्घटना में नेताजी को गंभीर रूप से चोटें लगी थी लेकिन वे जीवित बच गए थे और उन्हें एक जापानी अस्पताल में ले जाया गया था, जहां उनका इलाज किया गया और बाद में उन्हें सोवियत संघ ले जाया गया, जहां उन्हें एक गुप्त शिविर में रखा गया। एक अन्य दावा यह भी था कि नेताजी ने विमान दुर्घटना में बचने के लिए अपना रूप बदल लिया था। उन्होंने अपना नाम और पहचान बदल ली थी और एक गुप्त जीवन जीने लगे थे। कुछ लोगों ने यह दावा भी किया कि उन्होंने नेताजी को गुप्त रूप से रहने के दौरान देखा है। हालांकि इन तमाम दावों में से किसी का भी कोई पुख्ता सबूत कभी नहीं मिला लेकिन इन दावों को लेकर सच्चाई जानने को लेकर लोगों में सदैव उत्सुकता रही है। उनकी मौत के रहस्य को सुलझाने के लिए कई बार जांच आयोग भी बैठाए गए, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण जांच आयोग न्यायमूर्ति ताराचंद की अध्यक्षता में 1956 में बैठाया गया था। ताराचंद आयोग ने अपने निष्कर्ष में कहा था कि नेताजी की मृत्यु विमान दुर्घटना में हुई थी। आयोग ने कहा था कि नेताजी के जीवित रहने के दावे के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं है, लेकिन आयोग के निष्कर्षों को कई लोगों ने चुनौती दी थी, जिनका कहना था कि आयोग ने नेताजी के जीवित रहने के दावों की पर्याप्त जांच नहीं की थी। आज भी दावे के साथ यह कहना मुश्किल है कि नेताजी की मृत्यु कैसे हुई थी। हो सकता है कि वे विमान दुर्घटना में मारे गए हों या यह भी हो सकता है कि वे जीवित बच गए हों और उन्होंने अपना जीवन गुप्त रूप से बिताया हो। कुल मिलाकर, उनकी मौत का रहस्य आज भी अनसुलझा है और इस रहस्य को सुलझाने के लिए और अधिक जांच की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



पटना। 'जेईई मेन्स 2026' परीक्षा में बैठने से पहले परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में इंतजार करते उम्मीदवार।

## उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी आने पर वापस लौटा ट्रम्प का विमान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का विमान एयर फोर्स वन मंगलवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद 'तकनीकी खराबी' आने के कारण संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट आया। यह जानकारी व्हाइट हाउस ने दी। ट्रम्प विश्व आर्थिक मंच 2026 में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस जा रहे थे। व्हाइट हाउस त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने सोशल मीडिया पर कहा कि उड़ान भरने के बाद एएफ1 के क्रू सदस्यों ने विमान में तकनीकी खराबी का पता लगाया। पूरी सावधानी बरतते हुए, एएफ1 संयुक्त बेस एंड्रयूज लौट रहा है।

# बांग्लादेश से राजनयिकों के परिवारों को वापस बुला रहा भारत

## संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**नई दिल्ली।** भारत को बंगलादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली है, जिसके मद्देनजर वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानक. ारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बंगलादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं।

खुफिया जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादियों ने बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं और वहां उन्हें एक तरह की मान्यता भी मिल रही है। खुफिया आकलन में कहा गया है कि ये तत्व भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को निशाना बना सकते हैं। इस



■ अगस्त 2024 में छात्रों विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किए गए कई उग्रवादी बंगलादेश में फिर से संगठित हो गए हैं

संभावित खतरे के मद्देनजर सरकार ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बंगलादेश में तैनात भारतीय राजनयिकों के परिवारों को ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुलाने का निर्णय लिया है।

भारत की रणनीतिक व्यवस्था को बंगलादेश में उग्रवादी ताकतों के पुनरुत्थान और इस्लामवादी आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के खिलाफ बढ़ती कटु भाषा और शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता है। अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा परिदृश्य पिछले दशक में दोनों देशों के बीच निरंतर आतंकवाद-रोधी सहयोग से हासिल की गई स्थिरता की तुलना में काफी बिगड़ गया है। इस महीने की शुरुआत में दिए एक साक्षात्कार में मॉरीशस सरकार के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी शांतनु मुखर्जी ने कहा था कि देश की पूर्वी सीमा के पार हाल के घटनाक्रम से यह संकेत मिलते हैं कि उग्रवादियों को रिहा किए जाने से आतंकवाद के खिलाफ मिली सफलता पर विपरीत असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कट्टरपंथी आतंकवादी कैदियों को जेल से रिहा कर फिर से संगठित होने दिया जा रहा है, जिससे बंगलादेश फिर से 'जिहादी' नेटवर्कों के लिए आधार बन सकता है, जैसा कि 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हुआ करता था। मुखर्जी ने चेतावनी दी कि इन उग्रवादियों का पिछले साल रिहा होने के बाद फिर से संगठित होना बेहद चिंताजनक है। इससे न केवल बंगलादेश के अंदर हिंसा का खतरा बढ़ा है, बल्कि भारत के लिए भी सीमा पार से खतरे की आशंका बढ़ गई है। भारतीय अधिकारी इस बात को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं कि बंगलादेशी आतंकवादी समूह पाकिस्तान और पश्चिम एशिया के कट्टरपंथी संगठनों के साथ फिर से संबंध स्थापित कर रहे हैं, जिससे पुराने क्षेत्रीय आतंकवादी नेटवर्क फिर से सक्रिय हो सकते हैं, जिन्हें पिछले वर्षों में काफी हद तक खत्म किया जा चुका था।

# अमेरिकी दबदबे वाली व्यवस्था का अंत हुआ: मार्क कार्नी

## कनाडाई पीएम बोले: पुराना सिस्टम अब वापस नहीं आएगा, टैरिफ को हथियार बनाने का लगाया आरोप

**दावोस।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) में यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है। कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के हिंसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है।

कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है। कार्नी ने कहा कि नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है और सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कार्नी ने कहा कि हाल के वर्षों में आए आर्थिक और राजनीतिक संकटों ने यह दिखा दिया है कि जरूरत से ज्यादा वैश्विक निर्भरता किसी भी देश के लिए खतरनाक हो सकती है। कार्नी ने चेतावनी दी कि अब यह मान लेना गलत है कि सिर्फ पुराने गठबंधन ही सुरक्षा और समृद्धि की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि जब आपसी जुड़ाव ही आपको दूसरे के दबाव में ले आए, तो आप आपसी फायदे के झूठ में नहीं रह सकते। कार्नी ने कहा कि कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे। इसके तहत घरेलू क्षमताएं मजबूत करने और किसी एक देश पर निर्भरता घटाने के लिए व्यापारिक साझेदारों में विविधता लाने पर जोर दिया। कार्नी ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन और संयुक्त राष्ट्र जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं कमजोर पड़ी हैं। ऐसे में देशों को अब खुद अपनी सुरक्षा, ऊर्जा और खाद्य जरूरतों के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि जो देश खुद को खिला नहीं सकता, ऊर्जा नहीं दे सकता और अपनी रक्षा नहीं कर सकता, उसके पास बहुत कम विकल्प होते हैं।

कार्नी ने कहा कि अब यह उम्मीद करना गलत है कि नियमों का पालन करने से सुरक्षा मिल जाएगी। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी मंगलवार को वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की बैठक की संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुनिया ऐसे दौर की ओर बढ़ रही है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून कुचले जा रहे हैं और ताकतवर की ही चल रही है। मैक्रों ने कहा कि ऐसी दुनिया खतरनाक है, जहां अंतर्राष्ट्रीय कानून की कोई अहमियत नहीं रह जाती। जहां ताकतवर देश जो चाहें करते हैं और कमजोर देशों को मजबूरी में सब सहना पड़ता है। उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि उसकी व्यापार नीतियां यूरोप को कमजोर करने और क्षेत्रीय संप्रभुता के खिलाफ काम करी हैं। मैक्रों ने कहा कि आज दुनिया अस्थिर होती जा रही है। सुरक्षा के मामले में भी और अर्थव्यवस्था के मामले में भी। उन्होंने कहा कि 2024 में दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध चल रहे हैं और कई देशों में लोकतंत्र कमजोर होकर तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है।



■ कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ
■ नई हकीकत यह है कि ताकतवर देश अपने हित साधने के लिए आर्थिक रिश्तों का इस्तेमाल दबाव बनाने में कर रहे हैं
■ कनाडा को उस नीति पर चलना होगा, जो सिद्धांतों पर भी टिकी हो और जमीन पर काम भी करे: कार्नी

## डेनमार्क के सांसद बोले: ट्रम्प भाड़ में जाओ

**दावोस।** ग्रीनलैंड को लेकर अमे. रिका की दिलचस्पी बढ़ने पर डेनमार्क के एक सांसद ने बहुत कड़ा बयान दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूरोपीय संसद में डेनमार्क के सांसद एंडर्स विस्तिसेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कहा कि ग्रीनलैंड कोई बिकाऊ चीज नहीं है।

उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड पिछले 800 सालों से डेनमार्क का हिस्सा है। यह बेचने के लिए नहीं है। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसे ऐसे शब्दों में कहूं जो आप समझें, तो मिस्टर प्रेसिडेंट, भाड़ में जाइए। इस पर यूरोपीय संसद के उपाध्यक्ष निक. ोलाए स्टेफानुता ने उन्हें टोकते हुए कहा कि इस तरह की भाषा सदन के नियमों के खिलाफ है। इस बयान अब तक पर ट्रम्प की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दरअसल, ट्रम्प ने पहले फ्रांस की वाइन और शैम्पेन पर 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। यह धमकी उन्होंने इसलिए दी क्योंकि फ्रांस ने अमे. रिका के प्रस्तावित गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने से मना कर दिया था। पिछले कुछ हफ्तों में ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि ग्रीनलैंड पर अमेरिका का कंट्रोल होना चाहिए। उनका कहना है कि आर्कटिक इलाके में रूस और चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए वहां अमे. रिकी सेना की मौजूदगी जरूरी है। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने यूरोप के उन देशों पर भी दबाव बनाया है जो डेनमार्क का समर्थन कर रहे हैं।

■ ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं, ये 800 साल से हमारा हिस्सा

## ट्रम्प बोले: 8 जंग रुकवाई हर एक के लिए नोबेल मिले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक बार फिर नोबेल शांति पुरस्कार को लेकर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अब तक 8 जंग रुकवाए हैं, उन्हें हर जंग रुकवाने के लिए अलग-अलग नोबेल मिलना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि वे बात खुद नहीं कहना चाहते, लेकिन सच यही है। अगर कोई कहता है कि मुझे नोबेल नहीं देने में नार्वे का कोई रोल नहीं है तो यह गलत है। नोबेल वही से दिया जाता है।

इसका फैसला भी वही करते हैं। इससे पहले नार्वे के प्रधानमंत्री जोनस स्टोर ने सोमवार को कहा था कि नोबेल शांति पुरस्कार देने का फैसला नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी करती है। उन्होंने कहा कि यह बात ट्रम्प को भी पहले समझाई जा चुकी है। ट्रम्प ने वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो की भी तारीफ की। उन्हें इस बार शांति का नोबेल दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि मचाडो ने मुझे यह प्राइज पेश किया और कहा कि ट्रम्प इसके ज्यादा हकदार हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि उन्होंने 10 महीनों में भारत और पाकिस्तान समेत आठ युद्ध खत्म करवाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के हालात बेहद गंभीर मोड़ पर थे और हालात परमाणु युद्ध तक जा सकते थे, लेकिन दुनिया एक बड़े यहां तक कि न्यूक्लियर वार से बच गई। अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को रुकवाने का दावा करते हुए ट्रम्प ने कहा कि उन्हें हर युद्ध रुकवाने के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था। अपने दूसरे कार्यकाल के एक साल पूरे होने पर ट्रम्प ने कहा कि उनके फैसलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई और दुनिया बड़े युद्धों से बची। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर अमे. रिका के कई शहरों में उनके खिलाफ प्रदर्शन हुए। एक्टिविस्ट और आम लोग उनकी अलग-अलग नीतियों से नाराज दिखे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ट्रम्प की नीतियों ने दुनिया भर में अमेरिका की सालों से बनी अच्छी छवि और भरोसे को नुकसान पहुंचाया है।



■ इस बार जिसे पुरस्कार मिला, उसे भी पता कि मैं असली हकदार

## पाक रक्षा मंत्री ने फर्जी पिज्जा हट का किया उद्घाटन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया। लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया।

सोशल मीडिया पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया। तस्वीर पाकिस्तान के फर्जी पिज्जा हट आउटलेट की है। इसे गुब्बारों के साथ सजाया गया था। यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा कि रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं। एक अन्य यूजर ने मजाक करते हुए लिखा कि जब पिज्जा हट खुद कह दे, यह हमारी स्लाइस नहीं है। पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर कहा कि सियालकोट कैंटोनमेंट में खुला यह रेस्टोरेंटपिज्जा हट के नाम और ब्रांड का गलत इस्तेमाल कर रहा है।

■ कंपनी बोली: हमारा कोई लेना देना नहीं, सोशल मीडिया पर मजाक बना

# सुनीता विलियम्स 27 साल बाद हुई रिटायर


## दिल्ली में बोलीं: भारत आना घर वापसी जैसा, चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन पति इजाजत नहीं देंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की अमे. रिकी एस्ट्रोनाट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए।

सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरि. कन सेंटर में आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर सेमिनार में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। सभी देश सहयोग के साथ आगे बढ़ें, बिल्कुल अंटार्कटिका माडल की तर्ज पर। सुनीता ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट ले लिया है। इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की। उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी।

सुनीता बोलीं: स्पेस से धरती देखने पर महसूस होता है कि हम सब एक हैं। 60 साल की विलियम्स का आखिरी स्पेस मिशन सिर्फ 10 दिन का था, लेकिन वह साढ़े नौ महीने तक इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर रहीं। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने नासा के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसम्बर 2006 को अंतरिक्ष में गई थीं। सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवाक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है। वह अंतरिक्ष में पहली बार मैराथन दौड़ने वाली यात्री भी बनीं। भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के एनडीटीवी के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, श्मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा। क्या स्पेस ट्रैवल ने उनकी जिंदगी के नजरिए को बदला है, तो उन्होंने कहा-हां, बिल्कुल। जब आप धरती को स्पेस से देखते हैं, तो महसूस होता है कि हम सब एक हैं और हमें ज्यादा करीब से मिलकर काम करना चाहिए। अंतरिक्ष में फैले कचरे पररू पिछले एक दशक में यह एक बड़ी चुनौती बन गई है और इसे मैनेज करने के लिए नई टेक्नोलाजी की जरूरत है।

■ इसकी घोषणा नासा ने 20 जनवरी को की, उनकी रिटायरमेंट 27 दिसम्बर 2025 से लागू होगी



## शिंजो आबे को गोली मारने वाले अपराधी को आजीवन कारावास

**टोक्या।** जापान की अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की गोली मारकर हत्या करने वाले शख्स को उम्रकैद की सजा सुनाई है। शिंजो आबे की हत्या करने की बात इस शख्स ने कबूल की थी। इस मामले ने जापान की सत्तारूढ़ पार्टी और एक विवादास्पद दक्षिण कोरियाई चर्च के बीच दशकों पुराने घनिष्ठ संबंधों को उजागर किया है। जापान के सबसे प्रभावशाली राजनेताओं में शामिल शिंजो आबे प्रधानमंत्री पद छोड़ने के बाद एक नियमित सांसद के रूप में कार्यरत थे। इसी दौरान 2022 में पश्चिमी शहर नारा में चुनाव प्रचार के दौरान उनकी हत्या कर दी गई। इस घटना ने सख्त बंदूक नियंत्रण वाले देश को स्तब्ध कर दिया। 45 वर्षीय तेत्सुया यामागामी ने अक्टूबर में शुरू हुए मुकदमे में हत्या का अपराध स्वीकार कर लिया था। अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा का एलान किया। शूटर ने कहा कि वह एक विवादास्पद चर्च के प्रति नफरत से प्रेरित था।

# दक्षिण कोरिया के पूर्व पीएम को 23 साल की सजा

## अदालत ने मार्शल लॉ लगाने को करार दिया विद्रोह

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक-योल की ओर से देश में मार्शल ला लगाने को संविधान के खिलाफ विद्रोह करार दिया। इसी के साथ अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति के करीबी सहयोगी और पूर्व प्रधानमंत्री हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई।

यह फैसला यून प्रशासन से जुड़े विद्रोह के मामलों में पहला बड़ा दोषसिद्धि फैसला माना जा रहा है। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने बुधवार को दिए गए फैसले में कहा कि यून सुक-योल का मार्शल ला आदेश एक तरह का 'खुद का तख्तापलट' था, जिसका मकसद संवैधानिक व्यवस्था को कमजोर करना था। अदालत ने संसद और चुनाव कार्यालयों में सेना व पुलिस की तैनाती को गंभीर अस्थिरता फैलाने वाला कदम बताया। अदालत के अनुसार, तत्कालीन प्रधानमंत्री हान डक-सू ने मंत्री परिषद की बैठक के जरिए मार्शल ला आदेश को प्रक्रियात्मक वैधता देने की कोशिश की और इस तरह विद्रोह में अहम भूमिका निभाई। उन्हें मार्शल ला घोषणा में हेरफेर, दस्तावेज नष्ट करने और शपथ के तहत झूठ बोलने का भी दोषी ठहराया गया। अदालत के फैसले में कहा गया कि हान ने संविधान की रक्षा करने के अपने कर्तव्य की अनदेखी की और यह मानते हुए विद्रोह का हिस्सा बने कि यह सफल हो सकता है। अदालत ने चेतावनी दी कि ऐसे कृत्यों से देश एक बार फिर उस दौर में लौट सकता था, जहां नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचला जाता है। सजा सुनाए जाने के बाद हान डक-सू को तुरंत जेल भेज दिया गया। इससे पहले वे हिरासत में नहीं थे। गौरतलब है कि स्वतंत्र अभियोजक ने उनके लिए 15 साल की सजा मांगी थी, ऐसे में 23 साल की सजा को अप्रत्याशित माना जा रहा है। हान इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। यह फैसला राष्ट्रपति यून सुक-योल के खिलाफ चल रहे मामलों के लिए भी अहम माना जा रहा है। यून पर विद्रोह का मास्टरमाइंड होने का आरोप है और उनके खिलाफ स्वतंत्र अभियोजक मृत्युदंड तक की मांग कर चुके हैं। उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है।



■ उनके विद्रोह मामले पर 19 फरवरी को फैसला आने की संभावना है

## नेपाल में सुशीला कार्की की सरकार से चार मंत्रियों का इस्तीफा

**काठमांडा।** नेपाल में आगामी आम चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अगुवाई वाली सरकार के चार मंत्रियों ने चुनाव लड़ने के लिए अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए इन सभी ने अपना नामांकन दाखिल किया है। विज्ञान और शिक्षा मंत्री महाबीर पुन ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देने के बाद म्याग्दी जिले से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सोमवार को संचार मंत्री जगदीश खरेल और खेल मंत्री बबलू गुप्ता ने भी मंत्री पद छोड़कर प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ने का फैसला किया था।

